डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 15, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 06 जून 2024, वर्ष-30, अंक-228, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई./61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पर्यावरण दिवस

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



**अशक्यं प्रकृतेः ऋते जीवनम्।**

*प्रकृति के बिना जीवन संभव नहीं है। अतः सब प्रकार से प्रकृति की रक्षा करें।*

*अगर प्रदूषण जो इतना फैलाएंगे,*
*तो आपदाओं से कैसे बच पाएंगे।*
*कुछ नहीं होगा केवल दिवस मनाने से,*
*पर्यावरण शुद्ध और स्वच्छ होगा पेड़ लगाने से।*



पेड़-पौधों की हरियाली इसमें छुपी है खुशहाली
पेड़-पौधों को जो इस तरह करोगे नष्ट
ऑक्सीजन कम मिलेगा, सांसे लेने में होगा कष्ट
स्वास्थ्य की बढ़ेगी समस्या।



**माता भूमि पुत्रोहं पृथिव्या**

*पृथ्वी मेरी माता है, और मैं उसका संतान हूं इसलिए इसकी रक्षा हमारा कर्तव्य है ।*

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,382.24 | +2,303.20 |
| डॉलर | 83.388 | -0.200 |

**पलामू सर्राफा**

| | | |
|---|---|---|
| 10 ग्राम | 72,500 | (सोना) |
| 01 किलो | 90,420 | (चांदी) |

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

# एनडीए की बैठक में नेता चुने गए मोदी, आठ को लेंगे शपथ



■ 6 दशक के बाद जनता ने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सशक्त नेतृत्व को चुना

■ बैठक में बिहार के सीएम नीतीश, चंद्रबाबू नायडू सहित सभी प्रमुख नेता शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री आवास पर बुधवार को हुई एनडीए की बैठक में सभी दलों ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुन लिया है। वहीं सूत्रों ने बताया कि आठ जून को एनडीए- 3 सरकार का शपथ ग्रहण कार्यक्रम होगा। इधर पीएम आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर हुई बैठक में एनडीए नेताओं ने प्रस्ताव पारित कर कहा, भारत के 140 करोड़ देशवासियों ने पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से देश को हर क्षेत्र में विकसित होते देखा है। बहुत लंबे अंतराल, लगभग 6 दशक के बाद भारत की जनता ने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सशक्त नेतृत्व ›› शेष पृष्ठ 11 पर

### सात को चुने जाएंगे भाजपा संसदीय दल के नेता

बताया गया कि 7 जून को भाजपा संसदीय दल की बैठक में भाजपा के सभी सांसद मिलकर नरेंद्र मोदी को पार्टी के संसदीय दल के नेता के तौर पर चुनेंगे। इसके बाद एनडीए के सभी सांसदों की बैठक होगी, जिसमें नरेंद्र मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुना जाएगा। इसके अगले दिन 8 जून को नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे।

### राष्ट्रपति ने तत्काल प्रभाव से भंग की 17वीं लोकसभा

**नई दिल्ली।** 17वीं लोकसभा को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की सलाह पर यह निर्णय लिया। बुधवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में राष्ट्रपति को 17वीं लोकसभा को तत्काल प्रभाव से भंग करने की सलाह दी गई थी। इस संबंध में राष्ट्रपति भवन ने आधिकारिक जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रपति ने 5 जून 2024 को ›› शेष पृष्ठ 11 पर

## सरकार ने बहुत अच्छा काम किया, आगे और बेहतर काम करेंगे : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक में अपने मंत्रियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा है कि सरकार ने पिछले 10 वर्षों में बहुत अच्छा काम किया, आगे और बेहतर काम करेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को पीएम आवास में मंत्रिपरिषद की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति में उतार-चढ़ाव तो आता रहता है, संख्या का खेल चलता रहता है। लेकिन, सरकार ने पिछले 10 वर्षों में बहुत अच्छा काम किया है, देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण काम किए, जिसके कारण भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवें नंबर की बड़ी अर्थव्यवस्था बनी और एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में हम देशहित में और भी बेहतर काम करके दिखाएंगे। विपक्षी दलों के दावे को नकारते हुए पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए की जीत हुई है। लेकिन, दूसरे लोग उछल रहे हैं। इससे पहले बुधवार को ही प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में पीएम आवास पर हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में वर्तमान लोकसभा (17वीं लोकसभा) को भंग करने की सिफारिश को मंजूरी दी गई थी।

### राष्ट्रपति को सौंपा मंत्रिपरिषद का इस्तीफा



कैबिनेट और मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और राष्ट्रपति को अपना और अपने मंत्रिपरिषद का इस्तीफा सौंपा। राष्ट्रपति मुर्मू ने पीएम मोदी का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और नई सरकार के कार्यभार संभालने तक उनसे पद पर बने रहने का अनुरोध किया है। राष्ट्रपति भवन की तरफ से बयान जारी कर इसकी सूचना दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ही उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात की है। मुलाकात के दौरान उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी को गुलदस्ता भेंट किया और मिठाई खिलाई। प्रधानमंत्री को भेंट किए गए गुलदस्ते में 3 कमल के फूल थे, जो उनके लगातार तीसरे कार्यकाल का प्रतीक थे।

## एक नजर

### दूषित पर्यावरण के कारण अनेक समस्याएं हो रही : डा. प्रवीण सिद्धार्थ

**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब ऑफ मेदनीनगर के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर बुधवार को पर्यावरण की रक्षा के लिए सर्किट हाउस के बाहर 11 पौधा व पक्षियों के लिए प्याऊ लगाया गया। ार्यक्रम का आयोजन स्थानीय निर्मला मल्टी ›› शेष पृष्ठ 11 पर

## आज | कल




## उन दलों का स्वागत है, जो संविधान की प्रस्तावना में विश्वास रखते हैं : खरगे



**नई दिल्ली।** बहुमत से दूर रह गया इंडिया गठबंधन अब अन्य राजनीतिक दलों का स्वागत करने को तैयार है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का कहना है कि इंडिया गठबंधन उन सभी राजनीतिक दलों का स्वागत करता है जो भारत के संविधान की प्रस्तावना में अटूट विश्वास रखते हैं। इंडिया गठबंधन के घटक दलों की बैठक बुधवार शाम कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई। इसी बैठक के दौरान खरगे ने सहयोगी दलों से कहा, मैं इंडिया गठबंधन के सभी साथियों का स्वागत करता हूं। हम एक साथ लड़े, तालमेल से लड़े और पूरी ›› शेष पृष्ठ 11 पर

**सांसद ने जीत पर आम जनता को दी बधाई**

## आरओबी का निर्माण करना पहली प्राथमिकता : वीडी राम

*राणा अरुण सिंह*

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय सीट से नवनिर्वाचित सांसद बीडी राम ने बुधवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए अपनी जीत के लिए आम जनता को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह जीत उन लोगों की जीत है, जिन्होंने बिना सामने आए हमारी मदद की। भाजपा की नीति और प्राथमिकता से जुड़े। वह उनका दिल से आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि वह पूरी निष्ठा व विश्वास के साथ जनता के बीच रहकर संसदीय क्षेत्र की उन्नति के लिए काम करते रहेंगे। जनता ने उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है उसका निर्वाह वे पूरी निष्ठा के साथ करेंगे। पलामू के भाजपा कार्यकर्ता जी-तोड़ मेहनत कर उन्हें जिताने का काम किया है। वह उन कर्तव्यनिष्ठ तमाम लोगों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि उनके विश्वास पर खरा उतरेंगे। जो भी समस्याएं होगी, उसका नियम संगत निराकरण करने का प्रयास करेंगे। साथ ही उसे सदन में उठाकर उसे दूर करूंगा। जनता ने मुझे सेवा का मौका दिया है उसे मैं अपना सौभाग्य समझता हूं और जनता के विश्वास पर हमेशा खरा उतरूंगा यह भरोसा दिलाता हूं। नवनिर्वाचित सांसद ने एक सवाल के जवाब में कहा कि चेड़ावार पुल को शुरू करना उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए आरओबी का निर्माण भी प्रस्तावित है। इस दिशा में प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि कई समस्या है जिसका समाधान उन्हें करना है। उन्होंने कहा ›› शेष पृष्ठ 11 पर



## इंडिया

# राष्ट्र प्रथम, पहचान प्रथम और वर्चस्व प्रथम की राजनीतिक लड़ाई



**सुनील बादल**

*वर्तमान में अनिवार्यता है गठबंधन सरकार चलाना जो एक कठिन काम है और संतुलन ही इसकी कुंजी है। अटल बिहारी वाजपेयी, जिनसे मोदी को राजनीतिक विरासत मिली, गठबंधन सरकार चलाने के लिए विनम्र धारा के नेता थे।*

सभारत में हर महत्वाकांक्षी व्यक्ति राजनीति में आना चाहता है। किसी के लिए यह राष्ट्रधर्म है तो किसी के लिए अपनी जात या धर्म सबसे ऊपर है तो कोई अपना काला धंधा छिपाने के लिए या अपने परिवार का वर्चस्व बनाए रखने के लिए रणनीति को साधन बनाना चाहता है। मोटे तौर पर इन तीन खेमों में बंटी भारतीय राजनीति के इन तीन विचारधाराओं से एक चौथी धारा भी निकली है जो प्रगतिशील, बौद्धिक, तटस्थ या कुछ हद तक भ्रमित भी है जो किताबी ज्ञान के आधार पर भाषण और बातें बहुत अच्छी करने वालों की है पर ये सुविधाभोगी भी है जो वोट देने की अनिवार्यता नहीं मानता या नोटा में वोट करता है। भारत ताजा चुनाव परिणामों के बाद एक मोड़ पर खड़ा है जहां जाति,हिंसा और भय बनाकर आश्रय देने वाले या छोटे मोटे मुफ्त जैसी रेवड़ियां बांटने वाले से लेकर अपनी जाति धर्म और वर्चस्व को देश से ऊपर रखने वाले लोग भी हैं तो कट्टर ईमानदारी या भारतीय बहुसंख्यक धर्म को संरक्षण देने वाले भी। भारत वैश्विक आंकड़ों में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहे या रैंकिंग सुधार कर अमेरिका से आगे निकल जाए इससे आगे हमारी पहचान, वर्चस्व और स्थानीय मुद्दे जिनपर क्षेत्रीय पार्टियों का अस्तित्व टिका है महत्वपूर्ण है ।भाजपा को सबसे बड़ी पार्टी के रूप में वोट दिया गया है, लेकिन वह अपने बल पर 272 के जादुई आंकड़े को पार करने में विफल रही है। केंद्र में सरकार चलाने के लिए उसे एनडीए के घटकों के समर्थन की आवश्यकता होगी। नरेंद्र मोदी के लिए यह पहला मौका होगा, क्योंकि गुजरात में अपना पहला विधानसभा चुनाव जीतने के बाद से उन्हें कभी किसी सहारे की जरूरत नहीं पड़ी।

वर्तमान में अनिवार्यता है गठबंधन सरकार चलाना जो एक कठिन काम है और संतुलन ही इसकी कुंजी है। अटल बिहारी वाजपेयी, जिनसे मोदी को राजनीतिक विरासत मिली, गठबंधन सरकार चलाने के लिए विनम्र धारा के नेता थे। वाजपेयी की अनूठी



शैली और ममता के किस्से बहुत हैं पर देश ने 32 साल गठबंधन सरकार देखी है। इसके विपरीत, इसने 31 साल तक बहुमत वाली सरकार देखी है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तहत 10 साल शामिल हैं। स्वतंत्र भारत में पहली बार 1977 में आपातकाल के ठीक बाद पार्टियों ने केंद्र में गठबंधन सरकार बनाई थी।भाजपा के पूर्ववर्ती भारतीय जनसंघ सहित ग्यारह दलों ने मिलकर जनता सरकार बनाई। यह विविधरंगी गठबंधन 1979 तक चला। इंदिरा गांधी ने 23 दिन बाद ही चरण सिंह को सत्ता से हटा दिया था। इंदिरा जी हत्या के सहानुभूति वोट से 1984 के ऐतिहासिक जनादेश के बाद गठबंधन के 25 साल कांग्रेस के लिए शिखर था। पार्टी की सीटें उसके बाद से लगातार गिरती चली गईं। 2004 से 2014 तक यूपीए कऔर यूपीए क्कदोनों में कांग्रेस ने गठबंधन सरकारें चलाईं। 25 साल के लंबे अंतराल के बाद 2014 में ही किसी एक पार्टी को लोकसभा में बहुमत मिला। एनडीए सहयोगियों के चुनाव पूर्व गठबंधन का नेतृत्व करने वाली भाजपा ने 2014 में नरेंद्र मोदी की लहर पर सवार होकर 282 सीटें जीतीं और 272 का जादुई आंकड़ा पार किया। पांच साल की सत्ता विरोधी लहर के बावजूद, भाजपा 2019 में 303 सीटें जीतकर अपने दम पर सत्ता में लौटी।गठबंधन बचाने के लिए कोलकाता गए पीएम वाजपेयी पर पूर्व राजनयिक पवन के वर्मा ने वाजपेयी की मृत्यु के बाद 2018 में टाइम्स ऑफ इंडिया में लिखा, 'वहां पहुंचने के बाद, उन्होंने ज्यादातर समय ममता की माँ से बात करने, उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछने और यह बताने में बिताया कि उनकी बहुत प्रतिभाशाली बेटी कभी-कभी ज़िद्दी हो जाती है, एक आकलन जिससे बुजुर्ग महिला पूरी तरह सहमत थीं।'

कोलकाता में उनके अर्ध-पक्के घर में वाजपेयी के जाने से ममता को राहत मिली, उन्होंने संदेश दिया कि वे एनडीए की अमूल्य सदस्य हैं। उन्हें यह भी एहसास हुआ कि वाजपेयी सिर्फ. कैबिनेट के मुखिया की तरह नहीं बल्कि पिता की तरह काम करते हैं। वाजपेयी ने 'गठबंधन धर्म' शब्द गढ़ा, जिसका अर्थ है गठबंधन सहयोगियों को उचित सम्मान देना।

सितंबर 2020 में किसानों के आंदोलन के बीच अकाली दल अलग हो गया, जबकि अक्टूबर 2019 में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद को लेकर हुए विवाद के बाद उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना अलग हो गई। 2024 में कहानी बहुत अलग है। विपक्षी भारत ब्लॉक, जिसमें कांग्रेस एक प्रमुख घटक है, का मुकाबला करने के लिए भाजपा ने दो दर्जन से अधिक दलों को एक साथ लाया। चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार, क्रमशः 16 और 12 सीटों के साथ, भाजपा के लिए केंद्र में सरकार बनाने और उसे जारी रखने के लिए महत्वपूर्ण हो गए हैं। फिर चिराग पासवान जैसे अन्य सहयोगी हैं, जो उन चार-पांच सीटों को ला रहे हैं जो एनडीए के लिए 295 सीटें बनाती हैं। इन गठबंधन सहयोगियों को अच्छे मूड में रखने की आवश्यकता होगी, जिन्हें वाजपेयी के स्पर्श की आवश्यकता होगी। भारतीय राजनीति में गठबंधन की राजनीति लौट आई है, और संभवतः इसके बाद 'गठबंधन धर्म' भी लौट आएगा।

## बाली रिसोर्ट में बंधक बना बांग्लादेशी लड़कियों से कराया जा रहा था जिस्मफरोशी

● एक ने पुलिस को सूचना दे कर लगाई मदद की गुहार, पुलिस ने तीनों को किया रेस्क्यू

● फर्जी आधारकार्ड, मोबाइल व एक आई फोन जब्त, तार काट बोर्डर क्रास कराया गया था

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बंबू स्पा से जिस्मफरोशी के आरोप में तीन विदेशी सहित कई लड़कियों की गिरफ्तारी के एक सप्ताह के अंदर ही बरियातू के हिल व्यू रोड स्थित ब्यूटी पार्लर सह होटल बाली रिसोर्ट से बुधवार को पुलिस ने तीन बांग्लादेशी लड़कियों का रेस्क्यू किया है। बताया जा रहा है कि होटल में लड़कियों को बंधक बना रखा गया था और उनसे जबरन देह व्यापार कराया जा रहा था। बुधवार सुबह इन लड़कियों में से एक ने किसी तरह होटल से निकल रांची एसएसपी को सूचना देकर अपने स्थिति से अवगत कराया। इसके बाद बरियातू थाना पुलिस ने छापेमारी कर तीनों लड़कियों को मुक्त कराया। बरियातू थाना की जांच में पता चला कि तीनों लड़कियों को अवैध रूप से भारत में प्रवेश कराया गया था। वहां से उन्हें किसी ने रांची लाया। इसी दौरान उनके आधारकार्ड बनवाए गए। पुलिस कस्टडी में ली गई तीनों लड़कियों के नाम निम्पी बरुआ (21), सरमीन अख्तर (20), निपा अख्तर उर्फ खुशी (21) है। वहीं भारत में बनाये गये आधार कार्ड में इनका नाम पायल दास, अनिका दत्ता और खुशी नाम लिखा है। तीनों बांग्लादेश के चटगांव की रहने वाली हैं। इनके पास से फर्जी आधार कार्ड के अतिरिक्त तीन मोबाइल और एक आईफोन बरामद हुआ है। लड़कियों ने बताया कि तीनों को रात के ›› शेष पृष्ठ 11 पर

> बंधक बनाकर रखी गई लड़कियों में एक लड़की ने चोरी छुपे पुलिस को सूचना दी थी। इसके बाद एसएसपी के नेतृत्व में एक टीम बनाकर छापेमारी की गई तो पता चला कि वहां तीन लड़की ओर है जो बंगलादेश से यहां लायी गई हैं। उन लड़कियों को यहां किसने लाया इन बातों की जांच-पड़ताल की जा रही है।
>
> **एसपी राजकुमार मेहता**



खुल गया | खुल गया | खुल गया
नीलकमल फर्नीचर
मेसर्स विनय इंटरप्राइजेज
गायत्री मंदिर रोड, सुदना
प्रो. अभिषेक कुमार
नीलकमल के अधिकृत विक्रेता सभी तरह के | फर्नीचर के लिए एक बार जरूर पधारें
दीवान, सोफा, आलमीरा, स्कूल फर्नीचर, प्लास्टिक की कुर्सी, टेबल व सभी सामानों के सेट उपलब्ध
8789497720 | 9199963588


# एनडीए की जीत पर आजसू व भाजपा ने मनाया जश्न





**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** एनडीए की जीत पर भाजपा व आजसू पार्टी ने हरिहरगंज में जश्न मनाया। भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को तीसरी बार सांसद बनने पर हरिहरगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे के अबीर-गुलाल लगाकर, पटाखे फोड़कर व मिठाई बांट कर अपनी खुशी का इजहार किया। आजसू पार्टी ने गिरिडीह से चंद्रप्रकाश चौधरी व पलामू से वीडी राम के जीत पर भगत तेंदुआ में आजसू कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। मौके पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम की लगातार तीसरी जीत से कार्यकर्ता उत्साहित हैं। वहीं आजसू के जिला सचिव सह पिपरा प्रभारी जितेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि एनडीए की जीत से सभी कार्यकर्ता काफी खुश हैं। मौके पर आजसू के जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा, प्रखंड अध्यक्ष अजीत सिंह, रंजीत गुप्ता, इरशाद आलम, इस्तेखार आलम के अलावे टंटू मिश्रा, अवधेश मेहता, विजय प्रजापति, दिनेश पासवान, विकाश, रवि, विनोद, मुकेश, राजू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## स्वस्थ्य व निरोग रहने के लिए योग बेहद जरूरी : संतोष



**नीलांबर पीतांबरपुर।** पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में गोपालगंज महावीर मंदिर परिसर में पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। समापन समारोह में योग शिक्षक संतोष प्रसाद ने उपस्थित लोगों को अनुलोम-विलोम, कपालभाति,भस्त्रिका एवं सूर्य नमस्कार आदि प्राणायाम व आसनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही योग एवं योगसनों की विधि एवं उससे होने वाले फायदों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि आज के बदलते परिवेश में स्वस्थ एवं निरोग रहने के लिए हम सभी को नियमित योगाभ्यास करना बेहद जरूरी है। हमारा शरीर आये दिन के तनाव एवं गलत जीवन शैली की वजह से टॉक्सिन इकठ्ठा करते रहता है। शरीर के अनचाहे विषाक्त पदार्थों को बाहर निकलने में योगाभ्यास हमारी मदद करता है। योगाभ्यास के माध्यम से हम असाध्य बीमारियों से भी छुटकारा पा सकते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को अपने दिनचर्या में योगाभ्यास को शामिल करने संकल्प दिलाया। जिससे लोग निरोग रहकर स्वास्थ्य लाभ ले सकें। इस अवसर पर गोपालगंज गांव में नियमित योग कक्षा संचालित हो इसके लिए विद्या देवी को जिम्मेवारी दी गई। कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के अध्यक्ष मंदीप श्रीवास्तव, राजेन्द्र प्रसाद, मंजीत सोनी सहित कई महिलाएं शामिल थी।

### अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जपला पथरा मुख्य सड़क पर अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त किया है। पुलिस की रात्रि गस्ती दौरान अवैध बालू लेकर आ रहे ट्रैक्टर को पुलिस ने तिवारी बिगहा गांव के समीप से जब्त किया है। बताया जाता है कि ट्रैक्टर पथरा नदी से बालू उठाकर हुसैनाबाद की ओर आ रहा था। इसी क्रम में पुलिस ने उसे पकड़कर ट्रैक्टर को थाना में लगा कर उसके विरुद्ध अग्रेतर कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को भेज दिया है।

## न्यूज बॉक्स

### ग्लोबल वार्मिंग पूरे देश में चिंता का विषय : प्रमुख



**नौडीहा बाजार।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रखंड परिसर में बुधवार को प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मौके पर उन्होंने ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग पूरे देश में चिंता का विषय बन गई। जीव जंतु खतरे में है। पलामू इलाके से कई उदाहरण समाने आ रहे हैं व दिन प्रतिदिन स्थिति काफी चिंतजानक होती जा रही है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण आज पेड़ पौधे की 1372 प्रजातीया व 37 फीसदी जीव जंतु खतरे में हैं। इसे बचाने के लिए एकजुटता के साथ काम करने की जरूरत है। दौरान लोगों को पर्यावरण बचाने की शपथ दिलाई गई। मौके पर पंचायत समिति सदस्य विनेश विश्वकर्मा, अरुण कुमार शिक्षक, बिट्टू सिंह, लल्लू, प्रखंड कर्मी विनोद कुमार रवि समेत अन्य मौजूद थे।

### वीडी राम को भाजपा नेताओं ने दी जीत की बधाई



**विश्रामपुर।** पलामू लोक सभा क्षेत्र से जीत की हैट्रिक लगाने वाले सांसद विष्णु दयाल राम को भाजपा नेताओं कार्यक्रताओं ने बधाई दी है। सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय के नेतृत्व में कई नेताओं-कार्यक्रताओं ने नवनिर्वाचित सांसद से मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हे बधाई दी। अनुज पांडेय ने कहा कि वी डी राम की यह तीसरी जीत ऐतिहासिक है। पलामू लोस की जनता ने उन पर भरोसा व क्षेत्र के विकास की सराहते हुए उन्हे अपन समर्थन व आशीर्वाद दिया। बधाई देने वालों में वरीय भाजपा नेता शिवबंश मिश्रा, मणिभूषण पांडेय, विकाश चौबे उर्फ मिंटू चौबे सहित कई लोगों के नाम शामिल है।

### चेक डैम में डूबने से बच्चे की मौत

**छतरपुर।** थाना क्षेत्र के कऊवल पंचायत के टोला बिहड़ के रहने वाले मंजय कुमार यादव के नौ वर्षीय पुत्र अंकुश कुमार को बगैया स्थित चेक डैम में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अंकुश के दादी अपने बहन के घर अपने पति रामचंद्र यादव के साथ गए थे। इसी क्रम में अंकुश उनके पीछे-पीछे चल गया जिस की जानकारी उन्हें नहीं थी। वहां जाने के क्रम में रास्ते में पड़ने वाले एक चेक डैम में बच्चों को नहाते देखकर अंकुश भी नहाने लगा। जिसमें डूबने की वजह से उसकी मौत हो गई। वहीं एक अन्य लड़का भी पानी में डूबता जा रहा था। जिसे सही समय पर स्थानीय लोगों द्वारा बचा लिया गया। घटना की जानकारी छतरपुर पुलिस को देते हुए उसके परिजनों ने अपने निजी वाहन से अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छतरपुर पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रेतर करवाई में जुट गई। साथ ही शव को अंत्यपरीक्षण के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेजा गया। परिजनों ने बताया कि यह चेक डैम मौत का कहर बन चुका है। इसके पूर्व में भी इस चेक डैम में कई बच्चों को डूबने की वजह से मौत हो गई है।

### पर्यावरण हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा : थाना प्रभारी



**पाटन।** प्रखंड के नावाजयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडे ने विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर अपने थाना परिसर में फलदार दो दर्जन से अधिक पौधारोपण किया। थाना प्रभारी ने बताया कि पर्यावरण हमारे जीवन का एक महत्व हिस्सा है। जिन्हें हमें संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है। आज के बढ़ती प्रवेश में पर्यावरण पूरी तरह से दूषित होते हुए नजर आ रहा है। जिससे आए दिन हमें अधिक तापमान का सामना करना पड़ता है इसलिए अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाए और इस पर्यावरण को बचाने में अपना भागीदारी निभाएं। इस मौके पर थाना एसआई एसडी राम, एएसआई रविंद्र कुमार समते थाने के चौकीदार एवं कई पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

### पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाएं : पंचम प्रसाद

**पांकी।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में बुधवार की विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, जिला परिषद सदस्य खुशबू कुमारी ने पौधारोपण कर इसकी शुरूआत की। इसके बाद प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कर्मियों द्वारा दर्जनों स्थानों में पौधारोपण किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख ने कहा कि पूरा विश्व पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस मना रहा है। इस दिन सभी को पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाने का प्रण लेते हुए कम से कम पांच पौधा प्रति व्यक्ति अवश्य लगाना चाहिए ताकि पर्यावरण संतुलित रहे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ पेड़ों की अंधाधुंध कटाई होने से गर्मी की मार झेलनी पड़ रही है। जिला परिषद सदस्य खुशबु कुमारी ने कहा कि पूरा विश्व पर्यावरण संरक्षण को लेकर चिंतित है। पर्यावरण असंतुलित होने के कारण भीषण गर्मी पड़ रही है। मानसून भी प्रभावित हो रहा है। इस वजह से सुखाड़ व अकाल का सामना करना पड़ रहा है। यदि अभी से ही नहीं चेत तो आने वाले दिनों में और विकट स्थिति उत्पन्न होगी। इसलिए सभी को विश्व पर्यावरण दिवस का अवसर पर अधिक से अधिक पौधा लगाने व उसे बचाने का संकल्प लेना होगा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सुनील कुमार चौहान, समाजसेवी रफीक अंसारी, प्रखंड कर्मी किरण कुमारी,अमित कुमार,श्रवण रजक, मणि कुमार, रणजीत सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल, दो रेफर

**हुसैनाबाद।** जपला छतरपुर मुख्य सड़क के गम्हरिया गांव के समीप सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल तीनों घायलों को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गम्हरिया गांव निवासी गुड्डू यादव, अमही गांव निवासी दौलत कुमार की गंभीर स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच रेफर कर दिया। दीपक कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया।

### आर्म्स एक्ट का फरार अरोपी गिरफ्तार



**पाटन।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आर्म्स एक्ट के फरार आरोपी राहुल कुमार को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि राहुल कुमार पाटन थाना अंतर्गत आर्म्स एक्ट के वांछित अभियुक्त था। पुलिस उसके घर कोल्हुआ से गिरफ्तार की है।

### मुखिया ने पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण



**पाटन।** पाटन के किशुनपुर पंचायत के मुखिया सुमन गुप्ता ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को पौधारोपण किया। मौके पर मुखिया ने किशुनपुर के विभिन्न जगहों पर एक-एक पौधा लगा कर पर्यावरण संरक्षण को संतुलित रखने का संकल्प लिया। मौके पर मुखिया ने कहा कि वातावरण को शुद्ध रखने के लिए पौधा लगाना आवश्यक है। पौधे से शुद्ध हवा ऑक्सीजन मिलता है। पेड़ पौधे लगाने से मृदा संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। भीषम गर्मी मे लोग पेड़ का सहारा लेते है। आजकल के युग मे पेड़ पौधा लगाना अति आवश्यक हो गया है। मौके पर मुखिया पति श्रीकांत संतोष मौजूद थे।

## फास्ट फूड की दुकान से भारी मात्रा में शराब बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** पुलिस ने छापामारी कर शराब बरामद की। पुलिस ने जपला रोड स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान के बगल में भोला फास्ट फूड दुकान से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। शराब फ्रीज व अन्य जगहों पर छिपाकर रखी गयी थी। इस मामले में खाटिन गांव के प्रदीप कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। यह जानकारी थाना प्रभारी राजेश रंजन ने दी। उन्होंने बताया कि मंगलवारी हाट के नाम पर शराब बेचने वालों पर भी लगाम लगाने की कोशिश की जा रही है। बता दें कि छतरपुर थाना के करीब आठ सौ मीटर के रेडियस में कई स्थानों व होटलों में, पान गुमटी और अन्य दुकानों में अवैध शराब से लेकर चरस और गांजा तक बेचा जाता है। हर शाम और रात में यहां युवकों का जमावड़ा रहता है। पुलिस सूत्रों के अनुसार फास्ट फूड दुकान के फ्रीज में स्टर्लिंग रिजर्व (750 एमएल) 5 पीस, स्टर्लिंग रिजर्व (375एमएल) 06 पीस, स्टर्लिंग रिजर्व (180 एमएल) 15 पीस, रॉयल स्टैग (375 एमएल) 06 पीस, रॉयल स्टैग (180 एमएल) 09 पीस बरामद किया है।

## पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण संतुलन बिगड़ा : संतोष

### विश्व पर्यावरण दिवस पर संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में पौधारोपण



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रेहला बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज वाटिका में पौधारोपण किया गया। प्राचार्य संतोष मिश्रा व राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश कुमार शुक्ला ने दर्जनों औषधीय व फलदार पौधा लगाकर पौधारोपण की शुरूआत की। साथ में कॉलेज कर्मी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भी पौधारोपण किया। प्राचार्य संतोष मिश्रा ने कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण संतुलन बिगड़ गया है। प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन से वातावरण दूषित व जल स्तर प्रभावित हुआ है। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण बेहद जरूरी है। उन्होंने सभी लोगों से अपने जीवन में काम से काम 10 पौधा लगाने का आग्रह किया। राकेश कुमार शुक्ला ने भी पर्यावरण संरक्षण के बारे में लोगों को कार्य करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर डॉ श्याम मिश्रा, कृष्ण कुमार चौबे, रंजन दुबे, संतोष कुमार शुक्ला, ज्योति कुमारी, आशा कुमारी, शबनम निशा, अमीना खातून, बिंदा कुमारी, रामजी चौबे, अजय ओझा, अमित कुमार, देव प्रकाश पांडेय, सुधीर यादव, अनुज कुमार, नरेंद्र मिश्रा, रामेश्वर राम, दिनेश शाह, राम बिहारी, सुनील कुमार, आशीष पांडेय, जितेंद्र पाठक, अनमोल कुमार, चंदन कुमार सिंह, अजीत कुमार रवि, गुड्डू कुमार शर्मा मौजूद थे।

### पौधरोपण कर पुलिस कर्मियों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**नीलांबर पीतांबरपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर थाना परिसर में बुधवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर पुलिस कर्मियों ने दर्जनों फलदार व छायादार पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए पौधारोपण बेहद जरूरी है। पौधों की अंधाधुंध कटाई की वजह से वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ती जा रही है। जिससे मौसम में भी कई तरह के उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। पर्यावरण असंतुलन से ही हमें कई तरह के प्राकृतिक आपदाओं से भी जूझना पड़ रहा है। इसके रोकथाम के लिए सभी को प्रत्येक वर्ष पांच-पांच पौधा लगाने व उसके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। मौके पर एसआई प्रदीप कुमार, एएसआई अजय यादव, राजू पासवान, सुरेंद्र कुमार, रंजीत कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

**कार्यक्रम** रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड मनायेगा पर्यावरण सप्ताह

## सामूहिक प्रयास से होगा पर्यावरण का संरक्षण और संवर्धन : हितेंद्र अवस्थी




**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण सप्ताह मनायेगा। बुधवार को इसकी शुरूआत की गई। इस दौरान संस्थान के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में कई कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। पर्यावरण सप्ताह के पहले दिन जागरूकता रैली,पौधा रोपण,पौधा वितरण सहित कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से कर्मचारियों, बच्चों, महिलाओ और आम लोगों को पर्यावरण संरक्षणव इसके सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि यह बेहद जरूरी है कि पेड़ पौधों, जंगलों, नदियों, झीलों, भूमि, पहाड़ सहित सभी प्राकृतिक संसाधनों के महत्व को समझें व इनका संरक्षण करें। पर्यावरण का संरक्षण व संवर्द्धन सामूहिक प्रयास से ही संभव है। इसलिए सभी लोग अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। पर्यावरण सप्ताह के अवसर पर बच्चों को पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कंपनी के आवासीय परिसर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के तहत चित्रकला प्रतियोगिता, वाक प्रतियोगिता, पर्यावरण से संबंधित मॉडल्स की प्रस्तुति, पौधारोपण आदि गतिविधियां आयोजित किया गया। कंपनी के कर्मचारियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, पौधों के साथ सेल्फी प्रतियोगिता के अलावा पर्यावरण की सुरक्षा के लिए कंपनी परिसर में पदयात्रा, नो व्हीकल डे आदि जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसके अलावा आसपास के क्षेत्र में पर्यावरण के प्रति जागरूकता के मकसद से सामाजिक उत्तरदायित्व के बेलचम्पा प्रशिक्षण केंद्र परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे ग्रामीणों को पर्यावरण व उसके संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। केंद्र में पौधारोपण व ग्रामीणों के बीच पौधों का वितरण किया गया। कंपनी कर्मचारियों और ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन का शपथ भी दिलाया गयी।

### लोइंगा असनोर हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार



**पाटन।** पुलिस ने पाटन थाना के लोइंगा असनोर गांव के योगेंद्र यादव हत्या कांड के मुख्य आरोपी नारद यादव व दिलीप पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि लोइंगा असनोर गांव के योगेंद्र यादव को 31 मई को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। नारद यादव व दिलीप पासवान हत्या कांड के प्राथमिकी अभियुक्त थे। दोनों हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद से फरार चल रहे थे। पुलिस दोनों की गिरफ्तारी के लिए उनके संभावित छिपने के स्थानों पर लगातार छापामारी अभियान चला रही थी। गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया गया। छापामारी में एसआई दिलीप कुमार,ओपी प्रभारी, किंशुनपुर नीरज सिंह शामिल थे।




## एक नजर

### एनडीए की जीत पर जदयू जिला कार्यालय में जश्न मनाया गया

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला जनता दल यूनाइटेड के जिला कार्यालय बेलवाटिका स्थित डालमिया कैंपस में एनडीए प्रत्याशियों की जीत पर जश्न मनाया गया। मौके पर अबीर गुलाल लगाकर व एक दूसरे को मिठाइ खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। मौके पर पूर्व मंत्री सुधा चौधरी ने कहा कि बिहार मुख्यमंत्री व जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए को बहुत अच्छी जीत मिली है। एनडीए के नेतृत्व में देश व राज्य में अच्छा विकास हो। मौके पर जनता दल यूनाइटेड के पलामू जिला अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे, महासचिव सुरेंद्र कुमार यादव, चिंटू मेहता, अवध किशोर सिंह, देवेंद्र प्रसाद, राजपति प्रजापति, रितेश कुमार पांडेय, मुकेश कुमार सिंह, डब्लू, अरुण प्रसाद, मुकेश कुमार शुक्ला, जयपाल यादव आदि मौजूद थे।

### ग्रीष्मकालीन लॉन बॉल प्रशिक्षण शिविर 10 से

**मेदिनीनगर।** आगामी राष्ट्रीय खेल, राष्ट्रीय चैंपियनशिप व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता को देखते हुए झारखंड बॉलिंग संघ 10 से 17 तक आरके आनंद बॉलिंग ग्रीन नामकुम रांची में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में किसी भी उम्र के बालक, बालिका, महिला, पुरुष प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण में अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक द्वारा निःशुल्क दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए इच्छुक खिलाड़ी अपना नाम दो दिन के अंदर भेज सकते है। जानकारी के लिए 6200103567 नंबर पर बात कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी पलामू डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव सह पलामू जिला बॉलिंग एसोसिएशन अध्यक्ष के संजय कुमार त्रिपाठी दी।

### सिविल कोर्ट परिसर में प्रधान जिला जज ने किया पौधारोपण

# प्रकृति के बिना मानव जीवन की कल्पना असंभव : पीडीजे



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को सिविल कोर्ट परिसर में विमल पुष्प वाटिका में पौधारोपण का आयोजन किया गया। प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने पौधारोपण पर्यवरण जागरूकता का संदेश दिया। मौके पर प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश ने कहा कि प्रकृति के बिना मानव जीवन की कल्पना असंभव है। लगातार बढ़ते प्रदूषण के कारण प्रकृति व पर्यावरण का तेजी से नुकसान हो रहा है। हर एक व्यक्ति को चाहिए कि वह अपने स्तर से पर्यावरण को बचाने के लिए एक-एक पौधा रोपण व संरक्षण की जिम्मेवारी लें। उन्होंने कहा कि मानव जीवन को बचाने के लिए पौधारोपण को सुरक्षित व संरक्षित रखना सभी नैतिक जिम्मेदारी है। मौके पर अन्य न्यायिक अधिकारियों ने भी पुष्प

**लगातार बढ़ते प्रदूषण के कारण प्रकृति व पर्यावरण का तेजी से नुकसान हो रहा : प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश**

वाटिका में कामिनी, अनार, नींबू, आंवला, मोहिग्नि सहित दर्जनों पौधारोपण किया गया। मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्र, जिला जज प्रथम विनोद कुमार सिंह,चतुर्थ अभिमन्यू कुमार, द्वितीय अकिलेश कुमार, तृतीय शंकर महाराज, पंचम स्वेता ढिंगरा,अष्टम आयशा खान, राजकुमार मिश्रा, सीजीएम आनंद सिंह,एसीजेएम संदीप निशित बारा, निबंधक कमल प्रकाश, जेएम परमानंद उपाध्याय, निशिकांत, संजय सिंह यादव, रितु कुजूर, अमित आकाश सिन्हा, समीरा खान, रेलवे जेएम परगेश निगम, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव, महासचिव अजय कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष विनोद तिवारी, कोषाध्यक्ष जय किशोर पाठक, के अलावे लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ,रेंजर, अजय कुमार सिन्हा, रेंज आपरेटर, मुकेश कुमार सिन्हा, दिव्या भारती, ए के तिवारी,अनिल शर्मा,सुरेन्द्र सिन्हा, अनिल कुमार मिश्र,,राजीव कुमार पांडेय,संजीव सिंह,रवि भूषण, निरंजन कुमार, सुमित वर्मा, शैलेश कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### वृक्षारोपण कर वातावरण में ऑक्सीजन की मात्रा बरकरार रखें : संजीव श्रीवास्तव

मेदिनीनगर डीएवी आईईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भूमंडलीय ऊष्मीकरण जलवायु परिवर्तन विषय व स्वच्छ पर्यावरण जागरुकता अभियान पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि वे महाविद्यालय वअपने घरों के आस पास ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करें ताकि वातावरण में ऑक्सीजन की मात्रा बरकरार रहे। कार्बन डाई ऑक्साइड की अधिकता से हिमालय पर्वत का ग्लेशियर पिघलता जा रहा है। समुद्रतल स्तर बढ़ता चला जा रहा है, जो विनाश की ओर ले जा रहा है। मृदा अपरदन में रोकथाम के लिए प्लास्टिक का काम से कम इस्तेमाल पर जोर दिया। उन्होंने मृदा शक्ति में वृद्धि के लिए कम से कम रासायनिक उर्वरक के इस्तेमाल करने की सलाह दी। साथ ही घर से जुट या कपड़े की थैली में सब्जी खरीदे की अपील भी की। उन्होंने अपने कार्यालय के कर्मचारियों को कम से कम पेपर उपयोग करने की सलाह दी। डिजिटाइजेशन द्वारा पेपरलेस कार्य करने को बढ़ावा दिया। कार्यशाला के बाद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों ने कॉलेज प्रांगण में पीपल, नीम, कदम का वृक्ष लगाए गए। मौके पर कॉलेज के आईक्यूएसी डायरेक्टर डा.आनंद प्रकाश, प्रो. रूप कमल, डा. सुमित कुमार अग्रवाल सहित शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।




# एमएमसीएच में माइक्रोबायोलॉजी व एफएमटी में सहायक प्रोफेसर नहीं



**छोत्रों को पढ़ाई में हो रही परेशानी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में 392 विद्यार्थी के लिए कुल 24 शिक्षक नियुक्त है। उनमें तीन प्रोफेसर, तीन सह प्रोफेसर है, 18 सहायक प्रोफेसर है। दो विभाग माइक्रोबायोलॉजी व एफएमटी में तो सहायक प्रोफेसर तक नहीं है। इस वर्ष 2024 बैच के लिए 100 नए विद्यार्थियों का नामांकन होना है। मेडिकल कॉलेज में विद्यार्थियों की संख्या अगले कुछ महीनो में 492 हो जाने की पूरी संभावना है। प्राचार्ज डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने कहा कि सरकार के स्तर से कॉलेज में और शिक्षकों को लाने का प्रयास किया जा रहा है। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग दिल्ली ने मेडिकल कॉलेज को एक तरह से चेतावनी दी है कि वह अगले दो महीने बाद इस कॉलेज के पुनर्मूल्यांकन करेंगे। यदि उस समय तक मेडिकल कॉलेज में शिक्षकों की कमी पूरी नहीं हो पाती है तो इस राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग कोई भी कठोर कदम उठा सकता है। मेडिकल कॉलेज ने पिछले सप्ताह 12 लाख रुपए की राशि केनरा बैंक के खाते में भेज दिया गया। वहां से राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के खाता है। 12 लाख रुपया दंड भरने की पुष्टि प्राचार्य डा. कर्मेंद्र प्रसाद ने की है।

# वट सावित्री पूजा आज, पंखा और फलों की जमकर हुई खरीदारी



**सावित्री पूजा के दिन सुहागिन महिलाएं अपने सुहाग की लंबी आयु के लिए रखती हैं व्रत**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महिलाओं के पति की लंबी आयु के लिए मनाया जाने वाला वट सावित्री पूजा गुरूवार को है। पूजा को लेकर बाजार सज गया है। पूजा से एक दिन पूर्व पूजा समाग्री खरीदने के लिए बाजार में महिलाओं की काफी भीड़ थी। पूजन सामग्री के दुकानों पर सावित्री-सत्यवान की मूर्तियां, धूप, दीप, घी, बांस का पंखा, लाल कलावा, सुहाग का समान, कच्चा सूत, बरगद का फल, कलश थाल में सजाने की अन्य सामग्री की खरीदारी करने के लिए महिलाओं की भीड़ लगी रही। बता दे कि वट सावित्री पूजा के दिन सुहागिन महिलाएं अपने सुहाग की लंबी आयु के लिए रखती हैं। कुंवारी कन्याएं भी मनचाहा वर पाने के लिए यह व्रत रखती हैं। इस दिन महिलाएं वट यानी बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं। ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को वट सावित्री पूजा करने की परंपरा होती है। इस दिन शादीशुदा महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं व वट के पेड़ की पूजा भी करती हैं। वट सावित्री पूजा के दिन सुहागिन महिलाएं सुबह उठ स्नान करने के बाद इस व्रत का संकल्प लेती हैं।

## न्यूज बॉक्स

### हत्या के चार आरोपी को सश्रम आजीवन कारावास

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के तृतीय जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शंकर कुमार महराज की अदालत ने हत्या के चार आरोपियों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सजा पाने वाले में चैनपुर थाना अंतर्गत गुरहा निवासी गुड्डू पासी, रामावतार पासी, महेश पासी व सुनीता देवी का नाम शामिल है। चैनपुर थाना अंतर्गत गुरहा निवासी विकास कुमार पासी के फर्द बयान के आधार पर उपरोक्त चार लोगों के विरुद्ध चैनपुर थाना में20 दिसंबर 2020 को नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। आरोप था कि अभियुक्तों का मृतक अजय राम पासी से रास्ता के जमीन को लेकर विवाद रहा था। उसके संबंध में पूर्व में गाली-गलौज व झगड़ा हुआ था। 19 दिसम्बर 2020 को मृतक अजय राम पासी मजदूरी का काम करने के लिए गया था, लेकिन देर शाम तक वह वापस नही लौटा। इसके बाद उसके पुत्र विकास कुमार पासी, पत्नी गीता देवी खोजने के निकले, लेकिन उस दिन उसका पता नही चला। 20 दिसंबर 2020 को विकास कुमार पासी उसकी मां सुबह से ही अजय राम पासी को ढूढ़ रहे थे। इसी क्रम में डुमरिया बांध पर पहुंचे तो देखा की अजय राम पासी का शव वहां पड़ा है। उसके ललाट पर चोट लगा था। उसके गर्दन के दाहिने तरफ जख्म का निशान था। कि अजय राम पासी की हत्या टांगी से काटकर किया गया था। शव छुपाने के उद्देश्य से डुमरिया बांध के पास ले जाकर फेंक दिया गया था। अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए चारो आरोपी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा व साढ़े सात हजार रुपये जुर्माना की राशि लगाई है। जुर्माना की राशि नही देने पर दो माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

### जनभागीदारी से गांव का पानी गांव में रखने की शुरूआत : पीके जैना

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व ने गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वर्षा जल के बेहतर प्रबंधन व जनभागीदारी से गांव का पानी गांव में रखने की शुरूआत पर बल दिया। पलामू टाइगर रिजर्व उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पी के जैना ने बताया कि जनभागीदारी से यह पता लगाया है कि कितना पानी का नाला है व किस हाल में है। पानी के नल में कइ प्रकार की रुकावट आती है। उन रूकावटों को दूर करना है। गांव वाले जानते हैं कि वर्षा जल को किस तरह जाम किया जाए ताकि भू गर्भ पानी का स्तर बना रहे। उन्होंने बताया की पलामू टाइगर रिजर्व में कई इको विकास समितियां है। उनके पास यह जानकारी है कि कौन पानी का नाला जिंदा है और कौन मृत। मृत पानी के नाला को फिर से वर्षा जल के लिए जिंदा करना है। उन्होंने कहा कि सब का प्रयास होगा की वर्षा जल को कैसे बर्बाद होने से रोका जाए।

### गौरव के पिता को एक लाख का चेंक सौंपा एसोसिएशन के सचिव ने

**मेदिनीनगर।** गौरव हॉस्पिटल के संचालक गौरव कुमार के सड़क दुर्घटना में कुछ दिन पूर्व गंभीर रूप से घायल हो जाने के बाद प्राइवेट हॉस्पीटल एसोसिएशन ने मदद के लिए हाथ बढ़ाया। गौरव कुमार को बेहतर इलाज के लिए रांची मेदांता के लिए रेफर कर दिया गया था। दुर्घटना की जानकारी जैसे ही प्राइवेट हॉस्पीटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष तिवारी को लगी बिना देर किए अपने ही संस्थान में एसोसिएशन की एक आपात बैठक बुलाई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अस्पताल एसोसिएशन हर हाल में गौरव की मदद केरेगा। मौके पर एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने तन मन धन से मदद करने का फैसला किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने राशि जुटाने की जिम्मेदारी कार्यकारिणी सदस्य इस्लाम, बृजेश शुक्ला, कोषाध्यक्ष आनंद सिंह को दिया है। एसोसिएशन के सदस्यों से संपर्क के बाद राशि की व्यवस्था करने के बाद अध्यक्ष मनीष तिवारी ने गौरव कुमार आवास पर जाकर उनके पिता को एक लाख का चेक सौंपा।

# बीच सड़क पर तरबूज की खरीदारी करने सेआवागमन प्रभावित




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुख्य सड़क के बीच वाहनों को रोक कर आम लोगों द्वारा तरबूजों की खरीदारी करने से आवागमन पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। वन विभाग के मेन गेट के सामने रोड के दोनों तरफ तंबू में तरबूज की बिक्री की जाती है। गर्मी के दिन में लोग तरबूज की काफी खरीदारी करते हैं, लेकिन रोड किनारे फल दुकानों के होने व बीच में डिवाइडर होने के कारण रास्ता काफी संकरा हो गया है। लोग भी रास्ते में निजी वाहन खड़ा कर तथा यात्री वाहनों को रोक तरबूज की खरीदारी कर रहे हैं, जिसके कारण यातायात काफी प्रभावित हो रहा है। इस कारण वाहनों की कतार लगी रहती है। इसके बगल में ही एक पेड़ रोड पर काफी झुका हुआ है। इस कारण उसके भी गिरने का डर बना रहता है। मंगलवार को एक ऐसी ही घटना घटित हुई, जिसमें पुलिस लाइन स्थित पेड़ गिरने से पुलिस के कई जवान घायल हो गए थे। पूर्व में भी इस सड़क पर तरबूज बेचा जाता था, लेकिन उसे वक्त डिवाइडर नहीं होने के कारण प्रभाव नहीं पड़ता था। झुके हुए पेड़ व लोगों की आवागमन में बाधा बन रहे यात्री और निजी वाहन पर प्रशासन को संज्ञान लेना चाहिए।

### पर्यावरण दिवस पर थाना में पौधारोपण

**मेदिनीनगर।** वन संपदा के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। पर्यावरण व्यवस्था को बनाए रखने, भोजन, पानी आदि मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति में वन संपदा का मुख्य योगदान है। आज वर्तमान समय में वनों की कटाई से वातावरण में तापमान अत्यधिक तेज गति से बढ़ रही है। ये बातें थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने कही। वह बुधवार विश्व पर्यावरण दिवस के थाना परिसर में पौधा रोपण करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वनों की कटाई से महत्वपूर्ण संसाधनों, औषधि आदि की भी लगातार कमी होती जा रही है। पर्यावरणीय व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए पौधारोपण आवश्यक है। थाना परिसर में नीम, कदम, पीपल, बरगद, नींबू, अमरूद, कटहल आदि छायादार व फलदार पौधा लगाया गया।

## पर्यावरण संकट

### पलामू की लाइफ लाइन कोयल नदी सूखी

# नाले के पानी की दुर्गंध से रिवर फ्रंट पर बैठना मुश्किल

**रेवती रमण**

**मेदिनीनगर।** पलामू की लाइफ लाइन कही जाने वाली कोयल नदी मई महीने से ही पूरी तरह सूख चुकी है। नदी में केवल नाले का पानी ही थोड़ा बहुत दिखाई दे रहा है। आलम यह है की मेदिनीनगर शहर के नदी से निकट बसे लोग चुआंडी खोद कर गुजर करने को विवश है। हालांकि नगर निगम के द्वारा कोयल नदी तट का सुंदरीकरण करते हुए रिवरफ्रंट का निर्माण किया गया है। सुबह शाम टहलने की भी व्यवस्था है। साथ ही बच्चों के लिए पार्क भी बनाया गया है। सुलगता सवाल यह है कि जब नदी में पानी की उपलब्धता ही नहीं रहेगी तो इन सारी व्यवस्थाओं का कोई औचित्य नहीं रह जाता। पानी खत्म हो जाने के कारण नाली के पानी की दुर्गंध पूरे रिवर फ्रंट में फैला हुआ है। इस कारण वहां बैठना भी दुभर हो रहा है। कोयल नदी की अमानत समेत सभी नदियां फरवरी के महीने से ही जल विहीन हो चुकी हैं। अब केवल बरसात में ही इनमें पानी आता है। मंडल डैम परियोजना को अंतिम रूप देने की कौन कहे कोई भी जनप्रतिनिधि यहां पानी के मसले पर सजग नहीं है। कोयल नदी पर बहु प्रतीक्षित रबर डैम बनाने की योजना पर भी कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। इस कारण जिला मुख्यालय पानी के भीषण किल्लत का सामना कर रहा है। पर्यावरणविदों की मानें तो अगर यही स्थिति बनी रही व जल संरक्षण के लिए उपाय करते हुए कोयल आदि नदी को नहीं बांधा गया तो जल्द ही 20 साल के अंदर पलामू अति सूखाग्रस्त हो जाएगा। धीरे-धीरे यह मरुस्थल में तब्दील होने लगेगा। पलामू जिला तीन वर्षों से सुखाड़ की मार झेल रहा है। इसलिए यह अति आवश्यक है कि बड़ी नदियों के जल को संचित किया जाए वरना परिणाम काफी विनाशकरी हो सकता हैं।



**मंडल डैम परियोजना को अंतिम रूप देने की कौन कहे कोई भी जनप्रतिनिधि यहां पानी के मसले पर बहु प्रतीक्षित रबर डैम बनाने की योजना पर भी कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। इस कारण जिला मुख्यालय पानी के भीषण किल्लत का सामना कर रहा है**

## एक नजर

### पुलिस ने राहगीरों को पिलाया ग्लूकोज पानी



**केतार।** केतार थाना प्रभारी रौशन कुमार वर्णवाल के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने बुधवार की दोपहर मे कोल मोड़ पर समर कैंप लगाया। इस मौके पर भवनाथपुर, खरौंधी,केतार, कांडी तरफ जाने वाले राहगीरों और आटों चालकों और बच्चों को शर्बत,ग्लूकोज,ओआर एस घोल ,और पानी पिलाया। जिसे पीकर राहगीरों ने इस गर्मी में राहत की सांस ली।थाना प्रभारी रौशन कुमार ने राहगीरों को धुप से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा की जब ज्यादा जरूरी हो तभी घर से बाहर निकलें। उन्होंने लोगों को धूप और लू से बचने के लिए नियमित पानी और ग्लूकोज पीने की सलाह दी। पुलिस के इस कार्य से राहगीर प्रसन्न दिखे और उन्होंने पुलिस के इस कार्य की सराहना किया।इस मौके पर एसआई विजय कुमार, सहायक पुलिस विकास तिवारी, राहगीर सुधीर ठाकुर, विनय कुमार, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यक्रम आज

**केतार।** प्रखंड कार्यालय केतार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को 11 बजे से आयोजित किया गया है।इसकी जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने दी। बीडीओ ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के वैसे ग्रामीण जो किसी भी तरह के कानूनी समस्या जैसे भूमि विवाद, वैवाहिक विवाद, पेंशन समस्या,राशन समस्या आदि से जूझ रहा है तो इन सभी समस्या का त्वरित निष्पादन किया जायेगा।इस कार्यक्रम में एक न्यायाधीश और एक वकील कू साथ साथ अर्ध कानूनी स्वयंसेवक की टीम मौजूद रहेंगी। बीडीओ ने ग्रामीणों को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आग्रह किया है।

### गर्म पानी से झुलसी महिला

**गढ़वा।** गढ़वा धुरकी थाना क्षेत्र के टाटीदिरी गांव निवासी संजय विश्वकर्मा की पत्नी सरस्वती देवी गर्म पानी से झूलस गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि पति पत्नी के बीच विवाद हो रहा था। इसी बीच चूल्हे पर रखा गर्म पानी सरस्वती के शरीर पर गिर गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### 51 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**हरिहरपुर।** स्थानीय ओपी परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 51 वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। उसके पहले ओपी प्रभारी व अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने अपने-अपने नाम से दो-दो पौधे हाथ में लेकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। परिसर में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए ओपी प्रभारी रजनी रंजन ने कहा कि बढ़ते वैश्विक उष्णन का मुख्य कारण हर वर्ष ओजोन परत में क्षरण है। जिसे रोकने के लिए वृक्षारोपण सरल उपाय है। मौके पर छोटा बाबू वीरेंद्र किंडो, आरपी सिंह, एएसआई लक्ष्मण कुमार, आनंद सिंह, सोनू चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी : बीडीओ



**हर एक व्यक्ति को चाहिए कि एक-एक पौधा रोप कर उसके संरक्षण की जिम्मेदारी लें।**

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को प्रखंड कर्मियों ने बलिगढ़. और परती कूशवानी पंचायत में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए सपथ लिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी के नेतृत्व में प्रखंड कर्मियों ने प्रखंड कार्यालय परिसर,बलिगढ़. पंचायत के चेचरिया गांव में अमृत सरोवर योजना स्थल पर और परती कूशवानी पंचायत सचिवालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अवसर बीडीओ ने कहा की हर एक व्यक्ति को चाहिए की एक-एक पौधारोपण कर उसकी संरक्षण की जिम्मेवारी लें। उन्होंने कहा की मानव जीवन को बचाने के लिए पर्यावरण को संरक्षित और सुरक्षित रखना रखना हम सबों की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को कहा की आप सभी एक-एक पौधारोपण कर इसे नियमित देखभाल और सिचिंत करने की बात कही।वहीं हरे भरे जंगलों को बचाने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर बीपीओ दीपक जयसवाल, समन्वयक राकेश कुमार,अरबिंद कुमार,पंचायत सचिव आदित्य कुमार आयुषी चौबे, नवल-किशोर यादव, जेई अमर भारती,राजीव कुमार, सत्यम कुमार,रोजगार सेवक राम कुमार प्रजापति, सुधांशु कुमार, विनय कुमार,आपरेटर सिराज अंसारी , मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता,समाजसेवी सीता राम जयसवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# जनजागरूकता अभियान चलाकर पेड़ लगाना होगा : बीडीओ

**विश्व पर्यावरण दिवस पर बीडीओ ने किया पौधरोपण**



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को खरौंधी ब्लॉक प्रांगण में पौधारोपण किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार, उप प्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य ने संयुक्त रूप से पौधे लगाए तथा इनके संरक्षण का संकल्प लिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि आज इस बात की आवश्यकता है की सभी लोग पांच-पांच पेड़ लगाएं तथा इनका अपने बाल बच्चों की भांति देखभाल करें।उन्होंने कहा की पेड़-पौधे, जंगल-झाड़ है तभी मानव जीवन है। वर्ना इसकी परिकल्पना भी नहीं की जा सकती है। समय रहते हम लोगों को सचेत होने की आवश्यकता है। पौधे लगाने व संरक्षण की दिशा में पहल जरूरी है। पेड़ पौधे को काटे नहीं बल्कि इन्हें लगाएं और इनका संरक्षण करें। पेड़ पौधे से पर्यावरण को भी संरक्षण मिलता है। अंततः इसका लाभ हमें ही होता है। इसलिए पेड़-पौधे का होना परम आवश्यक है। इसके लिए जन जागरूकता अभियान चलाए जाने की भी आवश्यकता है। उप प्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य ने कहा की हम सभी की जिंदगी जरूरत पेड़ पौधे है इसको लगाने के साथ साथ संरक्षण की भी जरूरत है। आज पेडो की अंधाधुंध कटाई से प्रकृति हमसे खफा है।सभी लोगो को पेड़ लगाकर प्रकृति को बचाना है।मौके पर प्रधान सहायक संजय सक्सेना, खरौंधी मुखिया पति कृष्णा गुप्ता,देवबंश गुप्ता,बैकुंठ यादव,नंदू सिंह,मंयक कुमार,मनीष कुमार मेहता,असन्दन कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

**विश्व पर्यावरण दिवस पर किया गया पौधरोपण**

# पृथ्वी को सुरक्षित रखने का सबसे आसान उपाय हम सभी पौधा लगाएं : मुखिया सनिधा सोनी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को प्रखंड के चितविश्राम, हुलहुलाखुर्द व बिलासपुर पंचायत में बुधवार को पौधारोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को शपथ में दिलाया गया। चितविश्राम पंचायत की मुखिया सनिधा सोनी ने वायु प्रदूषण को रोकने के लिए पेड़ लगाने और जनमानस को सजग होने की बात कही। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के समक्ष प्रदूषण चुनौती बनकर खड़ी है पृथ्वी को सुरक्षित रखने का सबसे आसान उपाय हम सभी लोगों को पौधा लगाना साथ ही उसका संरक्षण भी करना होगा। बिलासपुर पंचायत मुखिया अनुराधा देवी ने पेड़ लगाकर पूरे विश्व को प्रदूषण मुक्त विश्व बनाने के संकल्प लेने की अपील की उन्होंने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण के लिये अधिक से अधिक पौधा लगाने और उसका संरक्षण करने की जरूरत है मौके पर कनीय अभियंता अशोक कुमार, हुलहुला खुर्द मुखिया सुशीला देवी, जेएसएलपीएस एसआरपी वाजदा खातून, मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव, अनुराग सोनी, पंचायत सेवक वीरेंद्र कुमार सिंह, अमन केशरी, रोजगार सेवक मनीष चौबे, श्रवण राम, धनंजय पांडेय, कन्हैया चौबे, उर्मिला देवी, सुनिता देवी, किरण कुशवाहा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालयों में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालयों पर बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया इस अवसर सभी पंचायत सचिवालयों पर पर्यावरण सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक किया गया पंचायत सचिवालय पर पौधारोपण भी किया गया। इसके लिए प्रखंड मुख्यालय से ही कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया था। विलासपुर पंचायत में नोडल पदाधिकारी के रूप में पंचायत सेवक अमन कुमार केशरी तथा रोजगार सेवक श्रवण राम,भोजपुर पंचायत में नोडल पदाधिकारी के रूप में पंचायत सेवक सरौती कुमारी तथा रोजगार सेवक आनंद कुमार विश्वकर्मा, चितबिश्राम पंचायत में नोडल पदाधिकारी के रूप में पंचायत सेवक वीरेंद्र कुमार सिंह तथा रोजगार सेवक मनीष कुमार चौबे, गरबाँध पंचायत में नोडल पदाधिकारी के रूप में पंचायत सेवक नंद कुमार मेहता तथा रोजगार सेवक मनोज कुमार सिंह, हलिवंता पंचायत में नोडल पदाधिकारी के रूप में कनीय अभियंता जितेंद्र कुमार तथा रोजगार सेवक मनोज कुमार ठाकुर, हुलहुला खुर्द पंचायत में नोडल पदाधिकारी के रूप में कनीय अभियंता अशोक कुमार तथा रोजगार सेवक सत्यनारायण सिंह,कधवन पंचायत में नोडल पदाधिकारी के रूप में पंचायत सेवक कुमारी सीमा तथा रोजगार सेवक आलोक राज, कोलझिकि पंचायत में नोडल पदाधिकारी के रूप में कुमारी सीमा तथा रोजगार सेवक रामचंद्र पांडेय ,कुम्बा खुर्द पंचायत में नोडल पदाधिकारी के रूप में कनीय अभियंता रणधीर कुमार तथा रोजगार सेवक संजीत कुमार, कुशदण्ड पंचायत में नोडल पदाधिकारी के रूप में पंचायत सेवक सरौती कुमारी तथा रोजगार सेवक अम्बिका सिंह,नरही पंचायत में नोडल पदाधिकारी के रूप में पंचायत सेवक वीरेंद्र सिंह तथा रोजगार सेवक ज्ञान रंजन चतुवेर्दी तथा पिपरडीह पंचायत में सहायक अभियंता उज्जवल कुमार अग्रवाल एवम रोजगार सेवक वीरेंद्र कुमार यादव की उपस्थिति में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।

# बिगड़ते संतुलन और बढ़ते प्रदूषण से जूझ रही है पूरी दुनिया : थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर (गढ़वा )**

विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को भवनाथपुर थाना परिसर एवं वन परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना परिसर में पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार बीर और थाना प्रभारी कृष्णा कुमार के नेतृत्व में पुलिस कर्मियो ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मौके पर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने कहा कि आज पर्यावरण का बिगड़ता संतुलन और बढ़ते प्रदूषण से पूरी दुनिया जूझ रही है,जिसके कारण टप्रेचर 46 से 46 डिग्री पहुंचने से पूरा मानव ही नही पशु पक्षी भी इसके शिकार हो रहे है । इन गंभीर समस्याओं से उबरने का एक मात्र उपाय दुनियाभर के पर्यावरण को हरा भरा बनाना है, ये तभी संभव है, जब लोग पेड़ों के संरक्षण के प्रति जागरूक हों और अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाया जाये।

**सिविल सर्जन के द्वारा स्वास्थ्य विभाग में समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन**

# राज्य में गढ़वा जिले को स्वास्थ्य क्षेत्र में सबसे आगे लेकर जाना है : अशोक कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



रंका रेफरल में आज गढ़वा सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में सभी लोग बेहतर कार्य करें । उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में गढ़वा जिला को स्वास्थ्य क्षेत्र में सबसे आगे लेकर के जाना है इसी को लेकर सभी कर्मी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें । उन्होंने कहा कि जो भी स्वास्थ्य कर्मी जिन-जिन दायित्वों को लेकर यहां कार्यरत हैं वह सभी कर्मी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करें । तथा जो भी समस्याएं आ रही है उसे तुरंत संज्ञान में लाएं ताकि उनका तुरंत समाधान किया जा सके । उन्होंने कहा कि समाज की अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करना हमारा लक्ष्य है । इसलिए सभी लोग इस पर विशेष रूप से फोकस करें । इस दौरान डीपीएम समरेश सिंह के द्वारा द्वारा भी सभी लोगों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने की सलाह दी गई । वहीं जिला सहिया समन्वयक जेवियर एक्का के द्वारा सभी सहिया को लक्ष्य करते हुए बताया गया कि स्वास्थ्य के सभी कार्यों का निर्वहन सहिया के माध्यम से ही किया जाता है। इसलिए सभी सहिया पूरी तन्मयता के साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य लाभ पहुंचाएं । यही उनका कर्तव्य है। इस दौरान डीडीएम सुजीत मुंडा के द्वारा सभी कर्मियों को डाटा इंट्री करने से संबंधित रिपोटिंग के बारे में भी आवश्यक जानकारी दी गई । इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर असजद अंसारी के द्वारा सभी कर्मियों को बताया गया कि अपने-अपने कार्यों का सभी लोग पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करें ताकि गढ़वा जिले के साथ-साथ झारखंड में रंका सीएचसी का नाम अव्वल हो । इस दौरान प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुधीर कुमार के द्वारा सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार को रंका सीचसी के सभी कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। जिस पर सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार के द्वारा बारी बारी से सभी के कार्यों का समीक्षा किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया । इस मौके पर लेखा प्रबंधक दिनेश प्रसाद गुप्ता, एकजुट के समन्वयक अजीत कुमार सिंह, प्रधान सहायक ललन राम सहित रंका स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सभी इकाई के कर्मी मौजूद थे।

# प्रखंड के दो महत्वपूर्ण सड़कों का निमार्ण नहीं हुआ

**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**

कांडी-प्रखंड के दो अतिमहत्वपूर्ण सड़के इस वर्ष भी बरसात के पूर्व नहीं बनी। सोहगड़ा मोड़ से गरदाहा हाई स्कूल मोड़ तक गवर्नर रोड तथा मोखापी मोड़ से कांडी तक की सड़क शामिल है। उक्त दोनों सड़कों का निर्माण कार्य के लिए सड़क का शिलान्यास 10 जनवरी को विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने की थी। जिसके बाद सड़क का निर्माण कार्य भी संवेदक द्वारा शुरू किया गया था।उक्त सड़कों का निर्माण कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किया जा रहा है।स्वास्तिक कंस्ट्रक्शन के द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है।दोनों ही सड़को में छोटे छोटे पूल पुलिया का निर्माण पूरा कर लिया गया है।सड़कों में मिट्टी द्वारा साइड फिलिंग भी पूरा कर लिया गया है।उसके बाद से पिछले कई महीनों से निर्माण कार्य बंद है।10 दिनों के बाद बरसात का मौसम शुरू हो जाएगा।15 जून के बाद बरसात का मौसम शुरू हो जाता है।मौसम विभाग का यही डेड लाइन माना जाता है।बरसात के मौसम में सड़क निर्माण होना किसी भी दृष्टिकोण से सही नही होगा।कालीकरण सड़क का निर्माण गर्मी के मौसम में ही सही माना गया है।लेकिन सड़क का निर्माण बंद है।इससे पूर्व गवर्नर रोड का निर्माण आज से 10 वर्ष पूर्व 2013 - 14 में हुआ था।वर्तमान में दोनों ही सड़के चलने लायक नही है।

उक्त दोनों ही सड़के प्रखंड की अति महत्वपूर्ण सड़क है। दोनों ही सड़कें रेलवे स्टेशन मोहम्मदगंज व बिहार व पलामू को जोड़ती है। प्रखंड मुख्यालय सहित पड़ोसी प्रखंड भवनाथपुर क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोग कांडी मोखापी मोड़ सड़क होकर रेलवे स्टेशन आना जाना करते हैं।जबकि पहाड़ी क्षेत्र के लोग गवर्नर रोड होकर स्टेशन और बिहार आना जाना करते हैं। इस क्षेत्र की मिट्टी केवाल मिट्टी है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधा वितरण किया गया

**रमना।** बुधवार 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रमना बस स्टैंड के समीप कार्यक्रम आयोजित कर आम,अमरूद,आंवला,बेल,जामुन,,कटहल आदि के 250 पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी असफाक आलम ने कहा कि बेहतर कल के लिए पर्यावरण का संरक्षण आवश्यक है,पेड़-पौधे लगाकर ही प्राकृतिक वातावरण बचा सकते है, उपस्थित लोगों से पांच-पांच पौधा लगाने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में बबलू गुप्ता, टुनटुन सोनी,मुन्ना प्रसाद, रोहित रंजन, धर्मचंद कुमार आदि महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। मौके पर पुअनि जयप्रकाश गुप्ता,पुआनि आलोक कुमार, मुखिया प्रतिनिधि बिरेंची पासवान,युवा समाजसेवी अनुज कुमार,दिनेश गुप्ता,उपेंद्र प्रसाद, धनंजय गुप्ता,मदन प्रसाद,राजेश सोनी, गुड्डू प्रसाद,रोहित वर्मा, प्रकाश कुमार,संतोष प्रसाद , धर्मेंद्र ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे। इधर मड़वनिया पंचायत भवन सहित अन्य संस्थानों में भी पौधा लगाया गया।साथ ही पर्यावरण की शपथ दिलायी गयी। मौके पर मुखिया स्वीटी वर्मा,पंचायत सचिव बिनोद राम,सुमन कुमारी,धर्मेंद्र कुमार, हरिचन्द यादव,अलीजान अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### पर्यावरण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कांडी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को प्रखंड के कई पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कांडी व खुटहेरिया पंचायत में कार्यक्रम आयोजित कर वृक्षारोपण किया गया।कांडी पंचायत के अमृत वाटिका में बीडीओ मोहम्मद आफताब आलम व मुखिया विजय राम ने इमारती व फलदार सहित अन्य कई प्रकार के पौधा लगाए।जिसमें शीशम,कटहल,शिरीष,सूर्यमुखी शामिल है।उधर खुटहेरिया पंचायत में भी इस अवसर पर वृक्षारोपण किया गया।मुखिया प्रतिनिधि विनोद राम,उप मुखिया अतिश सिंह,बीडीसी अभिनंदन शर्मा,पंचायत सेवक संतोष सिंह ने वृक्षारोपण किए।

# चलंत लोक अदालत का हुआ आयोजन, 4 मामलों का किया गया निस्तारण

**▸ विवादित मामलों में संबंधित लोगों को निःशुल्क विधिक सेवा उपलब्ध कराना, सभी को कानूनी जानकारी देना इस चलंत लोक अदालत की मुख्य कार्य योजना है**




**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को चलंत लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड भर से चलंत लोक अदालत में विभिन्न मामलों के 24 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 4 मामलों को ऑन द स्पॉट निस्तारण किया गया। इससे पूर्व एलएडीसी गढ़वा उत्तम कुमार भारती, अधिवक्ता बलबीर चौधरी व पीएलवी मनोज कुमार द्विवेदी द्वारा चलंत लोक अदालत के बारे में विस्तार लोगों को बताया गया। मौके पर एलएडीसी उत्तम कुमार भारती ने लोगों को बताया कि चलंत लोक अदालत उद्देश्य लोगों को विधिक जानकारी/परामर्श देकर विधिक रूप से जागरूक करना एवं स्थानीय स्तर पर उनके विधिक मामलों में सुलभ न्याय व विधिक समस्याओं का सुगम सामाधान/निबटारा करना है। इस संदर्भ में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि आर्थिक या किसी अन्य अक्षमताओं के कारण कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित न रह जाए इसी उद्देश्य चलंत लोक अदालत बुधवार को खरौंधी प्रखंड में पहुंची है।

प्रत्येक प्रखंड और पंचायत में घूम-घूम कर विधिक जागरूकता शिविर के साथ-साथ विभिन्न तरह के सरकारी विभागों में लम्बित मामले यथा प्री लिटिगेशन मामले, विभिन्न सरकारी कार्यालयों में लंबित मामलों आदि का त्वरित समाधान/निष्पादन करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विवादित मामलों में संबंधित लोगों को निशुल्क विधिक सेवा उपलब्ध कराना, सभी को कानूनी जानकारी देना इस चलंत लोक अदालत की मुख्य कार्य योजना है। उन्होंने कहा न्यायिक मामलों के अलावा अन्य विवादित भूमि मामले, अंचल व प्रखंड कार्यालयों से जुड़े मामले, बिजली बिल, बैंकिंग व लोन से जुड़े मामले, फॉरेस्ट के मामले सहित अन्य विभागों में लंबित मामलों का चलंत लोक अदालत में निबटारा किया जा रहा है। उपरोक्त मामले से जुड़े समाधान को इक्छुक लोग जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के माध्यम से संबंधित विभागों तक मामले को निष्पादन के लिए अग्रसारित कर समाधान पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आपके हर समस्या के समाधान के लिए चलंत लोक अदालत आपके द्वारा आया है। ऐसे में अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठाएं एवं खरौंधी प्रखंड को विवाद मुक्त करने में भूमिका निभाएं। मौके पर बीडीओ रविन्द्र कुमार

ने चलंत लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा की कार्यालय का चक्कर लगाने से बचने के लिए चलंत लोक अदालत में आवेदन दें। ताकि मामले का त्वरित निष्पादन किया जा सके।मौके पर उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, देववंश गुप्ता,कृष्णा गुप्ता, असलम अंसारी आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### आंधी-तूफान से कई घरों की छतें उड़ीं

**बरवाडीह।** प्रखंड के मोरवाई पंचायत में बुधवार दोपहर आई तेज आंधी तूफान व वारिश से कई घरों के छत उड़े तेज आंधी से कई पेड़ गिर गए है। इस संबंध में मिली जानकारी आई तेज आंधी तूफानसे पंचायत के कई गांव वालों के घरों के करकट समेत छप्पर के घर उड़ गए जबकि कई जगह पर लगे बड़े बड़े पेड़ भी गिर गए है। इस संबंध में पंचायतके मुखिया आशीष कुमार सिंह नेबताया की पूरे पंचायत के सभी क्षेत्रों में100 अधिक लोगो के घरों को तेज आंधी तूफान से नुकसान हुआ। लोगों की घरों की छत उखड़ गए जिससे कई लोग पूरी तरह बेघर हो गए है।जबकि तेज आंधी तूफान से बढ़निया मंडल मार्ग में विशाल पेड़ गिर जाने से मार्ग बाधित हो गया जिसे दो घंटा बाद जेसीबी की मदद से हटा कर मुख्य सड़क को चालू किया गया। मुखिया आशीष सिंह ने तेज आंधी तूफान से निर्धन लोगो केघरो को हुई नुकसान का सर्वे करा कर सरकारी मदद की गुहार लातेहार उपायुक्त समेत संबंधित अधिकारियों से किया है।

### एनडीए सरकार बनने की खुशी में अधिवक्ताओं ने मनाया जश्न

**लातेहार।** व्यवहार न्यायालय परिसर में बुधवार को अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर एनडीए की जीत और तीसरी बार केंद्र में एनडीए की सरकार बनने का जश्न मनाया।इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने कहा कि देश में तीसरी बार पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही हैं। जो पिछले दस सालों में कार्य नहीं हुआ। वह अगले पांच सालों में मोदी के कुशल नेतृत्व में होगा। देश के प्रगति और तेज होगी।विश्व में भारत का मान बढ़ेगा।और आने वाले समय पर झारखंड में भी भाजपा नीत एनडीए की सरकार बनेगी।
इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा के सोशल मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पाण्डेय, कौशल पाण्डेय, प्रदीप उपाध्याय, उज्जवल पाण्डेय, हरिओम पाण्डेय सहित दर्जनों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

### थाना प्रभारी ने मनाया पर्यावरण दिवस

**महुआडांड़।** नेतरहाट में पर्यावरण दिवस के अवसर पर थाना प्रभारी अरविंद हेरेंज के नेतृत्व में नेतरहाट थाना के परिसर में दर्जनो पेड़ लगाया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि एक अच्छे और बेहतर कल के लिए साफ-सुरक्षित पर्यावरण बेहद जरूरी है। हमारी सेहत सिर्फ हमारे खानपान और रहन-सहन से ही नहीं, बल्कि हमारे आसपास मौजूद हमारे पर्यावरण से भी प्रभावित होती है। हमारी अच्छी सेहत में पर्यावरण का भी अहम योगदान होता है। अगर हमारा पर्यावरण साफ रहेगा, तो हमारी सेहत भी दुरुस्त रहती है। मौके पर आईआरबी के जय पाल भगत, बुशु परेरा, मनोज किसान, सुरेन्द्र कुमार, और पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### तेतरिया के विस्थापित ग्रामीणों ने की बैठक

**बालूमाथ ।** प्रखंड क्षेत्र के राजहरा कोल माइंस अंतर्गत स्थापित तेतरिया खाड़ माइंस के विस्थापित प्रभावित रैयत ने पिंडारकोम शिव मंदिर परिसर में बुधवार को एक अहम बैठक की। बैठक में ग्रामीणों ने कहा सीसीएल 1962 में भूमि अधिग्रहण की थी जिस वक्त कई अहम बात बताई गई थी जो अब तक पूरा नहीं हुआ है।

# जलमीनार लगे वर्ष बीत गया, नहीं पहुचा किसी भी घर तक नल जल कनेक्शन

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातू**

प्रखंड क्षेत्र के डाढा पंचायत अंतर्गत ग्राम पुकचु करमाही मे लगा जलमिनार अनियमितता का भेट चढ गया. जलमिनार लगने के बावजूद किसी घर तक नहीं पहुचा नल जल योजना का लाभ। पुकचु ग्राम के ग्रामीण बसंत नायक, महेसर यादव, महेंद्र यादव, अर्जुन यादव, राजेन्द्र यादव सहित कई लोगो ने बताया कि उ।म।विद्यालय पुकचु के समीप केन्द्र सरकार का महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत लगभग 25 घरो तक स्वच्छ पानी पहुचाने के लिए मात्र 58 फिट बोरिंग किया गया। बोरिंग से पानी नही निकला, फिर भी जलमिनार लगाया गया और उसके बगल के पुराने चापानल मे मोटर लगाया गया, लेकिन इस जलमिनार पर आज पूर्ण रूप से काम नहीं हुआ हैं। किसी भी घर तक नल का कनेक्शन नहीं पहुंचा है यहां तक की टंकी मे पानी भरने के लिये पाईप भी ठीक से नही लगाया गया है। इस जलमिनार से 25 घरो को पानी देना था। लेकिन जलमिनार लगाये डेढ़ साल बीत जाने के बावजूद एक भी घर में पानी नही पहुंचा है।

**किसी भी घर तक नल का कनेक्शन नहीं पहुंचा है , यहां तक कि टंकी में पानी भरने के लिए पाइप भी ठीक से नहीं लगाया गया है**



वहीं करमाही मे अखरा के पास लगा जलमिनार भी इस टोले के 27 घरो को पानी की आपूर्ती करने में असफल रहा ।यह जलमिनार भी चालु होने के चंद सप्ताह तक कमोवेश जल आपुर्ती किया उसके बाद पिछले अक्टुबर महीने से खराब पड़ा है। ग्रामीणों को भीषन गर्मी मे जल संकट से जुझना पड़ रहा है। कुएं भी सुखने को है,ग्रामीण कुएं का दुषित पानी पीने को मजबुर है ,जिससे कई बिमारियों का शिकार हो रहे है। ग्रामीणों ने उपायुक्त व संबंधित विभाग से इसे संज्ञान में लेकर अविलंब नल जल योजना के अन्तर्गत सभी संबंधित घरो मे जल सुविधा बहाल करने की मांग की है।

### नशा सेवन पर रोक लगाने से युवक ने दी जान

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के युवा नशे की जद में धीरे-धीरे समाते जा रहे हैं। नशे के कारण करीब आधा दर्जन युवा अपनी जान भी गंवा चुके हैं। कई युवा फांसी लगाकर मौत को गले लगा चुके हैं, तो कई की मौत ब्राउन शुगर सेवन रोक देने के कारण हो गई। प्रखंड मुख्यालय निवासी काशी दांगी के 19 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार की मौत भी ब्राउन शुगर सेवन रोक देने से हो गई। बताया जाता है कि युवक करीब एक डेढ़ वर्ष से ब्राउन शुगर सेवन कर रहा था। परंतु परिजनों ने कुछ दिनों से इसके सेवन पर रोक लगा दिया था। जिसके कारण युवक की तबीयत दिन प्रतिदिन खराब होती चली गई और अंततः युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि ब्राउन शुगर के सेवन पर प्रतिबंध नहीं लगाई गई, तो आने वाले समय में कई युवाओं की और जान जा सकती है। बुद्धिजीवी व समाजिक कार्यकताओं ने प्रशासन से इस पर रोक लगाने व धंधे में शामिल सफेद पोश लोगो चिन्हित करते हुए कार्रवाई करने की मांग की है।

### अवैध स्टोन चिप्स लदा हाइवा एवं बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मनिका रोड मे बिना वैध चलान के स्टोन चिप्स एवम बालू परिवहन करने की सूचना प्राप्त हुई थी । जिस आधार पर सी ओ हेरहंज, थाना प्रभारी हेरहंज एवम सशस्त्र बल के साथ छापामारी दल का गठन किया गया तथा उक्त सूचना के सत्यापन हेतु हेरहंज से मनिका रोड मे प्रस्थान किया । छापामारी के क्रम में बिदीर तथा लावगड़ा ग्राम के पास सड़क पर बिना चालान के तीन स्टोन चिप्स लदा हाइवा जिसमे करीब 350400 सी एफ टी अवैध स्टोन चिप्स लोड था, ड्राइवर सहित पकड़ा गया पूछताछ के क्रम मे ज्ञात हुआ कि उक्त तीनों हाइवा मे किसी प्रकार का वैध चालान नहीं था । साथ ही दो अवैध बालू लदा ट्रैक्टर बिना चालान के जप्त किया गया है। उक्त छापामारी मे कुल चार चालकों की गिरफ्तारी की गई है जिसे अग्रिम कारवाई हेतु माननीय न्यायलय भेजा गया है। उक्त घटना से संबंधित हेरहंज थाना कांड संख्या 18/24 दिनांक 05.06.24 दर्ज किया गया है ।

### बाइक दुर्घटना में युवक गंभीर

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के बांय गांव के खोटाही पुल के समीप बुधवार को एक बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। जिससे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक हजारीबाग जिले के कटकमसांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत मनार गांव निवासी मूलचंद भुइयां के पुत्र राजू कुमार भुइंया को आनन फानन में 108 एंबुलेंस से बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अवर निरीक्षक अशोक कुमार पांडेय मौके पर पहुंचकर घटना की विस्तृत जानकारी लिया। जबकि घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया।

### कालीचरण सिंह की जीत पर भाजपाइयों ने निकाला विजय जुलूस, मनाया जश्न

**चतरा।** लोकसभा चुनाव के मतगणना संपन्न होने के बाद चतरा सीट से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने जीत दर्ज की है। श्री सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को बड़े अंतर से हराया है। वहीं जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से बुधवार को शहर में विजय जुलूस निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान नाचते-गाते हुए एक-दूसरे को बधाई दी गई। विजय जुलूस में खुले जीप पर सवार नव निर्वाचित सांसद कालीचरण सिंह व पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ने लोगों का अभिवादन किया और आम लोगों के प्रति आभार भी जताया। इस दौरान आतिशबाजी कर बम पटाखे छोड़े गए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया और मिठाई भी बांटे। विजय जुलूस भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता के नेतृत्व में निकाला गया।

## झमाझम हुई बारिश से भीषण गर्मी से मिली राहत, बिजली बाधित रहने से रहे परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में बुधवार दोपहर हुई झमाझम बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से लोगो को राहत मिली है। बीते एक सप्ताह से भीषण गर्मी का दंश झेल रहे हैं ,प्रखंड के लोगो को दोपहर हुई झमाझम बारिश से राहत मिली है । इससे पूर्व प्रखंड के लोग लगातार धूल भरी आंधी तूफान से काफी परेशान थे। एक और सभी और हल्की-फुल्कीबारिश हो रही थी, लेकिन प्रखंड में बारिश नहीं होने से लोग परेशान थे। वहीं जहां बारिश से लोगों को राहत मिली है वहीं बारिश होने के बाद दोपहर 3 बजे के बाद से बारिश के कारण बिजली सेवा बाधित है ।जो समाचार लिखे जाने तक बाधित रही।
प्रखंड में तेज हवा तूफान आने के बाद लगातार बिजली सेवा बाधित होना दिन चर्या बन गया है जिससे लोगो को काफी परेशानी हो रही है। इससे पूर्व बीते रात्रि विद्युत फाल्ट के कारण मंगलवार मध्य रात्रि 12:00 बजे के बाद से बुधवार दोपहर 12:00 तक लगातार विद्युत सेवा बधित रही। लोगों ने बिजली विभाग के इस मनमानी पर अंकुश लगाने की मांग किया है।

### फरार अभियुक्त को पुलिस ने भेजा जेल

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के इचाक गांव निवासी बसंत कुमार सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि बसंत कुमार सिंह पर वर्ष 2023 में मारपीट करने की थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। तब से फरार चल रहा था। बुधवार के अहले सुबह आरोपी को घर से गिरफ्तार किया गया।

## संस्कार अच्छे जीवन जीने को करता है प्रेरित : बिशप

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़ प्रतिनिधि**

महुआडांड़ माता चर्च परिसर में मंगलवार को दृढ़ीकरण संस्कार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया । जहाँ महुआडांड़ पल्ली के 29 गांवो के 341 बच्चों ने संस्कार ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य अनुष्ठानकर्ता विशप थियोडोर मसकरेन्हस उपस्थित थे ।विशप की अगुवाई में मिस्सा बलिदान चढ़ाया गया ।इसके बाद सफदे वस्त धारण किय बच्चों ने पूरे विधि विधान के साथ दृढ़ीकरण संस्कार ग्रहण कराया गया। इससे पूर्व संस्कार ग्रहण करने वाले बच्चों ने स्वागत करते हुए विशप सहित अन्य पुरोहितों को मिस्सा पूजा वेदी तक लाया। वही संस्कार लेने वाले बच्चों ने विनती प्रर्थना के साथ ईश्वर को धन्यवाद देते हुए संस्कार ग्रहण किया। विशप ने अपने संदेश में कहा कि दृढ़ीकरण संस्कार मनुष्य को



ईश्वर के साथ जोड़ने का एक विधान है। इसे ग्रहण कर बच्चे ईश्वर के करीब करीब आते हैं बिशप ने कहा हम सभी ईश्वर द्वार चुने गए हैं और आज वो हमे पवित्र आत्मा को देता है जिसका वादा उसने हमसे किया था। आज जब आप इस संस्कार को ग्रहण करते हैं ।आप ईश्वर के कार्य करने हेतु बुलाए जाते हैं ।इस संस्कार को ग्रहण करने से अच्छे जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बच्चों को संस्कारी तथा अच्छा व्यक्ति बनने का संदेश दिया विशप ने दृढ़ीकरण ग्रहण करने वाले बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद भी दिया ।मौके पर कोयल दल द्वारा एक से बढ़कर एक मसीही भजन प्रस्तुति कर माहौल को भक्तिमय बनाया गया साथ ही नृत्य प्रस्तुति भी की गई कार्यक्रम में विशप के साथ पल्ली पुरोहोत फा. सुरेश किंडो बिशप सेक्रेटरी फा. अमरदीप, डाल्टनगंज धर्मप्रांत के नव नियुक्त खजांची फा. अजय मिंज उनके सहयोगी फा. सुमन, फा. दिलीप एक्का, सहित काफी संख्या में धर्म बहने एंव मसीही धर्मावलंबि उपस्थित थे।

### पर्यावरण को संरक्षित करने की आवश्यकता : दीपक लंका

**चंदवा।** हिंडालको चकला कोल माइंस के कर्मियों के द्वारा बुधवार को पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। हिंडालको कर्मियों ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर वनों को बचाने को लेकर उन्हें जागरूक भी किया। इस अवसर पर ग्रामीणों के बीच कपड़े के बैग का भी वितरण किया गया । इसके बाद चंदवा के देव नद तट पर स्थित इको पार्क में हिंडाल्को की टीम पहुंचकर वहां पौधा रोपण किया। मौके पर कंपनी के यूनिट हेड दीपक लंका ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा हम सब की जिम्मेवारी है। हमें वृक्षारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने की आवश्यकता है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि हमारे दैनिक जीवन में कार्बन का उत्सर्जन कम से कम हो। बिजली ,पेट्रोल डीजल की खपत को कम कर भी पर्यावरण को सुरक्षित रख सकते हैं।

### एनटीपीसी ने केडीसीएमपी के लिए चतरा में भूमि अधिग्रहण प्लान को किया निरस्त

**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना (केडीसीएमपी) प्रबंधन ने चतरा जिले के टंडवा प्रखंड क्षेत्र में रैयती व गैर-मजरुआ भूमि के हस्तांतरण प्रक्रिया को निरस्त करते हुवे एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा किये गये जमा राशि लौटाने का अनुरोध चतरा उपायुक्त से की है। उक्त को लेकर संलग्नक पत्र में टंडवा प्रखंड क्षेत्र के उरदा, सिसई, काढमदिरी, गिद्दी, डारीदाग, नावाडीह एवं खरीका के कुल रैयती भूमि 250.96 एकड़ व गैर मजरुआ आम वो खाश भूमि 24.41 एकड़ उल्लिखित किया गया है। इस मामले में प्रबंधन ने अधिग्रहण याचिका को निरस्त करने हेतु संशोधित योजना का उल्लेख कर कहा है कि कोयले की ढुलाई के लिए कन्वेयर कॉरीडोर का निर्माण हजारीबाग जिले तक हीं सीमित होगा, जबकि गोपदा से आगे चतरा जिले में कोयले की ढुलाई हेतु रेलवे मार्ग बनाई जाएगी। ज्ञात हो कि उरदा के रैयती 137.04 गैर मजरुआ खाश व 5.31 तथा गैर मजरुआ आम 0.76 एकड़, सिसई में रैयती 0.86 व गैर मजरुआ आम 0.49 एकड़, काढमदिरी में रैयती 57.92 वो गैर मजरुआ खाश 8.98 एकड़, गिद्दी में रैयती 3.98 व गैर मजरुआ खाश 0.66 एकड़, डारीदाग में रैयती 3.01 व गैर मजरुआ खाश 0.51 एकड़, नावाडीह में रैयती 12.50 व गैर मजरुआ खाश 3.16 एकड़ तथा खरीका में रैयती 36.05 व गैर मजरुआ खाश 3.27 तथा गैर मजरुआ आम 0.27 एकड़ अधिग्रहण किया जाना था।

### कोयला वाहन की चपेट में आने से महिला श्रमिक की हुई दर्दनाक मौत

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र में इन दिनों लगातार कोल वाहनों कहर जारी है। वहीं तमाम आश्वासन फिलवक्त पूरी तरह से बेअसर दिखाई दे रहे हैं। बुधवार सुबह टंडवा-रांची बायपास सड़क किनारे स्थित सीआईएसएफ कैंप के समीप अज्ञात कोलवाहन ने मोटरसाइकिल पर दो सवारों को अपनी चपेट में लेने के बाद मौके पर फरार हो गया। बताया जाता है कि दोनों मजदूरी का काम करते थे। इस हादसे में महिला श्रमिक कुंती देवी की घटनास्थल पर हीं तड़प-तड़पकर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बुरी तरह से घायल इसराइल अंसारी को उसके परिजन मेडिकल कॉलेज हजारीबाग ले गये। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। सूचना पाकर पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों व परिजनों ने कोल वाहनों के परिचालन को ठप कराते हुवे स्थाई रोक लगाने की मांग जिला व प्रखंड प्रशासन से करने लगे। दूसरी ओर जाम की सूचना पर पदाधिकरी मौके पर पहुंचकर 10 घंटे के कड़ी मस्कत के बाद कोल ट्रांसपोर्टरों द्वारा मृतक के आश्रितों को 3 लाख व घायल को 50 हजार रुपए दिए जाने के बाद सड़क जाम हुआ खत्म। कोल वाहनों से सड़क दुर्घटना में समरुप व पूर्व में लाखों रुपए परिजनों को दिलाने का सब्जबाग दिखाने वाले नेता मौके से रहे गायब। वहीं स्थानिय सांसद व विधायक नहीं पहुंचे। ना ही उनके प्रतिनिधि या कार्यकर्ता ही।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर किया गया पौधरोपण पर्यावरण बचाने की लोगों ने ली शपथ

**गिद्धौर(चतरा)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर गिद्धौर प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बुधवार को पौधारोपण किया गया। इस दौरान परिसर में करीब एक दर्जन पौधे लगाए गए। इसके पश्चात पर्यावरण को बचाने का संकल्प भी लिया गया। वहीं दूसरी ओर प्रखंड के विभिन्न स्वयंसेवी संस्थानो के साथ सामाजिक कार्यकताओं द्वारा भी पौधारोपण कर प्रत्येक व्यक्ति को पांच-पांच पौधे लगाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा दिन प्रतिदिन ग्लोबिन वार्निंग बढ़ती जा रही है। जिसके कारण तापमान में वृद्धि हो रही है।

## व्यवहार न्यायालय प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस पर न्यायिक पदाधिकारियों ने लगाए पौधे

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

व्यवहार न्यायालय प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पृथ्वी हमारा एकमात्र आवास है। और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे बचाना हमारा सामूहिक दायित्व है।विश्व पर्यावरण दिवस हमें संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों की याद दिलाता है। ये लक्ष्य हमें एक ऐसे भविष्य की ओर ले जाते हैं जहां पर्यावरण और विकास में संतुलन हो। इन लक्ष्यों में गरीबी उन्मूलन, जलवा वायु परिवर्तन का मुकाबला, स्वच्छ जल और स्वच्छता सुनिश्चित करना, टिकाऊ उत्पादन और खपत को बढ़ावा देना आदि शामिल हैं।विश्व पर्यावरण दिवस हमें सिर्फ एक दिन पर्यावरण के बारे में सोचने के लिए नहीं, बल्कि हर दिन पर्यावरण के प्रति सचेत रहने और उसे बचाने के लिए




जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करता है।
हम छोटे-छोटे कदम उठाकर, जैसे कम पानी और बिजली का इस्तेमाल करना, कचरे को कम करना और उसका पुनर्चक्रण करना, पौधे लगाना, वाहनों का कम इस्तेमाल करना आदि, पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने में योगदान दे सकते हैं।उन्होंने कहा कि यदि मनुष्य स्वस्थ और जीवित रहना चाहता है तो उसके लिए पर्यावरण के मसलों पर ध्यान देना आवश्यक है।और इसकी अहमियत को समझना और स्वीकार करना भी जरूरी है। हम लोगों की रक्षा ओजोन परत करती है। यह हमें सूरज की हानिकारक किरणों से बचाती है लेकिन इस लेयर में छेद हो गया है।यहां तक कि ग्लेशियर भी समय के साथ-साथ पिघलने लगे हैं। और ऐसे में अब इंसानों का सतर्क होना बहुत ही आवश्यक है।

## न्यूज बॉक्स

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण हुआ जागरूकता अभियान भी चलाया गया



**बरवाडीह।** ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित भारतीय लोकतंत्र कल्याण संस्थान द्वारा बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रखंड के कई गांव में पर्यावरण के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के तहत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण की रक्षा हेतु पैरा समेत अन्य गांव में वृक्षारोपण किया गया। वही लगाए गए वृक्षों की रखरखाव हेतु आवश्यक जानकारी ग्रामीणों को दी गई। पर्यावरण बचाने व पर्यावरण की रक्षा हेतु लोगो को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने व लगाए गए वृक्षों को बचाने के लिए लोगो को शपथ दिलाई गई। वर्तमान समय में भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को इसके बचाव हेतु अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की सलाह दी गई।इस अवसर अजित यादव,अनिल प्रसाद,अशोक मौर्या,एवं गौतम पटेल समेत काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

### मुख्य सड़क पर झुका बिजली का खंभा दे रहा भयंकर दुर्घटना को आमंत्रण



**बरवाडीह।** बरवाडीह मेदनीनगर मुख्य सड़क में थाना गेट के आगे कामाख्या प्रसाद घर के सामने लगा बिजली पोल खंभा काफी झुक जाने के कारण कभी भी तेज आंधी तूफान गिरने से भयंकर दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। इस संबंध में कामाख्या प्रसाद, जगत किशोर सिंह,विनोद प्रसाद समेत आस पास के कई लोगो ने बताया कि मुख्य सड़क के किनारे बिजली खंभा में विद्युत तार द्वारा विद्युत प्रभावित किया गया था। लेकिन ठीकउसके बगल में दूसरी बिजली का खंभा लगा कर उसमें भी बिजली तार से बिजली करंट पार किया गया। आसपास लोगों ने बताया कि बीते दिनों रात्रि में किसी वाहन के धक्का से दोनो बिजली पोल एक दूसरे से सटकर काफी नीचे झुक गया है ,जो कभी भी गिर सकता है. जिससे भयंकर दुर्घटना की संभावना बनी हुई हैं। आसपास केलोगों द्वारा इसकी शिकायत बिजली विभाग से करते हुई दोनो झुके हुई बिजली पोल को ठीक करने की गुहार लगाई गई है। लेकिन बिजली विभाग समय रहते इस पर किसी तरह की करवाई नहीं किया गया है. जिससे कभी भी भयंकर दुर्घटना की संभावना बनी हुई है।

### चार वर्ष से अंधेरे में रहने को विवश हैं लुकुइया जामुनगढ़ा के उपभोक्ता



**चंदवा।** प्रखंड के बोदा पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लुकूईया के टोला जामूनगढ़ा का 16 केवीए का ट्रांसफार्मर करीब चार साल से जला हुआ है। ग्रामीणों के द्वारा सूचना दिये जाने के बाद कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान उक्त टोले में पहुंचकर बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को फोन पर मामले से अवगत कराया। ट्रांसफार्मर बदलकर गांव में बिजली बहाल करने की मांग कि। स्थानीय ग्रामीण गोंदल गंझु,हसमूद्दीन अंसारी,अशोक गंझु,दिनेश गंझू,बुधन गंझु,भोला गंझु, सहाबीर गंझु,लिलमतिया देवी ने बताया कि जामुनगढ़ा गांव का ट्रांसफार्मर करीब चार साल से जला पड़ा हुआ है, बिजली नहीं रहने के कारण गांव अंधेरे में डुबा हुआ है, टोले के पचीस परिवार चार वर्ष से बिजली के लिए तरस रहे हैं। इस टोले की जनसंख्या करीब 150 के करीब है। सभी घरों में बिजली का कनेक्शन है, बिजली का बिल भी भरते हैं। इस भीषण गर्मी में लोग बेहाल हैं। ट्रांसफार्मर नही बदले जाने के कारण विधुत विभाग के प्रति ग्रामीणों के बीच रोष गहराता जा रहा है। बिजली नही रहने से खेती गृहस्थी पर भी इसका असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विभाग से जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

### मगध परियोजना कार्यालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस पर 500 पेड़ लगाए गए



**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत एशिया के बड़े कोलवरियों में से एक मगध कोल माइंस में विश्व पर्यावरण दिवस पिओ एस सतनारायण के नेतृत्व में मनाया गया ।इस दौरान पिओ सहित सीसीएल कर्मी एवं दर्जनों बच्चे पीओ कार्यालय परिसर में एकत्रित होकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया इस दौरान 500 पेड़ लगाए गए एवं वितरण भी किए गए । मौके पर पियो ने पर्यावरण का मौजूदा हालात को देखते हुए गहरा चिंता व्यक्ति करते कहा जो स्थिति पर्यावरण की है वह आने वाले दिनों में इससे भी भयावक होगी । इसका मुख्य कारण है पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और पेड़ नहीं लगाया जाना। जिससे वायुमंडल प्रभावित हो रहा है तापमान बढ़ रही है। पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए प्लास्टिक चीज को उपयोग नहीं करने के साथ-साथ एक-एक व्यक्ति पांच पांच पेड़ लगाने एवं पर्यावरण को बचाए रखने के लिए संकल्प लिया। मौके पर सीसीएल अधिकारी चंदन चटराज, संभू नाथ, अभिषेक आनंद, मिरगंक शेखर, अमरजीत कुमार,मोहमत अकर्म मनीष सिन्हा,के साथ साथ कई सीसीएल अधिकारी मौजूद रहे।

### भाजपा प्रत्याशी की जीत की खुशी में हेरहंज में निकाला गया जुलूस



**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण की प्रचंड जीत एवं वर्षो से मांग भी पूरी हुआ स्थानीय उमीदवार भारी उत्साह देखा गया मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल के नेतृत्व में बुधवार को विजय जुलूस निकाला गया.विजय जुलूस में गाजे बाजे के साथ जमकर आतिशबाजी की.बम पटाखे फोड़े.यह विजय जुलूस भाजपा कार्यालय से लेकर बस स्टैंड होते हुए श्रीराम जानकी मंदिर परिसर होते बाजारटांड,यादव मुहल्ला,तैलिक मुहल्ला,होते हरिजन मुहल्ला,भंडार चौक होकर पुनः भाजपा कार्यालय में सम्पन्न किया गया.मौके पर भाजपा जिला मंत्री संतोष यादव पूर्व सांसद प्रतिनिधि रंजीत जायसवाल,पूर्व भाजयुमो जिलाउपाध्यक्ष कैलाश कुमार ठाकुर पूर्व ओ बी सी जिला मंत्री देवनंदन प्रसाद श्यामलाल गोस्वामी रंजन प्रसाद शिव सिंह अखलेश साहू सोनू जायसवाल आनंद गोस्वामी मनिष साहू नीरज साहू बुलबुल जायसवाल पीयूष कुमार बिनोद ठाकुर रंजन ठाकुर महादेव यादव विजय यादव रोसन ठाकुर गुड्डु वर्मा विजय गुप्ता जितेंद्र यादव भोला यादव अशोक गुप्ता संजय प्रसाद परमेश्वर विजय प्रसाद समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद हुए।

## एक नजर

### फरार आरोपी हुआ गिरफ्तार, न्यायालय ने भेजा जेल

**सेन्हा-लोहरदगा।** फैमली कोर्ट के आदेश का उल्लंघन कर लम्बे समय से फरार आरोपी को गुमला न्यायालय के आदेश पर सेन्हा पुलिस कारवाई करते हुए आरोपी वारंटी को डांडू ग्राम स्थित घर से गिरफ्तार कर भेजा जेल। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी डांडू निवासी रबुल अंसारी के पुत्र मोहम्मद मोजाहिद अंसारी का परिवारिक विवाद के बाद वर्ष 2019 में पत्नी ने गुमला फैमली कोर्ट में पति मोहम्मद मोजाहिद अंसारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाते न्यायालय से न्याय का गुहार लगया गया था। महिला उत्पीड़न एवं मानसिक तनाव मामला को संज्ञान में लेते हुए फैमली कोर्ट द्वारा मेमो संख्या 43/19 दर्ज कर नामजद पति के विरुद्ध कारवाई किया गया था।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर बुनियादी विद्यालय में किया गया पौधरोपण



**कुडू-लोहरदगा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुनियादी विद्यालय कुडू में पौधारोपण किया गया। इस वर्ष पंचायत के उप मुखिया राहुल उरांव, प्रधानाध्यापक धर्मदेव प्रसाद और बच्चों ने दर्जनों फलदार, इमारती और फूलदार पौधे लगाए। मौके पर धर्मदेव प्रसाद ने कहा कि वर्तमान में मानव जीवन पर पर्यावरण प्रदूषण सबसे बड़ा संकट बना हुआ है। इस लिए हमे आने वाली पीढ़ी को एक अनुकूल पर्यावरण देने के लिए हर व्यक्ति को कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। उंन्होने बताया कि पूर्व वर्षों में भी विद्यालय में पौधरोपण किया गया है जो आज बड़े हो चुके हैं।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुकुल शांति आश्रम प्रांगण में पौधरोपण

**लोहरदगा।** लोहरदगा स्थित गुरुकुल शांति आश्रम प्रांगण में गुरुकुल के अध्ययनरत ब्रम्हचारियों द्वारा बालवाड़ी शिक्षिका खुशी भारती के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण किया गया। आचार्य अर्जुन आर्य ने पर्यावरण संरक्षण हेतु बढ़ चढ़कर पौधरोपण करने पर बल दिया। मौके पर सूरज आर्य, विशाल आर्य, समीर आर्य, रोशन आर्य, दुर्गा आर्य, उमेश आर्य, रंजन आर्य, कार्तिक आर्य समेत आचार्य अर्जुन आर्य एवं रीमा केशरी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### यासिर को नीट परीक्षा में मिली सफलता, परिजनों में खुशी का माहौल



**कुडू-लोहरदगा।** कुडू के यासिर खान ने नीट परीक्षा में 654 अंक के साथ आल इंडिया रैंकिंग में 26 हजार रैंक वहीं जेनरल कटेगरी में दस हजार आठ रैंक प्राप्त कर कुडू सहित जिले का नाम रौशन किया है। कुडू मस्जिद मोड़ निवासी व्यवसायी सह समाजसेवी जलील अहमद खान के छोटे पुत्र यासिर खान की इस उपलब्धि से कुडू के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे है। यासिर ने आईसीएससी पैटर्न से हाईस्कूल की परीक्षा लिवेन्स एकेडमी लोहरदगा से 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किया था वही इंटरमीडिएट की परीक्षा में उसका रिजल्ट और भी सराहनीय रहा था जवाहर विद्या मंदिर श्यामली रांची से 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया था। कुडू के बेटे की इस सफलता पर उसके परिवार कुडू वासियों में भी हर्ष का माहौल है। यासिर ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पिता एवं अध्यापकों के उचित मार्गदर्शन को दिया है।

# वट सावित्री पर्व आज, महिलाओं ने की पूजन सामग्रियों की खरीदारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न बाजारों में वट सावित्री पूजा को लेकर रौनक दिख रही है। सुबह से ही बाजार में पूजन सामग्री खरीदने के लिए महिलाओं के भीड़ जुट रही है। इधर महावीर चौक, शास्त्री चौक, अपर बाजार, गुदरी बाजार, बरवाटोली एवं इसके आसपास के क्षेत्र में सोमवार को मनाए जाने वाले वट सावित्री व्रत को लेकर बुधवार को बाजारों में चहल-पहल तेज रही। पूजन में लगने वाले सामग्रियों की लोग खरीदारी कर रहे थे। इसको लेकर सुबह से ही खासकर महिलाएं साड़ी, सौंदर्य प्रसाधन फल एवं पूजन सामग्री की दुकानों में खरीदारी कर रहे थे। इसको लेकर बाजारों में चहल-पहल बढ़ी हुई है। बाजारों में पूजा में उपयोग की जानेवाली श्रृंगार सामग्री चूड़ी, सिंदूर, बिन्दी, मौली धागा, मेहंदी, रोड़ी, आईना, कंघी, आलता, रिबन, ब्लाउज पीस, कपड़ा, डलिया, पंखा, पाउडर, इत्र, काजल, परफ्यूम, तेल समेत अन्य पूजन सामग्रियों और श्रृंगार सामग्रियों को खरीदने के लिए



महिलाओं की भीड़ देखी गई। महिलाएं सावित्री-सत्यवान की मूर्तियां, धूप, दीप, प्रसाद, बांस का पंखा, कलश और बांस से बनी अन्य सामग्री की खरीदारी में जुटी रही। इधर बांस से निर्मित सामान बेच रहे दुकानदार प्रदीप कुमार, सुभाष कुमार, अजय कुमार और आरती देवी ने बताया कि इस बार बांस की कीमत में वृद्धि होने के कारण इसकी कीमत में बढ़ोत्तरी हुई है। वही नवविवाहिताओं ने बताया कि वट सावित्री पर्व पति की लंबी आयु के लिए मनाया जाता है। सावित्री व्रत हर साल ज्येष्ठ मास के अमावस्या की तिथि को मनाया जाता है।वट सावित्री का व्रत सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए रखती हैं। यह व्रत करवा चौथ के व्रत के समान ही फलदाई होता है। सुहागिन महिलाएं सोलह सिंगार करके दो टोकरी में पूजा का सामान लेकर बरगद के पेड़ के पास जाकर बरगद के पेड़ की जल अर्पित करती हैं। रोली चंदन लगाकर विधिवत पूजा करती हैं। कच्चा सूत बांधकर बरगद के वृक्ष की परिक्रमा करके अपने पति के दीघार्यु होने की कामना करती हैं। पुरोहित रामाधार पाठक, आनन्द पाठक, बृजमोहन पाठक ने बताया कि वट सावित्री का व्रत पति की लंबी आयु के लिए रखा जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और स्वास्थ्य के लिए व्रत रखती हैं। वट सावित्री के दिन बरगद के पेड़ की पूजा की जाती है।

## रोहिणी नक्षत्र में वटसावित्री का पूजन महिलाओं के लिए होगा विशेष फलदायी



*सूर्योदय* के अनुसार साल 2024 में वट सावित्री व्रत 6 जून ज्येष्ठ अमावस्या को होगा। इस दिन महिलाएं अपने पति के अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र के लिए इस व्रत को करती हैं। ज्योतिष शास्त्र विश्लेषक रामाधार पाठक न बताया कि धार्मिक शास्त्रों के अनुसार साल 2024 में होने वाला वट सावित्री व्रत रोहिणी नक्षत्र में होगा। धर्म ग्रंथों के अनुसार रोहिणी नक्षत्र बहुत ही शुभ माना गया है। श्री पाठक ने बताया कि रोहिणी नक्षत्र में ही भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ था और इस नक्षत्र में होने वाला कोई भी शुभ कार्य व्यक्ति को कई गुना फल देता है। धार्मिक ग्रंथों में रोहिणी नक्षत्र को बहुत ही शुभ नक्षत्र बताया गया है।इस बार यह व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष फलदाई होगा। इसलिए इस नक्षत्र में किया हुआ कोई भी कार्य शुभ और विशेष फल देने वाला है। इस व्रत को करने से जहां महिलाओं के सुहाग का स्वास्थ्य बेहतर होगा तो वहीं उनकी उम्र भी बड़ के पेड़ के जैसे लंबी होगी। साथ ही अगर वह संतान प्राप्ति चाहती हैं तो उन्हें शीघ्र अति शीघ्र संतान की प्राप्ति भगवान श्री कृष्ण की कृपा से हो जाएगी। ज्योतिषाचार्य श्री पाठक न कह कि जब पति की लंबी आयु के लिए पूजा करने की बात आती है, तब-तब वट सावित्री व्रत का नाम लिया जाता है। यह उपवास सुहागिन महिलाओं के लिए बेहद खास होता है। मान्यता है कि इस दिन विधिनुसार पूजा अर्चना करने से पति की लंबी आयु का आशीर्वाद मिलता है। इस दौरान पूजा के सभी कार्यों को शुभ मुहूर्त के अनुसार किया जाता है। वट सावित्री पर वट वृक्ष की पूजा करना शुभ होता है, बिना इसके उपवास अधूर माना जाता है। इस दौरान वृक्ष के नीचे सावित्री और सत्यवान की प्रतिमा स्थापित जरूर करें।

### सुखदेव भगत मुड़मा जतरा खुंटा शक्ति स्थल पर मत्था टेककर शांति, भाईचारगी की कामना, कहा

# मानसून सत्र में सरना धर्मकोड के मामला को प्रमुखता से रखेंगे






**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित होने के बाद सांसद सुखदेव भगत सबसे पहले मुड़मा पहुंचकर वहां पर स्थित जतरा खुंटा शक्ति स्थल पर मत्था टेककर क्षेत्र में शांति, समरसता और भाईचारा की कायम रहने के लिए प्रार्थना किये। इससे पूर्व लेदा पाहन के द्वारा विधिवत पूजा पाठ संपन्न कराया गया। पूजा संपन्न होने के उपरांत ऐतिहासिक राजी पड़हा जतरा समिति मुड़मा के द्वारा नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर सुखदेव भगत ने सबसे पहले उपस्थित जतरा समिति के सभी लोगों का उनका अभिनंदन करने के लिए आभार प्रकट किये। सुखदेव भगत ने कहा कि चुनाव में आदिवासी समाज के लोगों का भरपूर सहयोग मिला है। आदिवासी समाज के उत्थान के लिए वह पूरा काम करेंगे। लाखों की संख्या में सरना धर्म के मानने वाले लोग हैं। आदिवासियों की प्राकृतिक आस्था, पूजा पद्धति और विशिष्ट रीति रिवाज के संरक्षण हेतु जनगणना कॉलम में सरना धर्म कोड को शामिल करने की मांग को आने वाले मानसून सत्र में संसद में प्रमुखता से रखेंगे। मौके पर सीताराम भगत, कमले किस्पोट्टा रंथू उरांव, अनिल उरांव, लच्छू उरांव, वीरेंद्र उरांव, सुमित उरांव, सुका उरांव, सुशील उरांव, सुमित्रा उरांव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर किया गया पौधरोपण

**सेन्हा-लोहरदगा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में पर्यावरण दिवस मनाया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में निर्मित अमृत सरोवर के मेढ़ पर बीडीओ तथा प्रखंड कर्मियों और लाभुकों के द्वारा फलदार और छायादार पेड़ो का पौधरोपण किया गया। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्णय अनुसार 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। जिसे बताते हुए उन्होंने कहा कि बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने के लिये तथा जल संकट से निजात पाने के लिये पेड़ पौधा लगाने का जरूरी है। पेड़ पौधा लगाने से वतावरण शुद्ध होगा और मनुष्य के अलावे पशु पक्षी व जीव जंतु को लाभ मिलेगा। सभी प्रखंड कर्मी और ग्रामीणों से अपील करते हुए।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर डीएफओ अरविंद कुमार ने कहा

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण अनिवार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को केंद्रीय विद्यालय बरही में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में वनकर्मियों ने पौधरोपण किया। पौधरोपण के बाद विद्यालय के शिक्षकों व वनकर्मियों ने वृक्ष संरक्षण के लिए संकल्प लिया। मौके पर डीएफओ ने कहा कि पेड़-पौधों की मौजूदगी से हमारे आसपास का वातावरण स्वच्छ रहता है और हवा हमें शुद्ध मिलती है। पेड़ के कारण बारिश भी अच्छी होती है, ये हमें प्राकृतिक आपदा से बचाते हैं। हमारा भी कर्तव्य बनता है कि हम पेड़ लगाए और पर्यावरण की रक्षा करें। डीएफओ ने बताया कि आने वाले पीढ़ी को सुरक्षित रखने के लिए हम सभी



लोगों को अधिक से अधिक पौधा लगाने व पौधों का संरक्षण के लिए सभी लोगों को जिम्मेदारी लेने की जरूरत है ताकि हमारे आने वाली पीढ़ी सुरक्षित हो। उन्होंने बताया कि जब तक पर्यावरण सुरक्षित नहीं होगा तब तक प्राणियों की सुरक्षित रहने की बात कतई सही नहीं है। पर्यावरण संरक्षण के लिए बृक्षारोपण अनिवार्य है। पेड़ पौधे पर्यावरण को संतुलन बनाये रखते हैं। संतुलन बिगड़ने के कारण पर्यावरणीय चुनौतियां हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है, कमजोर, दुर्बल, गर्भवती महिलाएं एवं छोटे बच्चे इसके दुष्प्रभाव के शिकार हो रहे हैं। अंधाधुंध पेड़ों की कटाई के कारण कार्बन का उत्सर्जन अधिक हो रहा है फलस्वरूप पर्यावरण तेजी से प्रदूषित हो रहा है और प्रदूषित हवा में सांस लेने से अस्थमा, श्वसन रोग, हृदय रोग एवं फेफड़े के कैंसर का खतरा लगातार बढ़ रहा है। मौके पर रेंजर अरुण कुमार, फोरेस्टर मुकेशचंद्र प्रजापति समेत अन्य मौजूद थे।

### राज्य में दो संसदीय सीट खूंटी व कोडरमा में तीसरे स्थान पर नोटा रहा

**लोहरदगा।** राज्य में दो संसदीय सीट खूंटी और कोडरमा है, जहां पर तीसरे स्थान पर नोटा रहा। इन दोनों सीटों पर अर्जुन मुंडा और अन्नपूर्णा चुनाव मैदान में थे। पलामू और सिंहभूम में चौथा, राजमहल और लोहरदगा में पांचवां, रांची और जमशेदपुर में छठे स्थान पर नोटा रहा है। खूंटी से चुनाव मैदान में उतरे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के संसदीय क्षेत्र में करीब 18 हजार और कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी के संसदीय क्षेत्र में करीब 20 हजार नोटा के पक्ष में मत पड़े हैं। इसी तरह से सबसे ज्यादा पलामू में लगभग 19 हजार, राजमहल में करीब 11 हजार और सिंहभूम में लगभग 18 हजार नोटा के पक्ष में मत पड़े हैं। जबकि लोहरदगा में 11384 लोगो ने नोटा के पक्ष में मतदान किया है। जो झामुमो के बागी विधायक सह लोहरदगा संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा और महेंद्र उरांव को छोड़कर बाकी निर्दलीय प्रात्यशियो की तुलना में ज्यादा है।

## पर्यावरण दिवस पर पीडीजे, डीसी और एसपी ने किया पौधरोपण




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लोहरदगा जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अरविंद कुमार पांडेय, उपायुक्त सह डालसा उपाध्यक्ष डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक सह सदस्य डालसा हाशिम बिन जमा, डालसा सचिव राजेश कुमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित कुमार गुप्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार एवं अन्य ने बुधवार को मंडल कारा लोहरदगा में वृक्षारोपण किया। वन विभाग के सहयोग से चलाए गए इस पौधरोपण महोत्सव में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, सिविल कोर्ट के कर्मी, डालसा के पीएलबी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लोहरदगा जेल प्रांगण, सिविल कोर्ट प्रांगण, अधिवक्ता बार भवन, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के सरकारी आवास, एवं जज कॉलोनी में विभिन्न तरह के पौधों का रोपण किया गया। समस्त कार्यक्रम में पीडीजे अरविंद कुमार पांडेय स्वयं उपस्थित रहे। सही से वृक्षारोपण करने को लेकर आवश्यक निर्देश देते रहे। कार्यक्रम में फलदार वृक्ष आम, महोगनी, शरीफा, लीची, कटहल, आमला, पीपल सहित लगभग 100 पौधों का रोपण किया गया। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने जानकारी दी की कुछ समय तक पानी देने के पश्चात यह वृक्ष सदा हरे भरे रहेंगे। आसपास के पर्यावरण को शुद्ध करते रहेंगे। डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डालसा ने वन प्रमंडल पदाधिकारी एवं जेल प्रशासन के साथ मिलकर पौधरोपण का यह कार्यक्रम चलाया था।

### सीआरपीएफ 158 बटालियन में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया

# पेड़-पौधे मानव के मित्र हैं, प्रकृति के साथ नहीं करें छेड़छाड़ : कमांडेंट

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सीआरपीएफ 158 बटालियन, मुख्यालय में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर पुलिस उप महानिरीक्षक (प्रशा.) महानिदेशालय तथा पुलिस महानिरीक्षक झारखंड सेक्टर के निदेर्शानुसार वितरित की गई कार्ययोजना के अनुसार बटालियन में दिनांक 05/05/2024 से 05/06/2024 तक दैनिक आधार पर विभिन्न प्रकार के




अभियान/कार्यक्रम जैसेः- साईकिल रैली, मैराथान, वाकाथान, स्वच्छता ड्राइव, जागरूकता कॅम्पेन इत्यादी का आयोजन किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस कमांडेंट राहुल कुमार के द्वारा बटालियन के अधिनस्थ अधिकारी एवं जवानों को विश्व पर्यावरण दिवस की शपथ दिलवाई गई। तदोपरान्त 158वीं वाहिनी, सीआरपीएफ, मुख्यालय में पौधरोपण का भी आयोजन किया गया। जिसमें बटालियन में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जवानों ने साथ मिलकर वृक्षारोपण किया ।मौके पर सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार ने कहा कि पेड़ पौधे मानव के मित्र हैं। प्रकृति से मानव समाज का परस्पर संबंध और उनका अस्तित्व अत्यंत प्राचीन है। कोविड-19 जैसे संकट समाज में इसीलिए उत्पन्न हुए क्योंकि मानव ने प्रकृति के महत्व को नकारना शुरू कर दिया। आज हमें संकल्प लेना है कि प्रकृति के साथ छेड़छाड़ नहीं करेंगे। अपने द्वारा अधिक से अधिक पेड़ लगाएंगे। ऐसे दृढ़ संकल्प से निश्चित ही मानव समाज दीर्घ जीवन एवं आरोग्य प्राप्त कर सकेगा और हमारी प्यारी धरती और अधिक मनोरम और आकर्षक बन जाएगी। कहा कि पेड़ पौधों से ही हमारा अस्तित्व है। जल ही जीवन है और जीवन के लिए वायु की आवश्यकता होती है और शुद्ध वायु हमे पेड़ पौधे से ही मिलता है।

## मातृशक्ति शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का हुआ उद्घाटन

**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डी एस पी रोड गुमला सभागार में दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन किया हुआ। जिसमें प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र जी, प्रांत उपाध्यक्ष रेखा जैन, प्रांत संयोजक अनुराधा कच्छप, जिला अध्यक्ष अजय सिंह राणा जी, जिला परिषद संयुक्त देवी जी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित कर आज की मुख्य वक्ता प्रांत उपाध्यक्ष रेखा जैन जी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण में आज राष्ट्रपति का दायित्व भी महिला संभाल रही है, शाम तक महिला पहुंच चुकी है। महिलाओं को संगठित और मजबूत करने के लिए हमें दुर्गा वाहिनी जैसे राष्ट्रवादी संगठनों में जुड़कर शारीरिक बौद्धिक प्राप्त करना अति आवश्यक है।

## न्यूज बॉक्स

### संत जॉन चर्च में 218 बालक-बालिकाओं को दिलाया पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार



**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के संत जोन चर्च में बुधवार को क्षेत्र के 218 बालक बालिकाओं को गुमला धर्मप्रान्त के विशप लिनुस पिंगल एक्का के द्वारा पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार दिलाया गया। धार्मिक विधि अनुष्ठान के उपरांत विशप ने धर्म विश्वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि दृढ़ीकरण संस्कार पवित्र आत्मा के द्वारा विश्वासियों के जीवन में आशीष कृपा का वरदान देता है। कलीसिया के साथ संस्कारों में ये एक संस्कार है। दृढ़ीकरण संस्कार हमें अच्छे एवं पुण्य कार्य करने तथा गलत कार्य करने से रोकने की प्रेरणा देता है कार्यक्रम की शुरूआत पवित्र मिस्सा पूजा अर्चना कर की गई। जिसके बाद पूरे विधि विधान के साथ सभी बच्चों को पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार से दिक्षित कर उन्हें कलीसिया का पाठ पढ़ाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुमला धर्मप्रान्त के विशप लिनुस पिंगल एक्का, डीन फादर जेबेरयानुस लकड़ा, पवन मिंज, प्रेम कुजूर, विनय टोप्पो, फिलमोन कुजूर, फा. राजेन्द्र तिर्की, सिस्टर रेजिना सहित हजारों की संख्या में कलीसिया समुदाय के लोग उपस्थित थे।

### वन विभाग की पहल पर ग्रामीणों ने पेड़ो में बांधा रक्षा सूत्र, पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प



**चैनपुर।** चैनपुर वन विभाग के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर रामपुर, सिलफड़ी गांव के जंगलों में समस्त ग्रामीणों के साथ मिलकर पेड़ो में रक्षा सूत्र बांधा गया और पर्यावरण को संरक्षित रखने का संकल्प लिया गया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित कुरूमगढ़ वन क्षेत्र पदाधिकारी जगदीश राम ने ग्रामीणों को पर्यावरण के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी लोगों का कर्तव्य है। पर्यावरण के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए सभी का कर्तव्य बनता है कि पेड़ो की रक्षा करें। क्योंकि पेड़ के कटने से ही भीषण गर्मी, जल समस्या होती है, साथ ही साथ वन्य जीवों को भी परेशानी होती है। जंगल के कटने के कारण ही कई जंगली जीव गांवों में प्रवेश कर जाते हैं। आज पर्यावरण दूषित होने के कारण मनुष्यों को कई खतरनाक बिमारियां हो रही है। इसलिए आज विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सभी लोग संकल्प लें की वे अधिक से अधिक पौधे लगाकर और पेड़ों को बचाकर पर्यावरण को सुरक्षित रखें। मौके पर मुख्य रूप से रामपुर मुखिया वनरक्षी टीम सहित आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न पंचायतों में किया गया पौधरोपण



**भंडरा।** प्रखंड के उदरंगी, भौरो सहित अन्य पंचायत व सरकारी संस्थानों में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधरोपण किया गया। प्रखंड उदरंगी पंचायत में मुखिया परमेश्वर महली, भौरो पंचायत में मुखिया सुमंती तिग्गा ने पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने हेतु पौधरोपण किया गया। मुखिया परमेश्वर महली ने बताया कि वर्तमान में मानव जीवन पर पर्यावरण प्रदूषण सबसे बड़ा संकट बनकर आया है। ऐसे में आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण को अनुकूल बनाने में हर व्यक्ति को अपने आसपास एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। स्थानीय मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि मानव और पर्यावरण एक दूसरे के पूरक हैं। दिन प्रतिदिन पृथ्वी से वृक्षों के कम होने से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। हमारी बुरी आदतें जैसे बेवजह पानी बर्बाद करना, पॉलिथीन का उपयोग, वृक्षों की कटाई आदि से पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। साथ ही लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से क्षेत्र के सभी अबूवा आवास के लाभुकों के बीच एक-एक फलदार पौधों का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर धरती पाहन, तिलका उरांव, परमेश्वर उरांव,पंचायत सचिव तिवारी भगत सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### आंधी-तूफान से उड़ा जलमीनार का सोलर प्लेट, पेयजल आपूर्ति बाधित



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के तिगावल गांव में आए आंधी तूफान से गांव में लगा जलमिनार का सोलर प्लेट उड़ कर जमीन पर जा गिरा जिससे सोलर प्लेट क्षतिग्रस्त हो गया, साथ ही पेयजल आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गया। इस मामले पर ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि एक वर्ष पूर्व गांव में जलमिनार का निर्माण हुआ था। लेकिन संवेदकों के द्वारा सोलर प्लेट को सही तरीके से नहीं बैठाया गया था। जिसके कारण पहली आंधी तूफान में ही प्लेट उड़ गया। इधर गांव के लोग उसी जलमिनार पर आश्रित थे जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से जलमिनार को जल्द से जल्द ठीक कराने की मांग की है।

### टीबी बीमारी कोरोना जैसी घातक, समय पर इलाज होने पर बचाव संभव है : वेदांत शंकर

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र सेन्हा में जिला यक्ष्मा केंद्र के निर्देश पर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित कर यक्ष्मा रोगियों के बीच निश्चय पोषण किट वितरण किया गया। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रशिक्षु एस पी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर द्वारा प्रखंड क्षेत्र के दो यक्ष्मा रोगियों संदीपा कुमारी और श्री उरांव को गोद लिया गया। एक्स रे टेक्नीशियन अखलाक अहमद प्रयोगशाला प्रौद्योगिक अनूप भगत व बिपिन विश्वकर्मा द्वारा एक एक मरीजो को गोद लिया गया। वही प्रशिक्षु एस पी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 2025 तक देश को टीबी मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही बताया कि देश मे प्रत्येक वर्ष देश मे 25 लाख टीबी के नये मरीज पाये जाते हैं। जिसे लगभग पांच से छः लाख लोगों की मृत्यु टीबी बीमारी से होती है। जिस तरह कोरोना एक घातक व महामारी है।उसी तरह टीबी भी एक घातक महामारी बीमारी है। जिसे समय पर इलाज होने से बचाव सम्भव है।मौके पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ। दीनानाथ सिंह,जिला यक्ष्मा कार्यक्रम पदाधिकारी अनुराग सिंह,अनुज शर्मा,आदर्श केशरी,नसीम अहमद,सतीश यादव सहित अन्य चिकित्सा कर्मी उपस्थित थे।

## एक नजर

### सड़क पर बह रहा नाले का गंदा पानी परेशानी बढ़ी



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड के राजलाबांध पंचायत अंतर्गत पीडब्ल्यूडी मोड़ से गीता विद्या मंदिर होते हुए बाजार जाने वाली सड़क पर नाले का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है. इससे मंदिर और नमाज अदा करने के लिए मस्जिद जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही घनी आबादी होने के कारण इस सड़क का काफी इस्तेमाल होता है। लोग बाजार तथा स्कूल, कॉलेज जाने के लिए इस सड़क का इस्तेमाल करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के पूर्व नाले की सफाई नहीं की गई तो बरसात के समय सड़क की स्थिति और भयावह हो जाएगी। वहीं नाले की सफाई होने पर भी कुछ ही दिन में लोगों के घरों से निकलने वाले कूड़े को नाले में डालने से नाले का प्रवाह बंद हो जाता है। उसमें बहने वाला गंदा पानी सड़क पर बहने लगा है। इसलिए ग्रामीण इसकी उचित व्यवस्था की मांग कर रहे हैं।

### मैथन में करंट लगने से मंदिर के पुजारी की मौत, छाया मातम



**धनबाद ।** एमपीएल ओपी क्षेत्र के भालाइट गांव स्थित काली मंदिर के पुजारी दक्षिणेश्वर चक्रवर्ती (51) की बुधवार को करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार वह सुबह में शौच के लिए जा रहे थे। इसी दौरान खेत में गिरे 11 हजार वोल्ट के तार के संपर्क में आ गए। उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुजारी के घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पूरे गांव में मातम छा गया। पलारपुर पंचायत के पूर्व मुखिया विश्वरूप मंडल ने घटना की जानकारी बिजली विभाग को दी। विभाग ने पुजारी के अंतिम संस्कार के लिए उनके परिवार को तत्काल 10 हजार रुपये का भुगतान किया। विभागीय अधिकारियों ने कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिवार को 5 लाख रुपये मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। एमपीएल ओपी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है।

# नीट में डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन, सत्यम बने स्कूल टॉपर

### सत्यम कुमार ने सर्वाधिक 695 अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर होने का गौरव पाया है

**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**

देश के मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए एनटीए की ओर से ली गई नीट (यूजी) -2024 परीक्षा में डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने इस बार भी उम्दा प्रदर्शन किया है. अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, विद्यालय के करीब तीन दर्जन विद्यार्थियों



ने शानदार कामयाबी पाई है। सत्यम कुमार ने सर्वाधिक 695 अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर होने का गौरव पाया है। सफल रहे विद्यार्थियों में अनिकेत कुमार, सक्षम श्रीत गुप्ता, राहुल कुमार सिंह, सान्या कुमारी, रुचि प्रिया, आयुष कुमार, शशांक मेदिरेड्डी, साहिल शेखर, रोबाब फैजी, मनीषा कुमारी, तमन्ना रे, मुन्ना राज, अनुराग आशीष सहित अन्य विद्यार्थी शामिल हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ। एएस गंगवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### नीट की परीक्षा में सफलता पर लोगो ने दी बधाई



**गिरिडीह।** गावां प्रखंड स्थित पिहरा पश्चिमी पंचायत के जगदीशपुर निवासी राजेश रंजन पिता नरेश प्रसाद को नीट प्रतियोगिता में सफलता मिली है। उन्होंने 91.11% अंक लाकर सफलता हासिल की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता व गुरुजनों को दिया है। राजेश रंजन की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पिहरा में हुआ। राजेश की सफलता पर पूर्व प्राधानाचार्य रामस्वरूप प्रसाद यादव, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिनोद पांडेय, रामबचन प्रसाद यादव, राजेन्द्र विश्वकर्मा, रणधीर कुमार, मुखिया अमित कुमार गुप्ता आदि ने शुभकामनाएं दी है।

## न्यूज बॉक्स

### विश्व पर्यावरण दिवस पर जमुआ की प्रखंड प्रमुख ने किया पौधरोपण



**गिरिडीह।** अभी पूरी दुनियां ग्लोबल वार्मिंग की चपेट में है. हर साल वैश्विक स्तर पर तापमान में वृद्धि हो रही है। उक्त बातें जमुआ की प्रमुख मिष्टु देवी ने बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर जमुआ ब्लॉक परिसर के समीप नर्सरी में पौधारोपण कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा भीषण गर्मी से बचने एवं ओजोन परत के अवक्षय को रोकने के लिए झारखण्ड में तकरीबन 7करोड़ पेड़ लगाने की जरूरत है। पौधारोपण कार्यक्रम में फलदार एवं पर्यावरण की दृष्टि से उपयोगी पौधे लगाए। पौधारोपण कार्यक्रम में प्रमुख मिष्टु देवी,प्रतिनिधि संजीत यादव,मुकेश यादव,मनीष यादव,फरीद आलम, पीयूष यादव,पूरन यादव,भोला राम ,रंजीत यादव सहित कई लोग थे।

### कांग्रेसी नेता को पितृ शोक, मौके पर पहुंचे जिलाध्यक्ष



**गिरिडीह।** गावां प्रखंड के सेरुआ निवासी उपेंद्र सिंह के पिता सहदेव सिंह का 90 वर्ष के उम्र में देहांत हो गया। उनकी मृत्यु की सूचना पर कॉंग्रेस के जिलाध्यक्ष धनजंय कुमार सिंह गावां प्रखंड के सेरुआ गांव पहुँचकर शोक व्यक्त किया व ढाढस बंधाया और मृतक को श्रद्धांजलि दिया। मौके पर लंगटा बाबा कॉलेज मिजार्गंज के आचार्य प्रो कमल नयन सिंह, कॉंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रणधीर चौधरी, कपिलदेव राय, मो तनवीर, राजू रंजन समेत कई उपस्थित थे।

### गिरिडीह और कोडरमा लोकसभा सीट पर जीत को लेकर एनडीए ने निकाला जुलूस

**गिरिडीह।** लोकसभा चुनाव के दौरान गिरिडीह लोकसभा और कोडरमा लोकसभा से एनडीए के चंद्रप्रकाश चौधरी और अन्नपूर्णा देवी की हुई जीत से एनडीए गठबंधन के नेताओ में काफी हर्ष व्याप्त है। एनडीए गठबंधन की ओर से गिरिडीह शहर में बुधवार को विजय जुलूस निकाला गया। झंडा मैदान से बाजे गाजे के साथ विजय जुलूस निकाला गया। इस दौरान काफी संख्या में एनडीए के नेता व कार्यकर्ता नाचते गाते हुए शहर का भ्रमण किया।

## नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म में साथ देने वाली महिला को उम्रकैद



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुराचार करने के मामले में अदालत ने बुधवार को अपना फैसला सुनाया. मामले में साथ देने की आरोपी महिला गुड़िया देवी को धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही 15 हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया है। आरोपी गुड़िया देवी इस मामले में बीते पांच वर्षों से फरार है। उसकी अनुपस्थिति में ही अदालत ने फैसला सुनाया। इसके पूर्व इस मामले के नामजद आरोपी नन्हे पांडे को अदालत उम्रकैद की सजा सुना चुकी है। पीड़िता की मां की शिकायत पर सिंदरी थाने में 17 मई 2018 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक पीड़िता को अर्जुन पांडे और उनकी पत्नी गुड़िया देवी घूमने की बात कहकर अपने साथ ले गए थे। आठ दिनों के बाद पीड़िता को आसनसोल रेलवे स्टेशन से बरामद किया गया था। आरोप था कि नन्हे पांडे ने गुड़िया देवी के उकसाने पर उसके साथ आठ दिनों तक दुष्कर्म किया था।

## केंद्र व राज्य सरकार सेल की लीज समस्या का जल्द करे समाधान : रामा पांडेय



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

झारखंड मजदूर संघर्ष संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष रामा पांडेय ने कहा है कि केन्द्र व राज्य सरकार सेल की लीज समस्या का समाधान जल्द करे. यह बात उन्होंने सामुदायिक भवन मेघाहातुबुरु में झारखंड मजदूर संघर्ष संघ की बैठक सह मिलन समारोह के दौरान कही। बैठक में रामा पांडेय ने कहा कि केन्द्र व झारखंड सरकार सारंडा स्थित सेल समेत तमाम निजी खदानों की लीज से संबंधित समस्या का अविलम्ब समाधान कर उसे चलाने में गति प्रदान करे। खदानें चलेंगी तो बेरोजगारों को रोजगार सहित सेलकर्मियों की लंबित सारी सुविधाएं मिलने लगेंगी। इससे आसपास के गांवों का विकास होगा,पलायन रूकेगा और पूरे क्षेत्र में खुशहाली आयेगी।

**यूनियन बेहतर कार्य कर रहा है**

रामा पांडेय ने कहा कि आज हमारा यूनियन बेहतर कार्य कर रहा है। इससे प्रभावित होकर दूसरे यूनियन के लोग जुड़ रहे हैं। हम सभी नये सेलकर्मियों और ठेका मजदूरों का स्वागत करते हैं। बैठक में बीएमएस के दयानन्द कुमार, कमल रजक, अजीत कुमार, लाखो धनवार, भरत जेना, चन्द्रकला देवी, सुदर्शन पान, अरुण कुमार ने शैलेश बारी ने झारखंड मजदूर संघर्ष संघ की सदस्यता ली। बैठक में महासचिव अफताब आलम, इंतखाब आलम, कामता प्रसाद, आलम अंसारी, अमरनाथ यादव, केके पासवान, राजेश बनर्जी, शिव शंकर प्रसाद, राजनारायण शर्मा, जेएस गील, शशि नाग, बासुदेव करुवा, अजित गोप, आनंद हेस्सा पूर्ति, राम हेस्सा, मोहम्मद जाबेद, अन्तयार्मी महाकुड़ सहित दर्जनों उपस्थित थे।

### ट्रांसफॉर्मर बदलने से ग्रामीणों को मिली राहत



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड के भुतिया पंचायत अंतर्गत मागड़ोशोल गांव के बलरामडीह टोला में नया ट्रांसफॉर्मर लग गया है. अब ग्रामीणों को अंधकार और गर्मी से राहत मिलने लगी है। ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण करीब एक माह से लोग परेशान थे। ट्रांसफॉर्मर जलने की जानकारी ग्रामीणों ने क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य फुलमनी मुर्मू को दी। जिला परिषद सदस्य ने संबंधित पदाधिकारी को अवगत कराते हुए यथाशीघ्र नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का आग्रह किया था। इस पर विभाग ने पहल करते हुए बुधवार को जले हुए ट्रांसफॉर्मर के स्थान पर नया ट्रांसफॉर्मर लगा दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मानुषमुड़िया के मुखिया राम मुर्मू ने फीता काट कर नए ट्रांसफॉर्मर का शुभारंभ किया। इस मौके पर मानूराम हांसदा, सुंदर हांसदा, भोला नाथ मुर्मू, सुराई हांसदा, कारान सोरेन, गोपाल हांसदा, अभिनाथ मुर्मू , मुर्मू,जयना सोरेन,नानी मुर्मू, जोबा सोरेन, छिता मुर्मू , उप मुखिया गुरु चरण सोरेन, लिपू गिरि विश्वजीत राना, सोमनाथ राणा उपस्थित थे।

### सूर्या नर्सिंग कॉलेज परिसर में किया गया पौधरोपण

**चक्रधरपुर।** सूर्या नर्सिंग कॉलेज चक्रधरपुर में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें करीब 10 छायादार पौधे लगाये गये। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के डायरेक्टर गौरी शंकर महतो शामिल हुए। इसके अलावा कॉलेज के प्रिंसिपल मीनू मीनाक्षी और प्रबंधक नर्सिंग महतो भी शामिल हुए। कार्यक्रम में डायरेक्टर गौरी शंकर महतो ने कहा कि जिस तरह से देश में पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है, इससे भविष्य अंधकारमय लग रहा है। इसको बचाना अति आवश्यक है। मानव जीवन के लिए वृक्ष महत्वपूर्ण होते हैं। यदि वृक्ष को संभाल कर नहीं रखेंगे तो आने वाले समय में मनुष्य जीवन नाश हो जाएगा। जंगलों की रक्षा करना हर मानव का धर्म है। इसे बचा कर रखना ही हमारा कर्म होना चाहिए।

## रघुनाथपुर की टीम 13 ने विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधरोपण

**नवीन मेल संवाददाता। नीमडीह**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को नीमडीह प्रखंड अंतर्गत रघुनाथपुर की टीम 13 के युवाओं ने पौधरोपण कर पर्यवारण बचाने का संकल्प लिया. इस दौरान टीम 13 के अनूप कुमार दास के नेतृत्व में सदस्यों ने रघुनाथपुर में साल, पीपल, नीम, जामुन समेत विभिन्न प्रकार के पौधे लगाये और इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेकर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया. मौके पर ह्यमानव जीवन है खतरे में इसमें है हम सबकी समझदारी पेड़ लगाएंगे और पेड़ बचाएंगे पर्यावरण सुरक्षा की ली जिम्मेदारीह्न, सूरज की किरणें जब पड़ती हैं धरती पर तभी होता है सबेरा, पेड़ लगाओ धरती बचाओ तभी कर पाओगे, इस पर बसेरा,पेड़ पौधों की हरियाली इसमें छुपी है हमारी खुशहाली, पेड़ लगाना है वरदान एक पेड़ दस पुत्र समानह्न जैसे नारे लगाए गए।

**पर्यावरण संरक्षण हमारा दायित्व**

इस अवसर पर अनूप कुमार दास ने कहा कि आज विश्व पर्यावरण



दिवस पर पेड़ लगाने का शुभारंभ किया गया है। यह मुहिम पूरे बारिश के मौसम तक चलता रहेगा। पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस 100 से अधिक देशों के लोग मनाते हैं। 1973 से विश्व पर्यावरण दिवस संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा चलाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों को रोकने के लिए पौधरोपण करना चाहिए। ग्लोबल वार्मिंग हमारे पर्यावरण की बबार्दी का मूल कारण है। इसलिए सभी का दायित्व है कि पर्यावरण की रक्षा करें और इसे नष्ट करने वाले सभी शोषण को रोकें।

**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा**
(Mail Id- db-chatra@jharkhandmail.gov.in)
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**- सूचना -**

चतरा जिला परिषद क्षेत्राधीन सिमरिया प्रखण्ड अन्तर्गत अस्पताल परिसर चतरा रोड, अस्पताल परिसर हजारीबाग रोड, अस्पताल परिसर चौक पर, निरीक्षण भवन परिसर हजारीबाग रोड, निरीक्षण भवन परिसर टण्डवा रोड, बेसिक स्कुल परिसर सिमरिया में आवंटित दुकान के वैसे लाभुक जो निर्मित दुकान (एकरारनामा में वर्णित क्षेत्रफल) के अतिरिक्त (दुकान के सामने) अतिक्रमित किये हैं वैसे लाभुक को सूचित किया जाता है कि एक सप्ताह के अन्दर अतिक्रमण हटा लें।

उक्त निर्धारित अवधी के अन्दर अतिक्रमण मुक्त नहीं होने की स्थिति में बाध्य होकर किसी भी दिन अतिक्रमण को हटाते हुए संबंधित के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, चतरा

PR 325295 District(24-25)#D

## पर्यावरण की रक्षा हमारा मौलिक दायित्व : जस्टिस राम शर्मा



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

विश्व पर्यावरण दिवस पर लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य धनबाद सिविल कोर्ट परिसर में बुधवार को न्यायिक पदाधिकारियों व लीगल एड डिफेंस काउंसिल की टीम ने पौधारोपण किया. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने कहा कि हम अपने अधिकारों को याद रखते हैं लेकिन कर्तव्य भूल जाते हैं। पर्यावरण का संरक्षण भी हमारा मौलिक दायित्व है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक ने कहा कि हमारे चारों ओर के सभी जीव और निर्जीव तत्व पर्यावरण का हिस्सा हैं। प्रकृति के बिना मानव जीवन खत्म हो जाएगा, इस बात से भलीभांति परिचित होते हुए भी लोग प्रकृति और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय तौफीकुल हसन ने कहा कि बढ़ते तापमान का एक कारण ग्लोबल वार्मिंग है, जो मानव जीवन को बहुत नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में पर्यावरण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करके प्रकृति को हो रहे नुकसान को रोका जा सकता है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह ने कहा कि यह दिन न सिर्फ लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम करता है, बल्कि उसकी रक्षा के लिए भी प्रेरित करता है।

## पौधरोपण का उद्देश्य धरती को हरा-भरा बनाना है : डॉ निशीत



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर सुंदरनगर स्थित रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) की 106वीं बटालियन ने पौधरोपण किया. रैफ ने मेरी लाइफ कार्यक्रम के अंतर्गत वृहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया था। रैफ तथा आरसीडब्ल्यूए 106वीं बटालियन ने एनजीओ ह्यशिल्प कला केंद्रह्न, जमशेदपुर (झारखंड) एवं विभिन्न स्कूलों के बच्चों के साथ पौधरोपण किया। मेरी लाइफह्न कार्यक्रम का नेतृत्व रैफ के कमांडेंट डॉ। निशीत कुमार एवं आरसीडब्ल्यूए 106इठ की अध्यक्ष बबीता सिंह ने किया। कार्यक्रम में एनजीओ शिवम शिल्प कला केंद्र के सदस्यों, आसपास के स्कूली बच्चों एवं वाहिनी के अन्य कार्मिकों और उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आरसीडब्ल्यूए 106वीं बटालियन की अध्यक्ष बबीता सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम में सभी ने जिस उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया है, वह सराहनीय है। पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं और हमें उनकी रक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। मिया वाकी तकनीक के माध्यम से पौधे लगाने का यह प्रयास न केवल तेजी से हरियाली फैलाने में मदद करेगा, बल्कि स्थानीय जैव विविधता को भी बढ़ावा देगा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्कूली बच्चों और एनजीओ के सदस्यों ने भी पौधरोपण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए और इस पहल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

मौके पर कमांडेंट डॉ। निशीत कुमार ने कहा कि आज के इस महत्वपूर्ण दिन पर हम सबने मिलकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मिया वाकी तकनीक से पौधरोपण का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाना है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। यह आयोजन 106वीं बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स के पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कि इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित होते रहेंगे और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को बढ़ावा देंगे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज**
Email Id-rwdpalamu@gmail.com, eerwdpalamu@gmail.com, Phone No.-06562357595

पत्रांक................ दिनांक.....................

**प्रेस विज्ञिप्त**

एतद् द्वारा सूचित करना कि पूर्व में इस प्रमंडल में पदस्थापित सहायक अभियंताओं / कनीय अभियन्ताओं के नाम से राशि असमायोजित है । अपने नाम पूर्व में स्वीकृत अस्थायी अग्रिम राशि का समायोजन नहीं कराना एवं लम्बित राशि के समायोजन के प्रति उदासीन रहना एक स्वीकार्य कार्य प्रणाली नहीं है ।

इस राशि के समायोजन / वसुली के लिए महालेखाकर एवं विभाग द्वारा बारम्बार अनुदेश प्राप्त हो रहा है । वर्त्तमान में आपके पदस्थापन की अद्यतन स्थिति प्रमण्डल उपलब्ध नहीं है ।

अस्थायी अग्रिम राशि की सूची निम्न है :–

| क्र0सं0 | अभियंता का नाम | पदनाम | असमाजित राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | गिरधर प्रसाद सिंह | सहायक अभियंता, डालनगंज 1 | 26446.10 |
| 2 | शालीग्राम कुमार | सहायक अभियंता, डालनगंज 1 | 1293410.40 |
| 3 | चन्द्रषेखर प्रसाद | सहायक अभियंता, लातेहार | 656259.07 |
| 4 | स्व0 युगेष्वर रजक | सहायक अभियंता, डालनगंज 2 | 193933.10 |
| 5 | शुभनारायण चौबे | सहायक अभियंता, डालनगंज 2 | 887010.53 |
| 6 | अमरेन्द्र कुमार सिंह | सहायक अभियंता, डालनगंज 1 | 10000.00 |
| 7 | अमीर अली वारिस | सहायक अभियंता, लातेहार | 4177.34 |
| 8 | दीनबंधु शर्मा | सहायक अभियंता, छतरपुर | 3037.77 |
| 9 | मुक्तेष्वर उपाध्याय | सहायक अभियंता, कृषि बजार समिति, डालटनगंज | 1138.05 |
| 10 | सुरेश सिंह | कनीय अभियंता, डालटनगंज | 115.00 |

अत: आप सबों से अपेक्षा की जाती है कि इस विज्ञप्ति के साथ ही आप अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाई तथा राशि समायोजन या जमा करना अविलम्ब सुनिश्चित करेंगे ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।

PR.NO.325292 District(24-25):D

जीवन की सफलता के लिए केवल एक ही मार्ग है और वो है सत्य का: मंगल पाण्डेय

# विजय पथ और अस्तित्व की लड़ाई बना चुनाव

***यह*** विकट चुनाव था और शुद्ध रूप से 'मोदी की गारंटी' की केंद्रीय सत्ता के इर्द-गिर्द लड़ा गया था। नरेंद्र मोदी ने एक अलग तरह की राजनीति को बढ़ाया है। 2014 में जब उनका पहला चुनाव था, तो परिस्थितियों में एक तात्कालिकता थी, धारणा से उपजी प्यास थी। इसलिए वे कथा-कहन के हिसाब से सबसे अच्छे 'वक्ता' थे और सबसे ज्यादा शेयर की जाने वाली कहानी। एक, आशा ने उनके रास्ते अपना रास्ता तलाशा। दूसरे, चुनाव में उस पहले के आभासी बिम्ब पर मुहर का मौका था। तीसरा, चुनाव उनके एक 'कल्ट' की शक्ल में स्थापित हो जाने के बाद का चुनाव था। फैसलों की तेजी और निर्णायक दृढ़ता ने उनकी व्यक्तिगत अपील को अंततः मोदी की गारंटी में तब्दील कर दिया। वह एक 'स्वंयसेवक' थे और अपनी पार्टी के मूल संकल्पों को पूरा करने में उन्होंने राजनीतिक शक्ति का रणनीतिक उपयोग किया। इस तरह रचे गए मुहावरे ने उन्हें ढेरों भक्त दिए, और विरोधी भी। विरोध का स्तर यह था कि उनकी विफलता की कामना ही कई लोगों के जीवन की साध बन गई। ताजा चुनाव में जो विपक्षी गठबंधन बना, वह ढीला-ढाला गठबंधन था, जिसका केंद्रीय बंधु तत्व मोदी-विरोध ही था। ईडी, तानाशाही, बेरोजगारी, मोहब्बत के श्लोक थे। अगर ध्यान से देखें, तो पाएंगे कि क्षेत्रीय पार्टियों ने एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस को इतना कम स्पेस दिया कि वह दबाव बनाने की स्थिति में न रह सके। समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में, राष्ट्रीय जनता दल बिहार में और एनसीपी-शिवसेना महाराष्ट्र में कांग्रेस को पहली पायदान पर कुछ कैसे दे सकती थीं? रही बात 'आप' और 'टीएमसी' की, तो वे पंजाब-पश्चिम बंगाल में समझौते से दूर ही रहीं। कम्युनिस्ट पार्टी का समर्थन भी इससे कुछ अलग नहीं था। साफ है कि राज्यों में, वहां के भावी विधानसभा चुनावों में क्षेत्रीय वर्चस्व बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता है और उन्होंने इस चुनाव के दौरान यह जमीन तैयार करने की पूरी कोशिश की है।उत्तर प्रदेश ऐसा ही एक उदाहरण है, जिससे समझा जा सकता है कि सोशल इंजीनियरिंग का कथित मुहावरा कैसे काम करता है। पहले मोदी-शाह ने क्रीमी लेयर वाली जातियों से त्रस्त छोटी-छोटी जातियों के समूहों को इकट्ठा कर नया समर्थक समूह बनाया था। इस बार सपा ने उम्मीदवारों के चयन में भी यह मानकर कि मोदी विरोध में मुस्लिम और परंपरागत यादव वोट तो हर हाल में उसके साथ आएंगे,जातीय पहचान के रणनीतिक प्रयोग किए। दलितों को जब लगा कि बसपा ने हथियार डाल दिए हैं, तो उनके वोट भी आरक्षण की बात करने वाले 'इंडिया' को शिफ्ट हो गए। इस तरह भाजपा जिस 'सोशल इंजीनियरिंग' के भरोसे पहले जीती थी, वह विफल हो गई। विशेषज्ञों का कहना है कि जाटों ने हरियाणा और राजस्थान में और राजपूतों ने उत्तर प्रदेश में राजनीतिक आकांक्षाओं के खाते से झटके को अपना योगदान दिया है। यह उस ओर इशारा करता है कि एकल हिंदुत्व की पुकार कैसे जातीय समीकरणों और स्थानीय यथार्थ में गुम हो जाती है। तभी तो राम मंदिर वाले अयोध्या तक में, फैजाबाद सीट सपा की झोली में गिरी है। अलबत्ता मध्य प्रदेश, बिहार, आंध्र प्रदेश, ओडिशा समेत कुछ इलाकों से भाजपा को बड़ी सहायता मिली। यह तथ्य बताने के लिए काफी है कि आकांक्षाओं और राजनीतिक वास्तविकताओं का भूगोल व मनोविज्ञान किस तरह काम करता है। या, कैसे फॉमूर्लाबद्ध आदर्श अवधारणाएं हवा हो जाती हैं। तीखा, अर्थहीन मुहावरों के साथ शुरू हुआ यह चुनाव आखिर में संदेह पर समाप्त हुआ था। संदेह को एक मुद्रा की तरह चलाया गया। जैसा कि सूजी कासेम की उक्ति शुरू में कही गई है-संदेह जितने सपनों की हत्या करता है उतनी तो नाकामियां भी नहीं करती। इस लिहाज से यह चुनाव मुद्दों से उठकर 'अलंकारिक' और 'घात-प्रतिघात' का चुनाव बन गया। अब जब परिणाम आ गए हैं, शायद संदेह के सौदागर भी शांत होंगे और ईवीएम भी चैन की सांस लेगी। और हां, सबसे बड़ी घटना भारत के जीतने की, जम्मू-कश्मीर में हुई जहां पैंतीस साल बाद पहली बार 58 प्रतिशत से ज्यादा का मतदान हुआ। ताजा नतीजों ने फिर साझा सरकार के दिन लौटा दिए हैं। बकौल फ्रेंज काफ्का, रास्ते, चलने से ही बनते हैं। पर आगे मुश्किल मोड़ हैं। प्रधानमंत्री जो 'क्रांतिकारी' फैसले पहले सहज ढंग से कर सकते थे, अब वह सब उतना आसान नहीं रह जाएगा। सभी राजनीतिक चुनौतियां और ज्यादा जटिल होकर सामने आएंगी। समझौते और प्रहसन खड़े होंगे।

इन दिनों

# दुश्मनों के लिए जासूसी करने वालों को हो सीधे फांसी की सजा



आर.के. सिन्हा

***लोकसभा*** चुनाव के नतीजों के कोलाहल में बीते दिनों पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले एक देश के दुश्मन को दी गई उम्र कैद की सजा की खबर लगभग दब सी गई। ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व इंजीनियर निशांत अग्रवाल को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप साबित होने पर आजीवन कारावास की सजा नागपुर जिला न्यायालय ने सुनाई। अग्रवाल को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की ओर से जासूसी गतिविधियों के लिए आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत दोषी ठहराया गया। आजीवन कारावास के साथ-साथ उन्हें 14 साल के कठोर कारावास और उन पर 3,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। देश के गद्दारों को इसी तरह की सख्त सजा मिलनी चाहिए, ताकि कोई मातृभूमि के साथ गद्दारी करने के बारे में सोचे भी नहीं। आपको याद होगा कि छह साल पहले 2018 में इस मामले ने पूरे देश में हलचल मचा दी थी। क्योंकि, यह ब्रह्मोस एयरोस्पेस से जुड़ा जासूसी का पहला मामला था। अग्रवाल दो फेसबुक अकाउंट नेहा शर्मा और पूजा रंजन के जरिए संदिग्ध पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के संपर्क में था। इस्लामाबाद से चलाए जा रहे इन अकाउंट्स के बारे में माना जाता है कि इन्हें पाकिस्तान के खुफिया एजेंट चला रहे थे। ब्रह्मोस मिसाइल की जानकारी लीक करने के आरोप में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र एटीएस और मिलिट्री इंटेलिजेंस ने अग्रवाल को गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसियों ने दावा किया कि उसके कंप्यूटर और अन्य डिजिटल उपकरणों की जांच की गई और पाया गया कि संवेदनशील डेटा ट्रांसफर किया गया था। यह कौन नहीं जानता कि हमारे यहां सेना की जासूसी करने वाले जयचंद और मीर जाफर भी जगह-जगह मौजूद हैं। इनमें सेना के अंदर ही छुपे कुछ गद्दारों, सरकारी अफसरों से लेकर तथाकथित पत्रकार आदि भी बहुरूपिये शामिल हैं, जो दिखते कुछ और हैं और करते कुछ और हैं। ये आरटीआई के माध्यम से धीरे-धीरे सूचनाएं निकालने की जुगाड़ में लगे रहते हैं। इन्हें अपने आकाओं से मोटा पैसा जो मिलता है। इसलिए ये अपनी मातृभूमि का भी सौदा करने से पीछे नहीं हटते। इनका जमीर मर चुका है। दरअसल सूचना के अधिकार (आरटीआई) की आड़ में भारतीय सेना की तैयारियों को लेकर कुछ देश विरोधी ताकतें सूचनाएं निकालने की फिराक में रहते हैं। यह ही तत्व सेना से संबंधित जानकारियां सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगते हैं। यह सवाल इसलिए अहम हो जाता है, क्योंकि इधर देखने में आ रहा है कि कुछ तत्व सेना की अति संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण जानकारियों को हासिल करने में भी अनावश्यक दिलचस्पी लेने लगे हैं। केन्द्रीय कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में हुई एक बैठक 28 अप्रैल, 2022 को हुई थी जिसमें इस बात पर गंभीर चिंता जताई गई थी कि आरटीआई के नाम पर सेना की अहम जानकारियां मांगी जा रही हैं। यह बैठक सेनाध्यक्ष मनोज मुकुंद नरवणे के रिटायर होने से दो दिन पहले ही हुई थी। देश के नागरिकों को आरटीआई कानून के तहत सूचना पाने के अधिकारों की सीमाएं भी हैं। सूचना अधिकार के द्वारा राष्ट्र अपने नागरिकों को, अपने कार्य को और शासन प्रणाली को सार्वजनिक करता है। लोकतंत्र में देश की जनता अपनी चुनी हुए व्यक्ति को शासन करने का अवसर प्रदान करती है और यह अपेक्षा करती है कि सरकार पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का पालन करेगी। लेकिन, आम जनता को यह अधिकार तो कतई नहीं दिया जा सकता कि वह देश की सुरक्षा और शत्रु का मुकाबला के लिए की जा रही तैयारियों की ही जानकारियां मांगने लगे। पाकिस्तान और चीन की तरफ से लगातार यह कोशिश बनी रहती है कि उन्हें हमारी रक्षा तैयारियों की जानकारी हासिल होती रहे। इसलिए यह दोनों देश हमारे नागरिकों को तरह - तरह के लालच देकर सूचनाएं लेते रहते हैं। अब माधुरी गुप्ता की कहानी जान लें। वह भारतीय विदेश सेवा की 'ग्रुप बी' श्रेणी की अधिकारी थी। अपनी 27 वर्षों की लम्बी सेवा में माधुरी ने इराक, लाइबेरिया, मलेशिया, क्रोएशिया और पाकिस्तान में नौकरी की। उर्दू पर अच्छी पकड़ और सूफियाना मिजाज वाली माधुरी साहित्यिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहती थी। खुले ख्यालों वाली माधुरी धूम्रपान, शराब-सेवन, गुटका खाने और पुरुष-मित्रों से सम्बन्ध बनाने के लिए खास तौर पर जानी जाती थी। कुछ साल पहले इस्लामाबाद-स्थित भारत के उच्चायोग में द्वितीय सचिव के रूप में पोस्टिंग के दौरान माधुरी को उर्दू पर अच्छी पकड़ होने के कारण पाकिस्तानी मीडिया को मॉनिटर करने का काम सौंपा गया था। पाकिस्तान में पोस्टिंग के बमुश्किल छह महीने बीतते-बीतते माधुरी जमशेद, जिसका कोड नाम जिम था, के द्वारा फंसा ली गई। भारत सरकार के अधिकारियों को जब आभास हुआ कि माधुरी शत्रु के जासूसी षड्यंत्र में फंस गई है तो पुष्टि के लिए उसके माध्यम से एक गलत सूचना जानबूझ कर भेजी गई। परिणाम स्वरूप, खुफिया सूचनाओं को लीक करने का माधुरी के कारनामों का पक्का यकीन हो गया। भूटान में आयोजित होने वाले सार्क समिट की तैयारियों के बहाने माधुरी गुप्ता को भारत वापस बुलाया गया। 22 अप्रैल 2010 को वह वह ज्यों ही दिल्ली के हवाई अड्डे पर उतरी तो खुफिया एजेंसी के लोगों ने उसे अपनी पकड़ में ले लिया। पूछताछ से पता चला कि वह आईएसआई के दो जासूसों - मुन्नवर रजा राना और जमशेद उर्फ जिमी से सांठगांठ करके उन्हें खुफिया सूचनाएं सप्लाई करती थी। इन आरोपों के आधार पर 20 जुलाई 2010 को माधुरी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसे न्यायिक हिरासत में रखा गया। 18 मई 2018 को दिल्ली के अतिरिक्त सेशंस जज सिद्धार्थ शर्मा ने जासूसी के लिए माधुरी को तीन वर्षों की सजा सुनाई। कुछ साल पहले ही चीन के लिए जासूसी करने के आरोप में राजधानी के एक कथित वरिष्ठ पत्रकार राजीव शर्मा को पकड़ लिया गया था। राजीव शर्मा के बारे में यह पता चला था कि वह आरटीआई से जानकारियां निकाल कर चीन को सप्लाई करता था। उसे 'ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट' (ओएसएस) के तहत गिरफ्तार किया गया था। उसने सेना से जुड़े कई राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील सूचनाओं वाले दस्तावेज चीन को दिए थे। चीन को संवेदनशील सूचनाएं उपलब्ध कराने की एवज में उसे मोटी रकम मिलती थी। इधर आरटीआई के तहत आवेदकों की बाढ़ सी आ गई है। बहुत से लोग अनाप-शनाप सवाल भी पूछते रहते हैं। इसलिए यह सुनिश्चित करना होगा कि इस अधिकार का गलत इस्तेमाल न हो। इस बाबत बहुत सजग रहना होगा। एक बात और कि जो देश के साथ गद्दारी करे उसे सीधे मौत की सजा देने पर भी विचार किया जाना चाहिए। जरा सोचिए कि अग्रवाल को इस देश ने आईआईटी जैसे श्रेष्ठ शिक्षण संस्थान में पढ़ने का मौका दिया। उसने आईआईट से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की। इसके बाद वह ब्रह्मोस एयरोस्पेस में इंजीनियर के तौर पर काम करने लगा। उसकी विशेषज्ञता की वजह से उसे बहुत कम समय में ब्रह्मोस एयरोस्पेस में जरूरी पदों पर पदोन्नत किया गया और मिसाइल परियोजनाओं पर काम करने वाली टीम का एक जरूरी सदस्य बनाया गया। वही शख्स देश का दुश्मन बन गया। उसके जैसों को तो फांसी होनी ही चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### पंडरा बाजार समिति के समस्याओं का तत्काल समाधान हो : फेडरेशन

जितेश बाखला

***राजधानी*** रांची के पंडरा बाजार समिति की दुर्दशा और वहां पर व्यापारियों एवं मजदूर तथा किसानों के लिए सुविधाओं का घोर अभाव को देखते हुए फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन ने राज्य के मुख्यमंत्री और उपायुक्त, रांची को पंडरा बाजार समिति में तत्काल पानी की व्यवस्था के साथ-साथ खराब पड़े स्ट्रीट लाइट की स्थिति में सुधार, खराब पड़े चापाकलों के मरम्मत, सुरक्षा के उपाय, इत्यादि के संबंध में पत्र प्रेषित किया है। पंडरा बाजार समिति में करोड़ों का व्यापार होता है, और सरकार ने अपर बाजार, और अन्य क्षेत्रों से व्यापारियों को पंडरा बाजार समिति में इसी आश्वासन के साथ शिफ्ट किया था कि वह व्यापारियों को वहां पर सभी तरह सुविधाएं प्रदान करेंगी, लेकिन अभी वहां की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है, गंदगी का अंबार लगा हुआ है और आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है साथ ही साथ शौचालय, इत्यादि की समुचित व्यवस्था नहीं होने और स्ट्रीट लाइट खराब पड़े रहने एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था नहीं होने से अक्सर यहां पर अवांछित तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है और व्यापारियों के साथ अक्सर अपराध घटित होता रहता है। अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला और महासचिव सत्येंद्र प्रसाद सिंह ने व्यवसायियों, मजदूरों और किसानों के प्रति सरकार के इस उदासीनता पर चिंता व्यक्त किया है। पंडरा कृषि बाजार के दुर्व्यवस्था पर संगठन के सदस्यों ने इसमें अविलम्ब सुधार की मांग की है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष उमा शंकर सिंह, रेणुका तिवारी, विनोद कुमार वेगवानी, हरीश नागपाल, शाहिद, अमित कुमार जैन, आतिश कुमार अग्रवाल, बजरंग जैन, ललित अग्रवाल, मयूर पोद्दार, रंजीत मिश्रा, मनोज गोयल, संगीता अग्रवाल, आनंद केड़िया एव अन्य सदस्यों ने मांग की है।

राजनीति

# स्मृति ईरानी अमेठी को क्यों नहीं समझ पाई

गौरव अवस्थी

***अठारहवीं*** लोकसभा चुनाव में अमेठी से स्मृति ईरानी की हार ने सबको चौंका दिया। कारण, उन्होंने अपनी जीत का दावा बढ चढ़कर किया था और राहुल गांधी को सीधे मुकाबले के लिए ललकारा था। स्मृति ईरानी को पराजय का स्वाद गांधी परिवार के उस करीबी किशोरी लाल शर्मा से चखना पड़ा है जिन्हें उम्मीदवार बनाए जाने के बाद उन्होंने कोई महत्व ही नहीं दिया था। उनके इस दंभ का जवाब जनता ने ईवीएम का बटन दबा कर दिया। उन्होंने राहुल गांधी को 2019 के चुनाव में जितने वोटों से हराया था, उससे दोगुने से ज्यादा वोटो से गांधी परिवार के करीबी किशोरी लाल शर्मा ने उन्हें परास्त कर दिया। चुनाव परिणाम जानने के बाद लोगों की जिज्ञासा अब यह जानने में हो गई है कि जिस अमेठी पर स्मृति ईरानी को पांच साल में ही नाज हो गया था, आखिरकार उसने इतनी जल्दी उन्हें खारिज क्यों कर दिया।

> **स्मृति ईरानी को पराजय का स्वाद गांधी परिवार के उस करीबी किशोरी लाल शर्मा से चखना पड़ा है जिन्हें उम्मीदवार बनाए जाने के बाद उन्होंने कोई महत्व ही नहीं दिया था।**

इसके एक नहीं अनेक कारण खोजे और गिनाए जा सकते हैं। पहले तो यह कि स्मृति ईरानी को यह अंदाज नहीं था कि राहुल गांधी अमेठी छोड़ देंगे। इसीलिए वह अमेठी में अपने काम गिनाने की बजाय पिछले 5 साल में गांधी परिवार और खास तौर पर राहुल गांधी को कोसने में ही लगी रहीं। अमेठी के लोगों में इसी से उनकी नकारात्मक छवि बनी और चुनाव आते-आते यह नकारात्मक छवि नाराजगी में तब्दील हो गई। वोटरों के इस नाराजगी को ईरानी और उनके प्रबंधक आखिर तक पहचान ही नहीं पाए। किशोरी लाल शर्मा समेत कई लोगों पर दबाव बनाकर एफआईआर दर्ज कराई गईं। इनमें दो तो यूट्यूबर थे। गांधी परिवार को हल्के में लेना स्मृति ईरानी की रणनीतिक भूल रही। गांधी परिवार ने 40 साल से रायबरेली-अमेठी के लोगों के अपने माध्यम से सेवा कर रहे किशोरी लाल शर्मा की छवि और काम को आगे करके स्मृति ईरानी को जवाब देने की रणनीति बनाई और प्रियंका गांधी ने उस रणनीति को अपने धुआंधार प्रचार से धार दी। यह ध्यान में रखने वाली बात है कि प्रियंका गांधी ने जितना समय भाई के लिए रायबरेली में दिया उतना ही समय अपने परिवार की प्रतिष्ठा से जुड़ी सीट अमेठी में पार्टी प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के लिए भी दिया। किशोरी लाल शर्मा ने भी अपने प्रचार के दौरान गांधी परिवार से रिश्तों और विकास की कहानी ही बताई, स्मृति ईरानी का एक बार नाम भी नहीं लिया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## X- से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# प्रकृति को ओढ़ाते हरियाली की चादर

डॉ. सत्यवान सौरभ

***शिक्षक*** का ओहदा हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण होता है, जब वह छात्रों को प्रकृति के ऐसा जागरूक करे कि पूरा क्षेत्र ही हरियाली की चादर ओढ़ ले तो उसका स्थान अलग ही हो जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस पर हम आपको बता रहे हैं हरियाणा के भिवानी जिले के उपमंडल सिवानी के एक शिक्षक के बारे में जिनके पर्यावरण प्रेम ने छात्रों को इनता प्रोत्साहित किया कि क्षेत्र ने हरियाली की चादर ओढ़ ली। उनकी पर्यावरण की शिक्षा का ऐसा असर हुआ कि नगर के हजारों विद्यार्थी आज पर्यावरण के प्रति जागरूक हो रहे हैं। इतना ही नहीं ये अपने शिक्षक कर्तव्य के साथ भी मन से न्याय कर रहे है तभी इनके कठिन विषय इतिहास में स्कूल के बच्चे टॉपर रहे है और शत प्रतिशत परिणाम हासिल करते हैं। इनकी खास बात ये भी है कि हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम के बच्चों को पढ़ाते है। बिना प्रायोगिक विषयों में इनके छात्रों का शत प्रतिशत परिणाम प्राप्त करना कोई जादू नहीं इनकी अथाह मेहनत और समर्पण का परिणाम है। सिवानी के राजकीय संस्कृति मॉडल स्कूल में पदस्थ शिक्षक राजबीर बेनीवाल (इतिहास प्रवक्ता) के पर्यावरण प्रेम ने नगर सहित पूरे क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है। ये विद्यार्थियों के साथ वृहद स्तर पर पौधरोपण कर रहे हैं। बचपन से ही प्रकृति के प्रति राजबीर के बढ़ते तापमान और घट रही हरियाली के प्रति चिंतन को माता जी ने समझा और उन्हे पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। फिलहाल मास्टर राजबीर पर्यावरण संरक्षण के लिए नगर पालिका के साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जिसका लाभ शहरवासियों को मिल रहा है। ये आज नगरपालिका सिवानी के स्वच्छता ब्रांड एम्बेस्डर है। राजकीय मॉडल विद्यालय सिवानी में पदस्थापना के बाद इन्हें प्रिंसिपल सुरेश कुमार और सभी अध्यापकों सहित सुबेसिंह और पूनमचंद बड़वा का विशेष सहयोग मिला, विद्यालय परिसर में ही इसकी शुरूआत हुई, परिसर में पौधरोपण के बाद स्कूल के चारों ओर तथा स्कूल के सामने मार्ग के दोनों ओर वृहद स्तर पर पौधा रोपण किया। शहर की विभिन्न सड़कों के साथ-साथ कृष्णा प्रणामी स्कूल, बिश्नोई मंदिर और नगर की श्मशान भूमि जहां हरियाली नहीं थी, जैसे विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया। शिक्षक राजबीर बेनीवाल के पर्यावरण प्रेम ने धीरे-धीरे सभी का ध्यान खींचा। उनके पर्यावरण प्रहरी नामक महाअभियान से अब नगर के सामाजिक तथा धार्मिक संगठनों सहित प्रकृति प्रेमी जुड़े लगे। लोगों के जुड़ाव का ही यह परिणाम है कि नगर से लगभग 7-7 किलोमीटर दूर तक हजारों पौधों का लक्ष्य रखकर वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया। सिवानी का पर्यावरण प्रहरी आज अभियान बन गया है। मास्टर राजबीर ने नियमित रूप से खुद के खर्च से खुद ही बीज या कलम से पौधे तैयार करके आते-जाते रास्ते में लगाने शुरू कर दिए। साथ-साथ निःशुल्क लोगों को वितरित भी करते रहे। इसी प्रक्रिया को मास्टर राजबीर ने लगातार जारी रखा। राजबीर बताते हैं, शिक्षा विभाग में रहते हुए बार-बार स्थानान्तरण के चलते मुझे कई गांवों में सेवा का मौका मिला।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## बोधि वृक्ष

# रांची : बोडेया में 356 साल पुराना कृष्ण मंदिर

***राजधानी*** रांची से महज 8 किलोमीटर दूर बोड़ेया बस्ती कृष्ण भगवान का प्राचीन मंदिर स्थित है। जो मदन मोहन मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। ऐसा कहा जाता है कि इस मंदिर में पूजा करने से भक्तों की हर मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस मंदिर में दूर- दूर से लोग पूजा करने आते है। ऐसा कहा जाता है कि वृंदावन की परंपरा के अनुरूप पूजा की जाती है। बता दें कि आज पूरा देश भगवान विष्णु के कृष्ण अवतार का जन्मोत्सव मना रहा है। हिंदू पंचांग के मुताबिक भाद्रपद मास के कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि को प्रभु श्री कृष्ण ने धरती में जन्म लिया था और कई चमत्कार किया था। इसलिए इस दिन भक्त काफी उत्साह के साथ भगवान कृष्ण के आगमन की तैयारी करते है। बोडेया के मदन मोहन मंदिर की मान्यता है कि इस गांव के लोग



किसी भी शुभ काम से पहले मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना करते है। इस मंदिर की स्थापना लक्ष्मी नारायण तिवारी ने 1665 में कराया था। इस मंदिर में राधा कृष्ण की प्रतिमा विराजमान है। जिसकी पूजा वृंदावन की परंपरा के अनुरूप होती है।

(क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

# स्कैमर्स के निशाने पर हैं बुजुर्ग!

***देश*** में ठगी के मालमे कई सामने आ रहे है। स्कैमर्स ठगी के नए-नए तरीकों के जरिए लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। जाने इसे स्कैम से कैसे बचा जाएं। साइबर क्राइम के मामले देश भर में बढ़ते ही जा रहे हैं। स्कैम के नए-नए प्रकार लोगों को इससे बचने का कम चांस देते हैं। स्कैमर्स लोगों को ठगने का नए-नए तरीके तलाश रहे हैं। एक नए प्रकार का स्कैम सामने आया है, ग्रैंडपैरेंट स्कैम के जरिए जालसाज अब लोगों को चूना लगा रहे हैं। दरअसल, इस स्कैम के बारे में बेहद ही कम लोग जानते हैं। इसी वजह से अधिकतर लोग इसका शिकार आसानी से हो रहे हैं। इस स्कैम में साइबर ठग बुजुर्ग लोगों से पैसे भेजने के लिए और किसी तरह की पर्सनल जानकरी की मांग करते हैं। वहीं, ठगी करने वाले फर्जी रिश्तेदार बनकर पैसों की मांग के अलावा अन्य तरह की मांग करते हैं। कई बार तो स्कैमर्स कई बार विदेश में फंसने का झूठा दावा करते हैं और मेडिकल और आपात की मदद के नाम पर बुजुर्गों से पैसों की मांग करते हैं।



**ग्रैंडपैरेंट स्कैम से कैसे बचें** - अगर आपके साथ कभी भी ग्रैंडपैरेंट के पास इस तरह का फोन आए, जिसमें सामने वाला इंसान खुद को पोता या पोती और कोई रिश्तेदार होने का दावा करें तो आपको सावधान रहने की जरूरत है।

(क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पर्यावरण संरक्षण चुनौती... सजगता ही सही जवाब




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बुधवार को लखनऊ में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ लगाया।




गुवाहाटी के बोरागांव क्षेत्र में एक लैंडफिल साइट पर कूड़े का लगा अंबार और कूड़ा बिनते लोग, वहीं आहार तलाशते पशु-पक्षी, वास्तव में यह दृश्य आज हर शहर की सच्चाई है।

## जोर : मध्य प्रदेश में अब उपचुनाव की तैयारी!

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव निपटते ही उपचुनाव की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विधायक से सांसद बन गए हैं और राज्यसभा सदस्य ज्योतिरादित्य सिंधिया अब गुना से लोकसभा का चुनाव जीत गए हैं। इन नेताओं की जगह कौन लेगा, यह बड़ा सवाल है। वहीं इन स्थानों पर कब्जा जमाने की कोशिश भी शुरू हो गई है। इस चुनाव में कांग्रेस के पांच विधायक और एक राज्यसभा सदस्य को हार का सामना करना पड़ा है। राज्य की 29 लोकसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल कर इतिहास रच दिया है। इस चुनाव में दो सदनों के निर्वाचित सदस्य भी निर्वाचित हुए हैं। इनमें एक हैं पूर्व मुख्यमंत्री और बुधनी से विधायक शिवराज सिंह चौहान, जो विदिशा से लोकसभा का चुनाव जीते हैं। वहीं राज्यसभा सदस्य व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना से लोकसभा का चुनाव जीत गए हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री चौहान के लोकसभा का चुनाव जीतने पर बुधनी



विधानसभा सीट रिक्त होगी, इसी तरह सिंधिया के गुना से निर्वाचित होने पर राज्यसभा सीट रिक्त होगी। इन दोनों स्थानों पर अपनी संभावनाएं तलाशने के लिए नतीजे आते ही कई नेताओं ने हाथ पैर मारना शुरू कर दिया है। इन दोनों नेताओं के लोकसभा सदस्य की सदस्यता लेने और विधानसभा व राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद सियासी गलियारों में दावेदारों के नाम भी जोर पकड़ने लगेंगे।

राज्य में लोकसभा चुनाव में 6 विधायकों और दो राज्यसभा सदस्यों ने भाग्य आजमाया था। इनमें से सिर्फ दो चौहान और सिंधिया को ही सफलता मिली, जबकि अन्य राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस के उम्मीदवार दिग्विजय सिंह को राजगढ़ से हार का सामना करना पड़ा।

## आज का राशिफल

**मेष:** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ।

**वृषभ:** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मिथुन:** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। मेहमानों का आगमन होगा।

**कर्क:** श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**सिंह:** अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा।

**कन्या:** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। दिमाग में निर्मूल तर्क पैदा होंगे। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ नरम रहेगा।

**तुला:** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**वृश्चिक:** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें।

**धनु:** मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकर:** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**कुम्भ:** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं।

**मीन:** उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी।

# उप्र : भाजपा ने 25 सीटों पर लगाई की हैट्रिक

एजेंसी

**लखनऊ।** 18वीं लोकसभा चुनाव में भाजपा-नीत एनडीए को उत्तर प्रदेश में बड़ा झटका लगा है। पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार उसकी सीटें घटकर लगभग आधी रह गई हैं। इस चुनाव में भाजपा ने 33 सीटें जीती हैं। इनमें से 25 सीटें ऐसी हैं जिस पर पार्टी ने हैट्रिक लगाई है। वहीं पांच सीटों पर लगातार चौथी बार जीती है। लखनऊ सीट पर भाजपा ने लगातार 9वीं बार जीत दर्ज की है। वहीं 2018 के उपचुनाव को छोड़ दें तो गोरखपुर में भाजपा लगातार सातवीं बार जीती है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य में 62 सीटें जीती थीं। वीआईपी सीटों में शुमार लखनऊ संसदीय सीट पर भाजपा 1991 से लगाातर जीत रही है। वर्ष 1991 से 2004 तक लगातार पांच चुनाव यहां से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जीते। वर्ष 2009 में लालजी टंडन ने यहां जीत का कमल खिलाया। वर्ष 2014, 2019 में राजनाथ सिंह जीते। इस बार भी राजनाथ सिंह यहां कमल खिलाने में कामयाब रहे। लखनऊ में भाजपा की ये नौंवी जीत है जबकि राजनाथ सिंह की हैट्रिक है। गोरखपुर सीट पर 1998 से लेकर 2014 तक लगातार पांच चुनाव में योगी आदित्यनाथ ने जीत दर्ज की। वर्ष 2019 में भाजपा उम्मीदवार के तौर पर रवि किशन मैदान में उतरे और विजयी रहे। वर्ष 2024 में रवि किशन ने यहां जीत का फिर कमल खिलाया है। आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद 2018 में हुए उपचुनाव में सपा के प्रवीण निषाद यहां से जीते थे। इस बार के चुनाव में भाजपा ने जिन 25 सीटों पर जीत की हैट्रिक लगाई है उनमें गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा, फतेहपुर सीकरी, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फररुर्खाबाद, कानपुर, अकबरपुर, झांसी, फूलपुर, बहराइच, कैसरगंज, गोण्डा, डुमरियागंज, महाराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, वाराणसी और भदोही शामिल हैं। पांच सीटों पर चौथी बार जीती भाजपा-प्रदेश की पांच सीटों- मेरठ, गाजियाबाद, आगरा, पीलीभीत और बांसगांव में भाजपा ने लगातार चौथी जीत दर्ज की है।



### राहुल जनता से संवाद स्थापित करें : दिनेश प्रताप



**रायबरेली।** लोकसभा चुनाव 2024 में रायबरेली से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बीजेपी प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को हार का स्वाद चखाते हुए यहां जीत का परचम लहराया है। राहुल ने इस बार दो सीटों पर चुनाव लड़ा था। वो दोनों पर जीत गए। वहीं, रायबरेली से हारने के बाद दिनेश प्रताप सिंह ने राहुल गांधी से कहा कि मैं उन्हें बधाई देना चाहूंगा, वो रायबरेली की जनता की सेवा करें। लोगों के विकास के लिए काम करें। उन्होंने कहा, राहुल गांधी को रायबरेली की जनता के साथ संवाद स्थापित करना होगा। उन्होंने कहा, यह हार दिनेश प्रताप सिंह सहित भाजपा के लिए चिंतन का विषय है कि आखिर हमारी यहां पर हार क्यों हुई? यही नहीं, जहां 500 वर्षों के बाद भगवान राम का मंदिर बनाया गया, एयरपोर्ट बनाया गया, बुनियादी संरचना का विकास किया गया, वहां भी बीजेपी हार गई। ऐसे में निसंदेह यह हमारे लिए गंभीर चिंता का विषय है।

### चुनाव से ठीक पहले पाला बदलने वालों को हुआ भारी नुकसान

2024 के लोकसभा चुनाव से पहले जिन लोगों ने आखिरी समय में पार्टी बदली थी, उनके लिए यह चुनाव बुरी खबर लेकर आया। अधिकांश दल-बदलुओं को हार का सामना करना पड़ा है। दल-बदलुओं में सबसे बड़ा उलटफेर अंबेडकर नगर से रितेश पांडे का हुआ। चुनाव से ऐन पहले बीएसपी सांसद बीजेपी में चले गए, लेकिन समाजवादी पार्टी के लाली वर्मा से 1.37 लाख वोटों से हार गए। बीएसपी से कांग्रेस में आए दानिश अली भी अपनी सीट गंवाने वाले सांसद रहे। दानिश अली अमरोहा सीट पर करीब 30,000 वोटों से हार गए। बीएसपी से टिकट नहीं मिलने पर भदोही के सांसद रमेश बिंद आखिरी समय में मिजार्पुर सीट से चुनाव लड़ने के लिए समाजवादी पार्टी में चले गए और 38,000 वोटों से हार गए। बीएसपी से बीजेपी में आए अन्य उम्मीदवारों में सुरेश सिंह, हितेंद्र कुमार, नंद किशोर पुंधीर, सारिका सिंह बघेल, सच्चिदानंद पांडे और राजेंद्र सिंह सोलंकी शामिल हैं। ये सभी चुनाव हार गए। जिन लोगों को हार का सामना करना पड़ा उनमें विजेंद्र सिंह बिजनौर (आरएलडी से बीएसपी में गए), आबिद अली (एसपी से बीएसपी में गए) और माजिद अली (आजाद समाज पार्टी से बीएसपी में गए) शामिल हैं। हालांकि इस बीच पार्टी बदलने के बावजूद दो उम्मीदवार अपनी सीट बचाने में सफल रहे इनमें गाजीपुर से अफजाल अंसारी और श्रावस्ती से राम शिरोमणि वर्मा शामिल हैं। दोनों नेता चुनाव से पहले बीएसपी से एसपी में चले गए थे।

## दिल्ली से टोरंटो जाने वाली फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली से टोरंटो (कनाडा) जाने वाली फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस के मुताबिक एयर कनाडा फ्लाइट एसी43 को बम की धमकी वाला ई मेल मिला है। यह धमकी मंगलवार रात दिल्ली से रवाना होने से ठीक पहले ई-मेल के माध्यम से दी गई। सुरक्षा उपायों के लिए विमान को आइसोलेशन बे में भेज दिया गया है और स्क्रीनिंग प्रक्रिया चल रही है। पुलिस के अनुसार बीती रात 10.50 बजे, आईजीआई एयरपोर्ट स्थित दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) कार्यालय में एक ई मेल प्राप्त हुई, जिसमें एयर कनाडा की उड़ान के अंदर बम होने की धमकी दी गई थी, जो टोरंटो के लिए प्रस्थान करने वाली थी। मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए विमान का गहन निरीक्षण किया गया और कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। उल्लेखनीय है कि 31 मई को दिल्ली से 177 यात्रियों को लेकर श्रीनगर जा रही विस्तारा की फ्लाइट संख्या यूके-611 को बम की धमकी मिली थी। कॉल पर धमकी मिलने के बाद एयरलाइन और सुरक्षा बलों ने तुरंत कार्रवाई कर फ्लाइट को श्रीनगर एयरपोर्ट पर सुरक्षित तरीके से उतारा था।

## एनडीए गठबंधन एक है, अच्छा काम कर रहा है : जायसवाल



एजेंसी

**पटना।** बिहार की पश्चिम चंपारण सीट से भाजपा प्रत्याशी संजय जायसवाल ने 1,36,568 वोटों से कांग्रेस प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी को करारी शिकस्त दी है। जीत के बाद सांसद संजय जायसवाल दिल्ली रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने जनता का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने कहा, एनडीए गठबंधन पूरी तरह एक है। भाजपा की कम सीट आने पर उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है, राजनीति में थोड़ा बहुत इधर-उधर होता रहता है। केंद्र में तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ एनडीए की सरकार बन रही है। देश क्या दुनिया के इतिहास में किसी भी लोकतांत्रिक देश में अभी तक यह देखने को नहीं मिला था कि तीन बार लगातार एक ही सरकार पूर्ण बहुमत से बन रही है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने गरीबों के लिए जो काम किया है कि उसी का नतीजा है कि एक बार फिर एनडीए की सरकार बन रही है और पीएम तीसरी बार पीएम बनने जा रहे हैं। नीतीश को विपक्ष से ऑफर मिलने के सवाल पर जायसवाल ने कहा कि एनडीए गठबंधन पूरी तरह से एक है, अच्छे से काम कर रहा है।

## राष्ट्रपति ने पीएम के नेतृत्व वाले मंत्रिपरिषद को दी विदाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार रात राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व वाले निवर्तमान केंद्रीय मंत्रिपरिषद के लिए रात्रिभोज (डिनर) का आयोजन किया।

परंपरा के अनुसार, राष्ट्रपति ने मंत्रिमंडल के सदस्यों को विदाई डिनर दिया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित डिनर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण समेत सभी केंद्रीय मंत्री मौजूद रहे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और डॉ. सुदेश धनखड़ भी विदाई डिनर में शामिल हुए। बता दें कि इससे पहले प्रधानमंत्री के आवास पर बुधवार को हुई एनडीए की बैठक में सभी



दलों ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुन लिया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एनडीए की बैठक में प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी के नाम का प्रस्ताव रखा। टीडीपी के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित एनडीए के सभी नेताओं ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। एनडीए की महत्वपूर्ण बैठक में एनडीए के 16 पार्टियों के प्रमुख नेता मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पीएम मोदी ने सर्वप्रथम जनता-जनार्दन का आभार प्रकट किया और एनडीए को लगातार तीसरा कार्यकाल देने के लिए धन्यवाद दिया।

## केजरीवाल की सात दिनों की अंतरिम बेल याचिका हुई खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के सीएम केजरीवाल की सात दिनों की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। फैसला सुनाने के दौरान केजरीवाल के वकील ने उनके स्वास्थ्य पर चिंता जताई। इस पर कोर्ट ने तिहाड़ जेल प्रशासन को केजरीवाल के स्वास्थ्य संबंधी जरूरी टेस्ट कराने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह भी कहा कि आपको जब भी स्वास्थ्य की चिंता हो, आप कोर्ट आ सकते हैं। कोर्ट ने एक जून को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से एएसजी एसवी राजू ने कहा कि अंतरिम जमानत या नियमित जमानत के लिए मनी लॉड्रिंग कानून की धारा 45 की प्रक्रिया का पालन होना चाहिए।

## विश्व पर्यावरण दिवस / पेड़ और जल ही जीवन का सच्चा आधार

# गंगा नदी की सफाई-प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प

एजेंसी

**वाराणसी।** विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 5 जून को मनाया जाता है। इस दिन लोगों को जागरूक करने के लिए पर्यावरण से संबंधित कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में वाराणसी में गंगा नदी की सफाई की गई और पौधे लगाए गए। 'पेड़ और जल ही जीवन का सच्चा आधार है', इस मैसेज को देने के लिए नमामि गंगे मिशन के तहत एकजुट हुए लोगों ने दशाश्वमेध और प्रयाग घाट पर गंगा नदी की सफाई की। गंगा जल को प्रदूषित कर रही सामग्रियों को बाहर निकाला और जल के संरक्षण का संकल्प लिया गया।इस दौरान लोगों ने जमकर नारे भी लगाए - 'हम सभी ने ठाना है, गंगा को स्वच्छ बनाना है', 'हम सब ने ठाना है, पर्यावरण को बचाना है'। एक ने कहा, "हम संकल्प लेते हैं, इस पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण को बचाने में अपना योगदान देंगे। हम जल का संरक्षण करेंगें। हम पौधे लगाएंगे और पौधों का संरक्षण भी करेंगे। हम संकल्प लेते हैं कि गंगा किनारे कोई भी गंदगी नहीं करेंगे। गंगा पर पॉलिथीन का इस्तेमाल नहीं करते हुए गंगा को प्रदूषित करने वाली सामग्रियों का विसर्जन नहीं करेंगे। "अहिल्याबाई घाट पर पर्यावरण को शुद्ध रखने और वृक्षारोपण की भावना को जगाने के लिए लोगों को तुलसी के पौधे दिए गए। पर्यावरण के प्रमुख स्त्रोत सूर्य देव, जल रूपी मां गंगा और वनस्पति रूपी तुलसी की आरती की गई।



### कई मुद्दों पर जागरूक होना जरूरी

उन्होंने आगे कहा कि पेड़-पौधे लगाने, पेड़ों को संरक्षित करने, पेड़ों को न काटने, नदियों को साफ रखने, जल का संरक्षण और प्रकृति से खिलवाड़ न करने जैसी चीजों के लिए हमें जागरूक होना चाहिए। इस बार हम सब को मिलकर पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए आगे आना चाहिए। आयोजन में प्रमुख रूप से नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला, सोहन सिंह, राजेंद्र सिंह, रमेश चौहान, रतनलाल, नागेंद्र शर्मा मौजूद रहे। बता दें कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 5 जून 1972 को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की शुरूआत की थी। तब से पूरी दुनिया में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।

## भागलपुर का जदार्लू आम राष्ट्रपति, पीएम सहित अन्य अतिथियों के लिए भेजा गया

एजेंसी

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर का जदार्लू आम रसीले और सुपाच्य आमों के श्रेणी में शुमार किया जाता है। यह आम अपने लजीज स्वाद के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। भागलपुर का जदार्लू आम हर साल प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति समेत अन्य गणमान्यों को भेजा जाता है। इस बार फिर बुधवार को जदार्लु आम प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति समेत अन्य विशिष्ट अतिथियों को भेजा गया है। वर्ष 2007 से लगातार हर साल प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति इसका स्वाद चखते आ हैं। लेकिन इस बार यह खास है। क्योंकि यह पहला मौका है जब किसी प्रधानमंत्री के जीत के बाद संदेश के रूप में जदार्लु आम भेजा गया है। भागलपुर का जदार्लु आम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा सौगात के रूप में



भेजा जाता है। इस बीच प्रधानमंत्री को जदार्लू आम का सौगात भेजा जाना भी खास है। सुलतानगंज के किसान मैंगो मेन अशोक चौधरी के बगान से कृषि विभाग के अधिकारियों ने आम की पूरी तरह से जांच कर उसे तोड़कर पैकिंग करवाया था। आज विक्रमशिला एक्सप्रेस से 2000 किलो आम भेजा गया है। आनंद विहार टर्मिनल से कल बिहार भवन ले जाया जाएगा। उसके बाद वहां से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, केन्द्रीय मंत्रियों और अन्य विशिष्ट अतिथियों को भेजा जाएगा।

# विश्व कप जीतना मेरा एकमात्र सपना है : कुलदीप यादव



**न्यूयॉर्क।** भारत के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने मौजूदा टी 20 विश्व कप में भारत के लिए ट्रॉफी जीतने की इच्छा जताई है। कुलदीप ने भारत के 2019 और 2024 में पिछले वनडे विश्व कप में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी लेकिन वह अब तक टी 20 विश्व कप में नहीं खेल पाए हैं। वह इस मेगा इवेंट में तब उतरेंगे जब भारत बुधवार को आयरलैंड के खिलाफ अपना पहला विश्व कप मैच खेलेगा।

उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के पॉडकास्ट में कहा,"जब आप भारत के लिए लम्बे समय से खेल रहे हैं तो आपको विश्व कप जीतना चाहिए।भारत के लिए विश्व कप जीतना मेरा सपना है। यह मेरा पहला टी 20 विश्व कप है। मैं 29 साल का हूं और जब तक संभव हो सके खेलना चाहता हूं। विश्व कप जीतना मेरा लम्बे समय से सपना है और इसके पीछे काफी मेहनत लगती है। यदि आप भारत के लिए लम्बे समय से खेल रहे हो तो आपको विश्व कप जीतना चाहिए। मुझे लगता है कि आखिर में ट्रॉफियां मायने रखती हैं और आप ट्रॉफियां जीतने के लिए खेलते हैं। इसलिए विश्व कप जीतना मेरा एकमात्र सपना है। "

चाइनामैन गेंदबाज ने आगे क्रिकेट से परे अपने सपनों को साझा किया और कहा, ¥क्रिकेट से परे, मुझे फुटबॉल कोचिंग में लाइसेंस मिलने की उम्मीद है। मैं परफेक्ट नहीं हूं, लेकिन मुझे इस पर बहुत काम करने की जरूरत है। उम्मीद है, जब मैं क्रिकेट छोड़ूंगा , तो मैं इसमें समय लगा सकता हूं और उचित प्रशिक्षण ले सकता हूं, मेरे पास ऐसे दोस्त हैं जो खेल से जुड़े हैं और क्रिकेट के बाद, अगर मैं कुछ करना चाहता हूं, तो मैं निश्चित रूप से फुटबॉल में योगदान देना चाहूंगा।"

बाएं हाथ के लेग स्पिनर ने सनसनीखेज प्रदर्शन किया जिसके कारण उन्हें टी20 विश्व कप टीम में शामिल किया गया। हालाँकि, कुछ साल पहले उन्हें एक बुरे दौर का सामना करना पड़ा। 2022 में दिल्ली कैपिटल्स में शामिल होने से पहले, उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोई अवसर नहीं मिलने से संघर्ष करना पड़ा और उनके अंतरराष्ट्रीय करियर पर भी असर पड़ा।

# नॉर्वे शतरंज : प्रज्ञानानंद राउंड-8 में कार्लसन से हारे, वैशाली जीतीं

**एजेंसी। स्टावेंजर**



भारतीय ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रज्ञानानंद मंगलवार को नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के आठवें राउंड में आमार्गेडन गेम में विश्व के नंबर एक मैग्नस कार्लसन से हार गए। इस जीत से कार्लसन ने 14.5 अंकों के साथ अपनी बढ़त को पूरे एक अंक तक बढ़ाया, जबकि हिकारू नाकामुरा 13.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, वहीं, प्रज्ञानानंद 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। हिकारू नाकामुरा ने क्लासिल शतरंज में फिरौजा को हराया। इस बीच, विश्व चैंपियन डिंग लिरेन ने दो जीत के स्थान गंवा दिया और अंततः आर्मगेडन टाईब्रेकर में फैबियानो कारुआना से हार गए।महिलाओं के इवेंट में, विश्व चैंपियन जू वेनजुन ने पिया क्रैमलिंग के खिलाफ क्लासिकल गेम जीतकर स्टैंडिंग में बढ़त हासिल की।उ इस बीच, लेई टिंगजी ने जीएम कोनेरू हम्पी को हराकर अपनी पहली क्लासिकल जीत हासिल की।

पिछली लीडर अन्ना मुजीचुक वैशाली रमेशबाबू से आर्मगेडन में हार गईं।

दो राउंड शेष रहते, वेनजुंग 14.5 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, उनके बाद मुजिचुक 13 अंकों के साथ दूसरे और वैशाली 11.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

# हम अपनी कमजोरियों पर काम कर रहे हैं : नवनीत



एक टीम के रूप में एकजुट हैं

**एजेंसी। लंदन**

भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में चुनौतीपूर्ण यूरोपीय चरण का सामना किया है, जिसमें बेल्जियम और इंग्लैंड जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ छह मैच खेले हैं। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद, टीम ने लचीलापन और प्रगति दिखाई है, जिसका लक्ष्य अपने आगामी मैचों में इन अनुभवों का लाभ उठाना है।

अब तक के सफर पर विचार करते हुए, उप कप्तान नवनीत कौर ने जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ बचे हुए मैचों के लिए अपनी अंतर्दृष्टि और टीम की रणनीति साझा की।

उन्होंने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, हमने एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के यूरोपीय चरण में कड़ी चुनौतियों का सामना किया है, लेकिन प्रत्येक मैच हमारे लिए एक मूल्यवान सीखने का अनुभव रहा है। असफलताओं के बावजूद, हमारी टीम ने लचीलापन और सुधार दिखाया है, खासकर बेल्जियम और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ हमारे करीबी मुकाबलों में। उन्होंने कहा, हम अपने बचे हुए दो मैचों में जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन का सामना करने के लिए तैयार हैं, इसलिए हम अपने पिछले प्रदर्शनों का विश्लेषण करने और सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य अपनी कड़ी मेहनत को सकारात्मक परिणामों में बदलना है। हमें अपनी क्षमताओं पर विश्वास है और हम मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए दृढ़ हैं। यूरोपीय चरण में अब तक भारत को अपने पहले मैच में अर्जेंटीना के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा, उसके बाद बेल्जियम (0-2 और 1-2) से भी उसे हार का सामना करना पड़ा। अर्जेंटीना के खिलाफ अपने रीमैच में भारत 0-3 से हार गया। टीम को जर्मनी (1-3) और ग्रेट ब्रिटेन (2-3) से भी हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट में अब तक दो गोल करने वाले नवनीत ने कहा, अब तक का सफर चुनौतीपूर्ण रहा है, लेकिन इसने हमें एक टीम के तौर पर और भी करीब ला दिया है।

## बारिश के कारण इंग्लैंड-स्कॉटलैंड मैच रद्द

टी 20 विश्व कप



**ब्रिजटाउन।** इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच ब्रिजटाउन के केंसिंग्टन ओवल में टी20 विश्व कप 2024 का छठा मैच मंगलवार देर रात बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। स्कॉटलैंड ने टॉस जीतकर गत विजेता इंग्लैंड के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जॉर्ज मुन्से (31 गेंदों पर 41* रन, 4 चौके और 2 छक्के) और माइकल जोन्स (30 गेंदों पर 45* रन, 4 चौके और 2 छक्के) ने स्कॉटिश टीम के लिए ओपनिंग की और शानदार प्रदर्शन करते हुए 90 रनों की साझेदारी निभाई। सातवें ओवर की दूसरी गेंद के बाद बारिश के कारण मैच रोक दिया गया था, लेकिन बारिश रुकते ही खेल फिर से शुरू हो गया और इसे 10-10 ओवर का कर दिया गया।उ दोनों सलामी बल्लेबाजों ने मैच पर नियंत्रण बनाए रखा और इंग्लिश गेंदबाजों के खिलाफ जमकर रन बनाए, जिससे 10 ओवर की समाप्ति के बाद स्कॉटलैंड का स्कोर बिना किसी नुकसान के 90 हो गया।

## युथ हॉस्टलस एसोसिएशन की ओर से मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस



**रांची।** युथ हॉस्टलस एसोसिएशन ऑफ इंडिया झारखण्ड राज्य शाखा के के विभिन्न इकाइयों के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस को काफी धूमधाम से मनाया गया। झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन के बैनर तले और युथ हॉस्टलस एसोसिएशन के सहयोग से झारखण्ड ओलम्पिक कार्यालय परिसर में फलदार वृक्ष लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी जिसमे पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया ईसके अलावे मनरखन ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में इसके बी एडकॉलेज परिसर में पर्यावरण संकल्प के साथ वृक्षारोपण किया गया जिसमे बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए संकल्प लिया। सिल्ली में संत माइकल स्कुल परिसर में खिलाड़ियों और युथ हॉस्टल के पदाधिकारियों ने वृक्षारोपण किया।

## हम वास्तव में यह मुकाबला जीतना चाहते हैं : सुनील छेत्री



**एजेंसी। कोलकाता**

भारतीय फुटबॉल टीम के करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री ने बुधवार को अपने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच को लेकर चल रही सुर्खियों को कम महत्व देते हुए यहां कुवैत के खिलाफ टीम के अहम फीफा विश्व कप क्वालीफायर पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की। भारत अगर गुरुवार को खेले जाने वाले इस मैच को जीत जाता है तो फीफा विश्व कप के तीसरे दौर में उसकी जगह लगभग पक्की हो जाएगी। फीफा विश्व कप का आयोजन 2026 में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होना है। इस में भाग लेने वाली एशिया की टीम का फैसला तीसरे क्वालीफायर के बाद होगा। छेत्री ने पिछले महीने घोषणा की थी कि कुवैत के खिलाफ फीफा क्वालीफायर का दूसरे चरण का मैच अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में उनका आखिरी मैच होगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 19 साल तक भारतीय फुटबॉल का चेहरा रहे इस खिलाड़ी ने कुवैत के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, यह मेरे और मेरे आखिरी मैच के बारे में नहीं है। मैं इसे इस तरह से नहीं देखता हूं। हम वास्तव में यह मुकाबला जीतना चाहते हैं। यह आसान नहीं होने वाला है, लेकिन हम तैयार हैं। हमें जबरदस्त समर्थन मिलेगा।'इस 39 साल के स्ट्राइकर ने अपने आगे की योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर कहा, अगर हम कल जीतते हैं तो हम लगभग क्वालीफाई (तीसरे चरण के लिए) कर लेंगे। हमें घरेलू और विदेशी सरजमीं पर पांच-पांच मैच खेलने का मौका मिलेगा। मैं अच्छे सूट पहनूंगा और जहां भी टीम खेलेगी वहां मैच देखूंगा।' छेत्री ने कहा, मैं हर दिन टीम के खिलाड़ियों से बात करता हूं। मैं उन्हें इस सपने के बारे में बताता रहता हूं। मुकाबले से पहले लंबा शिविर मददगार होता है। आपके पास टीम की खामियों को दूर करने के लिए अधिक समय होता है।' छेत्री से जब पूछा गया कि वह संन्यास के अपने फैसले पर फिर से विचार कर सकते हैं तो उन्होंने इसका ना में जवाब दिया।

## मनोज कोनबेगी ने सुदूरवर्ती इलाके के हॉकी खिलाड़ियों के साथ मनाया अपना जन्म दिन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर आत्म निर्भर हॉकी प्रशिक्षण केंद्र कुरकुरा के खिलाड़ियों के साथ मिलाकर काटा जन्म दिन का केक ग्रामीणों से बैठक कर कहा अपने बच्चो को मोबाइल, नशा और कुसंगतियो से रखे दूर और भेजे खेल का मैदान

अपना जन्म दिन हो या कोई त्योहार हमेशा नन्हे खिलाड़ियों के साथ मिलकर इस उत्सव को मानने वाले हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने विगत कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी आज अपने जन्म दिवस जिला मुख्यालय से 40 किलो मीटर दूर सुदूरवर्ती इलाका कुरकुरा में संचालित आत्म निर्भर हॉकी प्रशिक्षण केंद्र कुरकुरा के हॉकी खिलाड़ियों के साथ मिलकर मनाया। और हॉकी खिलाड़ियों के साथ मिलकर जन्म दिन का केक काटा। इस अवसर पर बालक बालिकाओं का एक मैत्री हॉकी मैच का भी आयोजन किया गया। अहले सुबह अपने गांव के मैदान में हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोणबेगी को देखकर स्थानीय ग्रामीण और जनप्रतिनिधि भी मैदान पहुंच गए। उपस्थित खिलाड़ियों को हॉकी प्रशिक्षण के कुछ तकनीकी बारीकी बतलाने के बाद एक मैत्री मैच का आयोजन किया गया एवम मैच के समापन के उपरांत खिलाड़ियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में सामूहिक रूप से केक काटा गया।

## कोको गॉफ ने दूसरी बार सेमीफाइनल में किया प्रवेश



**पेरिस।** खेले गए महिला एकल के क्वार्टरफाइनल में एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ट्यूनीशियाई खिलाड़ी ओन्स जाबेउर को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## लक्ष्य, प्रियांशु जीते, वेन ची सू के खिलाफ शुरूआत करेंगी सिंधु



**एजेंसी। जकार्ता**

लक्ष्य सेन और प्रियांशु राजावत ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर 1,300,000 डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इंडोनेशिया ओपन 2024 बीडब्लूएफ 1000 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। लक्ष्य ने जापान के कांता सुनेयामा को मंगलवार को 40 मिनट में 21-12, 21-17 से पराजित किया जबकि राजावत ने हमवतन एच एस प्रणय को 30 मिनट में ही 21-17, 21-12 से चौंका दिया। पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में पहंचने वाली ट्रीसा जोली और गायत्री गोपीचंद ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चीनी ताइपे की जोड़ी चेंग यू-पेई और सुन यू-सिंग को मात्र 29 मिनट में पहले दौर में 21-15, 21-11 से हरा दिया। बी सुमित रेड्डी और सिक्की रेड्डी ने पहले गेम हारने के बाद वापसी करते हुए 57 मिनट में अमेरिकी जोड़ी विनसन चियू और जैनी गई को 18-21, 21-16, 21-17 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इस बीच किरण जॉर्ज को पुरुष एकल में चीन के होंग यांग वेंग से तीन गेमों के संघर्ष में 21-11, 10-21, 20-22 से हार का सामना करना पड़ा। पी वी सिंधु अपने अभियान की शुरूआत बुधवार को चीनी ताइपे की वेन ची-सू के खिलाफ करेंगी जबकि आकर्षि कश्यप भी पहले राउंड में पूर्व विश्व चैंपियन थाईलैंड की रत्चानोक इंतानोन से भिड़ेंगी।



## जीप ने लांच की मेरिडियन एक्स स्पेशल एडिशन एसयूवी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

जीप मेरिडियन एक्स एडिशन भारत में लॉन्च कर दी गई है और इस स्पेशल एडिशन एसयूवी को काफी सारी ऐसी खूबियों के साथ पेश किया गया है, जो अपने सेगमेंट की टॉप सेलिंग टोयोटा फॉर्च्यूनर समेत और भी गाड़ियों में नहीं है। स्लीक बॉडी कलर वाले लोअर्स, ग्रे रूफ और ग्रे पॉकेट्स वाले अलॉय व्हील समेत कई और खूबियों से लैस इस एसयूवी में बेहतर ड्राइविंग एक्सपीरियंस के लिए मोडिफिकेशन की कई सुविधाएं दी गई हैं, जिनमें साइड मोल्डिंग, पडल लैंप्स, प्रोग्राम किए जाने वाले एंबिएंट लाइटिंग, सनशेड्स, एयर प्यूरिफायर, डैशबोर्ड कैमरा, प्रीमियम कार्पेट मैट्स और ऑप्शनल रियर सीट एंटरटेनमेंट पैकेज प्रमुख हैं।

### बुकिंग शुरू

जीप मेरिडियन एसयूवी की भारत में एक्स शोरूम प्राइस 29.49 लाख रुपये से शुरू होती है। जीप मेरिडियन एक्स स्पेशल एडिशन की बुकिंग देशभर में जीप डीलरशिप शुरू हो गई है। आप इसकी तत्काल डिलीवरी करा सकते हैं। इंजन-पावर और फीचर्स की बात करें तो इस फुलसाइज एसयूवी में 1956 सीसी का इंजन दिया गया है, जो कि 172.35 बीएचपी की मैक्सिमम पावर और 350 न्यूटन मीटर का पिक टॉर्क जेनरेट करता है। इस 7 सीटर को 4व्हील ड्राइव और फ्रंट व्हील ड्राइव ड्राइवट्रेन विकल्प के साथ पेश किया गया है।

### शानदार ड्राइविंग एक्सपीरियंस

जीप मेरिडियन एक्स स्पेशल एडिशन को उबड़-खाबड़ रास्तों के साथ ही शहरों में मक्खन जैसी सड़कों पर भी सही से चलाने के लिए पेश किया गया है। मौके पर जीप इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर कुमार प्रियेश ने कहा कि मेरिडियन हमारी इनोवेशन और बेहतरी से जुड़ी प्रतिबद्धताओं को निरंतर दिखाती है। ये कमिटमेंट ग्राहकों को अपने प्रोडक्ट्स के जरिये शानदार ड्राइविंग एक्सपीरियंस देने से जुड़ा है। अब काफी सारी ऐक्सेसरीज ऑफर करते हुए हम ग्राहकों को मेरिडियन के दोहरे व्यक्तित्व से रूबरू करा रहे हैं।

# एयर इंडिया के कई विमानों में किया जाएगा सुधार : कैम्पबेल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया 100 से अधिक विमानों में बदलाव करेगी, जिनमें 40 बड़े आकार के विमान शामिल हैं। विमानों में नवीनीकरण के लिए करीब 25 हजार सीट का ठेका भी दिया गया है।

कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कैंपबेल विल्सन ने बुधवार को सीएपीए इंडिया एविएशन समिट को संबोधित करते हुए कहा कि एयर इंडिया अपने 100 से ज्यादा विमानों में सुधार करेगी।

**एयर इंडिया में परिवर्तन के हिस्से के रूप में बहुत सी चीजें चल रही हैं**

कंपनी के सीईओ ने एयरलाइन उद्योग की लागत के बारे में कहा कि हवाई किराया समग्र मुद्रास्फीति की तुलना में कम ही रहे हैं। उन्होंने कहा कि एयर इंडिया में परिवर्तन के हिस्से के रूप में बहुत सी चीजें चल रही हैं। विल्सन ने कहा कि एकीकरण, विकास, अनुकूलन और ग्राहक अनुभव पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

टाटा समूह अपने विमानन कारोबार को मजबूत करने के लिए एआईएस कनेक्ट (पूर्व नाम एयरएशिया इंडिया) का एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ और विस्तारा का एयर इंडिया के साथ विलय कर रही है।

## ग्राहकों की दूसरी पसंद बनकर उभरा ओला एस1

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ने स्कूटर मार्केट में धुंआ-धुंआ तक दिया है। जी हां, इस साल अप्रैल में इलेक्ट्रिक स्कूटर्स की बिक्री की रफ्तार धीमी जरूर पड़ी, लेकिन मई में ओला इलेक्ट्रिक ने फिर से मोमेंटम पकड़ लिया और महीने भर में 37,191 इलेक्ट्रिक स्कूटर बेच डाले। ओला इलेक्ट्रिक ने ऑफर्स की बरसात कर ग्राहकों के सामने इतने सारे विकल्प दे दिए कि वे टीवीएस, बजाज, ऐथर समेत अन्य कंपनियों के मुकाबले ज्यादा स्कूटर बेचने में कामयाब रही। ओला इलेक्ट्रिक का मार्केट शेयर इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर सेगमेंट में 49 पर्सेंट है, यानी अपने लिए ई-स्कूटर खरीदने वाला हर दूसरा ग्राहक ओला एस1 सीरीज के स्कूटर खरीदता है।बेंगलुरु बेस्ड ओला इलेक्ट्रिक भारतीय बाजार में एस1 सीरीज के तहत प्रीमियम सेगमेंट में ओला एस1प्रो, मिड रेंज में ओला एस1 एयर और एंट्री लेवल सेगमेंट में ओला एस1एक्स जैसे मॉडल बेचती है। ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर्स में 2 किलोवॉट से लेकर 4 किलोवॉट तक की बैटरी लगी है, जिनकी सिंगल चार्ज रेंज 95 ` से लेकर 195 किलोमीटर तक की है। ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर्स लुक और फीचर्स के मामले में भी अच्छी हैं। साथ ही इनकी पावर और स्पीड भी जबरदस्त है।

# 14 जून तक नि:शुल्क अपडेट होगा आधार कार्ड




**एजेंसी। नई दिल्ली**

यदि आपके पास भी 10 साल पुराना आधार कार्ड है और अभी तक अपडेट नहीं कराया तो यह खबर आपके लिए है। सरकार ने आधार अपडेट कराने के लिए 14 जून 2024 की तारीख तय की है। वहीं, 14 जून में कुछ ही दिन बाकी है। इस तारीख तक आप अपने आधार को फ्री में अपडेट करा सकते हैं। अगर आपने अभी तक नहीं करवाया अपडेट तो इस पर जुमार्ना भी लगे तो फिर आधार अपडेट की हालत पैन अपडेट जैसी हो जाएगी। आइए आपको आधार कार्ड अपडेट कैसे करें बताते हैं।

### इन दास्तावेज का होना जरुरी है

**आधार अपडेट के लिए आपको दो जरुरी डॉक्यूमेंट की जरुरत होगी। पहला पहचान पत्र और दूसरा एड्रेस प्रूफ। वैसे आधार अपडेट के लिए आधार सेंटर पर 50 रुपये का शुल्क लगता है लेकिन UIDAI के मुताबिक 14 जून तक यह सेवा फ्री है। पहचान पत्र के तौर पर आप पैन कार्ड और एड्रेस के लिए वोटर कार्ड दे सकते हैं।**

## घर बैठें करें ऐसे अपडेट



- मोबाइल या लैपटॉप से UIDAI की वेबसाइट के जरिए आधार अपडेट आधार के विकल्प पर क्लिक करें।
- इसके बाद आधार नंबर डाले फिर ओटीपी के जरिए लॉगिन करें।
- इसके बाद डॉक्यूमेंट पर क्लिक करें और वेरिफाई करें।
- अब नीचे ड्रॉप लिस्ट से पहचान पत्र और एड्रेस प्रूफ की स्कैन की हुई कॉपी को अपलोड करें।
- इसके बाद सबमिट पर क्लिक कर दें। इसके बाद आपको एक रिक्वेस्ट नंबर मिलेगा और फॉर्म सबमिट हो जाएगा। वहीं, आप रिक्वेस्ट नंबर से आप अपडेट का स्टेटस भी चेक कर सकेंगे।

## निवेशकों को 1 दिन में 12.96 लाख करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली।** मंगलवार को मतगणना के नतीजे की वजह से लगे झटकों के बाद घरेलू शेयर बाजार ने आज जोरदार वापसी की। केंद्र में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने की संभावना से शेयर बाजार 3 प्रतिशत से भी अधिक की तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स ने इंट्रा-डे में 2,655 अंक और निफ्टी ने 875 अंक से अधिक की छलांग लगाई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 3.20 प्रतिशत और निफ्टी 3.36 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

# संजय सेठ की जीत पर राजधानी में निकला भव्य विजय जुलूस

**एजेंसी**

**रांची।** रांची लोकसभा सीट से भाजपा के संजय सेठ ने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की। जिसके बाद बुधवार को सांसद ने जनता प्रति आभार व्यक्त किया। संजय सेठ की जीत पर भाजपा कार्यकताओं ने राजधानी में भव्य विजय जुलूस निकाला किया । फूलों से सजी जीप पर सवार होकर सांसद अपने आवास से निकले। उनके साथ रांची के भाजपा विधायक सीपी सिंह, बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और महिला मोर्चा कार्यकर्ता शामिल थे। सांसद का विजय जुलूस पंडरा के ओटीसी मैदान से होते हुए रातू रोड, अपर बाजार, मेन होकर गुजरा। इस दौरान सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों का सांसद ने हाथ जोड़ कर अभिवादन किया। गौरतलब है कि संजय सेठ 2024 के लोकसभा चुनाव में भी शानदार जीत दर्ज की है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को एक लाख से भी अधिक मतों से हराया। इसके पहले 2019 में संजय सेठ ने कांग्रेस के ही सुबोध कांत सहाय को हरा कर पहली बार सांसद बने थे। 2019 में भाजपा ने सीटिंग सांसद रामटहल चौधरी का टिकट काट कर मैदान में उतारा था। संजय सेठ दोनों बार भाजपा की उम्मीदों पर पूरी तरह से खरे उतरे हैं।

1




## कालीचरण का तोरपा में स्वागत



खूंटी से नवनिर्वाचित कांग्रेस के सांसद कालीचरण मुंडा का बुधवार को तोरपा पहुंचने पर कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। मौके पर कालीचरण मुंडा ने कहा कि क्षेत्र का विकास और जन समस्याओं का निराकरण उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि उनकी यह जीत खूंटी संसदीय क्षेत्र की जनता की जीत है। नव निर्वाचित सासंद ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने इंडी गठबंधन और कांग्रेस पर भरोसा जताया। इसके लिए वे मतदाताओं का आभारी हैं। कालीचरण मुंडा कांग्रेस नेता पीटर मुंडू, मदन मिश्रा आदि के साथ सिमडेगा जाने के क्रम में कुछ देर के लिए तोरपा में रुके थे। इंडी गठबंधन के कार्यकताओं ने थाना गेट कें सामने उनका स्वागत किया और जुलूस के रूप में उन्हें ब्लॉक गेट तक ले गये। मौके पर कांग्रेस के तोरपा प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता, कैसर खान, इमरान अंसारी, कुणाल कच्छप, रोहित सुरीन, जॉन कंडुलना, पवन साहू, परवेज खान सहित काफी संख्या में महिला-पुरुष कार्यकर्ता मौजूद थे।



2



तस्वीर 1: विजय जुलूस के दौरान राष्ट्रीय नवीन मेल की प्रति का प्रदर्शन करते नवनिर्वाचित सांसद संजय सेठ व विधायक सीपी सिंह। तस्वीर 2 : समाजसेवी कृष्णा सिंह एवं भाजपा पंडरा मंडल की अध्यक्षा अंबालिका तिवारी, माला कुमारी, सोनी कुमारी सुनीता देवी, ममता देवी, मधु सिंह, बबीता सिंह, संगीता मुंडा, सरिता रानी सहित अनेकों महिलाओं संजय सेठ को दी बधाई।



संजय सेठ के विजय जुलूस में हनुमान और पारंपरिक वेशभूषा व अस्त्र-शस्त्र के साथ पहुंची महिलाएं।

# खूंटी और लोहरदगा के नवनिर्वाचित सांसदों का कांग्रेस भवन में भव्य स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में खूंटी और लोहरदगा लोकसभा के नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद कालीचरण मुंडा एवं सुखदेव भगत का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और अध्यक्ष राजेश ठाकुर मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने दोनों नवनिर्वाचित सांसदों को गुलदस्ता देकर माला पहनाकर एवं संविधान की प्रति देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में गुलाम अहमद मीर ने कहा कि इस बार के चुनाव में इंडिया गठबंधन का जो मुद्दा रहा, वह आम आदमी के लिए था, उनके अधिकारों को बचाने की लड़ाई थी,संविधान की रक्षा की लड़ाई थी, हमने आपके सहयोग से सभी सीटों पर अच्छी लड़ाई लड़ी, हमें उम्मीद ज्यादा थी, लेकिन हम थोड़े कम रहे। लक्ष्य से जो कम सीटें हमने पाई, उसकी हम




सुक्ष्मता से अध्ययन करेंगे ताकि उन कमियों को भविष्य में दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जिन जिन को जिम्मेवारियां दी गई थी उसकी पूरी समीक्षा की जाएगी और जो जिम्मेवारियों को निर्वहन में सफल नहीं रहे, उस पर भी संज्ञान लिया जाएगा। जिन लोगों ने चुनाव में अच्छा कार्य किया है, उनको चिह्नित करके उन्हें उचित सम्मान दिया जाएगा और जिन्होंने पार्टी से पद प्रतिष्ठा प्राप्त करने के बाद भी उदासीनता दिखाई उनकी पहचान की की जाएगी। राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड की जनता ने हमें सम्मान दिया है ।देश की संसद में अपनी आवाज बुलंद करने के लिए कांग्रेस के नुमाइंदों को अपना प्रतिनिधि चुना है और सर्व समाज की अवधारणा को मजबूत करते हुए सिर्फ क्षेत्र विशेष की नहीं, बल्कि पूरे झारखंड की जनता की ये आवाज बनेंगे। हम उम्मीद से संख्या बल थोड़ा कम मिला है लेकिन जो भी मिला पूरा मजबूत मिला। इंडिया गठबंधन मजबूती के साथ जनता के हक की आवाज उठाती रहेगी और झारखंड के लिए देश के सदन में अपनी आवाज इनके माध्यम से बुलंद रखेगी। लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि यह जीत जनता की जीत है,राहुल गांधी के प्रयासों की जीत है। चुनाव एक जंग की तरह है और सबके सामूहिक प्रयास से तथा प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में इस चुनाव में हमने सफलता पाई है। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जितनी बड़ी जीत होती है उतनी बड़ी जिम्मेवारी होती है और मैं अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन बखूबी करूंगा।
खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि मैं कांग्रेसी हूं और कांग्रेस पार्टी ने मुझे बहुत कुछ दिया है ,कांग्रेस के दिए सम्मान को मैं भूल नहीं सकता और अब जो जिम्मेदारी मुझे मिली है उसे निभाने में कोई कसर नहीं छोडूंगा। खूंटी की जनता का सामाजिक संगठनों का खूंटी के नेताओं कार्यकताओं का इंडिया गठबंधन के साथियों का मैं आभार व्यक्त करता हूं यह मेरी नहीं उनकी जीत है।

## पृष्ठ एक के शेष

**एनडीए की बैठक में नेता चुने गये...**
को चुना है। हम सभी को गर्व है कि 2024 का लोकसभा चुनाव एनडीए ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एकजुटता से लड़ा और जीता। हम सभी एनडीए के नेता नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुनते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में पीएम आवास पर हुई बैठक में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बिहार के मुख्यमंत्री एवं जेडीयू नेता नीतीश कुमार, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एवं शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता एकनाथ शिंदे, टीडीपी मुखिया चंद्रबाबू नायडू, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) से चिराग पासवान, एनसीपी (अजित पवार गुट) से प्रफुल्ल पटेल एवं सुनील तटकरे, अपना दल (एस) से अनुप्रिया पटेल, आरएलडी से जयंत चौधरी, जेडीएस से एचडी कुमारस्वामी, जनसेना पार्टी से पवन कल्याण, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा से जीतन राम मांझी, असम गण परिषद से अतुल बोरा, आजसू से सुदेश महतो, जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह एवं जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव संजय झा सहित एनडीए में शामिल अन्य सहयोगी दलों के भी कई नेता मौजूद रहे।

**राष्ट्रपति ने तत्काल प्रभाव से...**
कैबिनेट की सलाह स्वीकार कर ली और संविधान के अनुच्छेद 85 के खंड (2) के उप-खंड (बी) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 17वीं लोकसभा को भंग करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

**दूषित पर्यावरण के कारण अनेक...**
सिटी अस्पताल में किया गया था। अध्यक्षता कर रहे लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के अध्यक्ष डॉक्टर प्रवीण सिद्धार्थ ने कहा कि जीवन के लिए जैसे हम दो हमारे दो, का नारा है उसमें हमारे दो वृक्ष को भी आवश्यक रूप से जोड़ लेना चाहिए, तभी मानव जीवन सफल होने के साथ आने वाला भविष्य को स्वस्थ रख पाएंगे। वर्तमान समय में दूषित पर्यावरण के कारण अनेक समस्याएं हो रही है। तापमान बढ़कर कहां से कहां पहुंच गया है। पशु पक्षी आए दिन प्यास बुझाने के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि नदी, तालाब सब सूख गया है। पीने का पानी तक को 400-500 फीट नीचे से बोरिंग कर लिया जा रहा है जो स्वास्थ्य के लिए भी नुकसानदायक है। 20 साल पहले 25-30 फीट के कुएं का पानी पीकर लोग स्वस्थ रहते थे। इस तरह की समस्याओं से जूझ रहें हैं लेकिन इसके लिए कोई सार्थक प्रयास नहीं कर रहे हैं। सभी को शपथ लेना चाहिए कि परिवार का हर सदस्य अपने से कम से कम दो वृक्ष लगाए व उसकी रक्षा करें। लायंस डॉक्टर रवीश कुमार ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण जवाबदेही है। इसका सबसे सरल उपाय यह है कि पशु पक्षियों के रक्षा के साथ अधिक से अधिक आक्सीजन देने वाला वृक्ष पीपल, बरगद, नीम जैसे वृक्ष को लगाएं व उसे बड़ा होने तक उसकी देखभाल करें। लायंस महिला शक्ति एडवोकेट लिली मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण को लेकर कार्यक्रमों का मीडिया व अखबार में पढ़ने को हमेशा मिलते हैं, लेकिन वास्तव में कार्य उतना किया नहीं जा रहे हैं। परिणाम स्वरूप नतीजा सामने है। मंच संचालन नीलेश चंद्र ने किया। मौके पर लायनेस पुष्पा चंद्र, प्रियंका आनंद साहू,अनुराधा मिश्रा, श्वेता सुमन, लायंस सुमित पाठक, फिरोज अंसारी, ऋषिकेश दुबे, नवीन पांडेय, रोहित जैन, आनंद वर्धन, परिमल प्रसून, डा. उदय कुमार, डा., अभय कुमार, रंजीत कुमार मिश्रा मौजूद।

**उन दलों का स्वागत है, जो संविधान...**
ताकत से लड़े। आप सबको बधाई। कांग्रेस अध्यक्ष के मुताबिक 18वीं लोकसभा चुनाव का जनमत सीधे तौर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ है। चुनाव उनके नाम और चेहरे पर लड़ा गया था और जनता ने भाजपा को बहुमत नहीं देकर उनके नेतृत्व के प्रति साफ संदेश दिया है। व्यक्तिगत रूप से मोदी जी के लिए यह न सिर्फ राजनीतिक हार है, बल्कि नैतिक हार भी है। हम सब उनकी आदतों से वाकिफ हैं। वो इस जनमत को नकारने की हरसंभव कोशिश करेंगे। खरगे ने कहा, ₹हम यहां से यह भी संदेश देते हैं कि इंडिया गठबंधन उन सभी राजनीतिक दलों का स्वागत करता है जो भारत के संविधान की प्रस्तावना में अटूट विश्वास रखते हैं और इसके आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों से प्रतिबद्ध हैं। बुधवार शाम हो रही इंडिया गठबंधन की बैठक में मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अखिलेश यादव, अभिषेक बनर्जी, सीताराम येचुरी, एमके स्टालिन, संजय सिंह, शरद पवार, तेजस्वी यादव, प्रियंका गांधी वाड्रा आदि शामिल हुए। इंडिया गठबंधन ने बैठक अपनी आगे की रणनीति तय करने के लिए बुलाई है। गौरतलब है कि कांग्रेस पार्टी समेत इंडिया गठबंधन को लोकसभा चुनाव में 234 सीटें हासिल हुई है। दूसरी ओर भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन ने स्पष्ट बहुमत हासिल करते हुए 292 सीटें जीती हैं।

**आरओबी का निर्माण करना पहली...**
कि समय-समय पर जो चीजें महसूस किये हैं, उसके लिए लगातार प्रयास करेंगे। पेयजल संकट पर उन्होंने कहा कि फेज टू की योजना साढ़े चार साल बाद पारित हुआ है। इसके लिए टेंडर निकालने का काम हो गया है। भूमि संरक्षण का काम भी हो गया। अब शीघ्र इस पर काम शुरू होने वाला है। उन्होंने कहा कि सोन, कोयल, ओंरगा नदी से पानी निकट के जलाशयों में भरने का काम होगा। इसके लिए भी योजना पारित हो गया है। उन्होंने कहा कि इससे भी बड़ी बात है कि मंडल डैम अब तक के प्रयास के बावजूद लंबित था। उसे पुनर्जीवित करने का काम भाजपा ने किया है। जिनका जमीन डूब क्षेत्र में गया है उनके लिए पुनर्वास और कंपनसेशन का पैसा केंद्र सरकार द्वारा भेज दिया गया है। अब राज्य सरकार यह डिसाइड करेगी कि उसे कब देना है। या उसे किस्तों में देना है। इसके लिए प्रक्रिया चल रही है। शीघ्र ही इस पर निर्णय ले लिया जाएगा। इसके बाद यह योजना जब चालू हो जाएगा तब पानी का दिक्कत नहीं रहेगा। शहर का जल स्तर ऊपर आएगा। उन्होंने कहा कि 13 में से 12 पाया कंप्लीट हो गया है। 2 महीना के अंदर काम चालू हो जाएगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पलामू की जनता उन्हें दिल से चाहा है, तभी वह तीसरी बार यहां से निर्वाचित हुए हैं। इसमें असंतोष का कहीं कोई सवाल नहीं है। जो आदमी काम करेगा उसके प्रति कुछ न कुछ अपेक्षाएं लोगों को रहती है। जनता के प्यार और उनके अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। पूरे 5 साल तक क्षेत्र के विकास के बारे में कार्य योजना बनाना और समस्याओं से निजात दिलाना है। इसके लिए वह लगातार प्रयास करेंगे। साथ ही सदन में पलामू की आवाज को उठाते रहेंगे। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि पार्टी समीक्षा कर रही है कि झारखंड में आदिवासी बहुल सीट को क्यों लूज कर गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के बारे में भ्रम फैलाने का काम किया गया है। जनता बहकावे में आ गई। भोले भाले जनता को यह बताया गया कि उनकी जमीन चली जाएगी। संविधान बदल दिया जाएगा। यही कारण है कि हम इन सीटों पर जीत नहीं पाए। पलामू संसदीय क्षेत्र के संयोजक विपिन बिहारी सिंह ने कहा कि यह जीत आम जनता की जीत है। 10 साल तक पलामू के सासंद के रूप में वीडी राम ने जो काम किया यह जीत उसी का प्रतिफल है। नतीजा यह है कि उन्हें अपार बहुमत से यह विजय श्री मिली है। जिला अध्यक्ष अमित कुमार तिवारी ने चुनाव में लगे सभी कार्यकर्ताओं और यहां की जनता को बधाई दिया है। उन्होंने कहा कि यह जीत आम जनता की जीत है। बुद्धिजीवियों की जीत है। डालटनगंज भंडारिया क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया ने भी क्षेत्र की जनता को बधाई दिया। वरिष्ठ भाजपा नेता रामनारायण दुबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीति प्राथमिकता के आधार पर काम करने वाले सभी कार्यकता अभार के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि यह उन सभी लोगों की जीत है, जिन्होंने भाजपा के प्रत्याशी वीडी राम को जीताया है। मौके पर अविनाश वर्मा, दुर्गा जौहरी, उदय शुक्ला, ज्योति, शिवकुमार मिश्र समेत कई वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित थे।

**बाली रिसॉर्ट में बंधक बना बांग्लादेशी...**
अंधेरे में तार काट कर बार्डर क्रॉस कराया गया था।
**अभी भी तीन अन्य लड़कियों का रेस्क्यू करना बाकि :** पूछताछ में इन तीनों लड़कियों ने बताया कि इनके साथ तीन और लड़कियां बांग्लादेश से आयी थीं, जो रांची में ही किसी मनीषा रॉय के साथ कहीं छिपी हुई हैं। इनके नाम परवीन, झुमा और हासी अख्तर हैं। रेस्क्यू की गई तीनों लड़कियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

## न्यूज | बॉक्स



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर धुर्वा रांची में पौधारोपण के बाद झारखंड आई ए एस ऑफिसर्स वाइफ्स एसोशियेशन के पदाधिकारी कलाकारो के साथ।

### एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड ने पौधरोपण अभियान के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

**रांची ।** एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के संस्थापक अध्यक्ष और चांसलर के दृष्टिकोण और मिशन को ध्यान में रखते हुए, इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के आदेश के तहत एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी (एआईबी) और एमिटी स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन (एएससीओ) ने बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण अभियान चलाया। एमिटी विवि के कुलपति डॉ अशोक के. श्रीवास्तव ने पौधरोपण करते हुए अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पेड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और सभी शिक्षकों एवं सहकर्मियों को अपने कार्यस्थलों एवं निवासस्थल पर कम से कम दो पौधे लगाने का सुझाव दिया। इस अभियान में रजिस्ट्रार प्रभाकर त्रिपाठी, डीन (अकादमिक) डॉ अजीत कुमार पांडे और डॉ निशांत मणि के साथ-साथ विभिन्न फैकल्टी सदस्यों और छात्रों की सक्रिय भागीदारी रही।



### बीआईटी मेसरा लालपुर कैंपस में किया गया पौधरोपण

**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस पर बीआईटी मेसरा लालपुर केंद्र में बुधवार को पौधरोपण किया गया। इस दौरान गुलमोहर के विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। केंद्र की निदेशक डॉ वंदना भट्टाचार्य ने कहा कि हर मनुष्य यदि अपने जीवनकाल में एक पौधा लगाए, तो धरा की सुंदरता और बढ़ जाएगी। अपने जीवन में एक पौधा जरूर लगाएं। डॉ प्रणव कुमार ने पौधरोपण करने और उनको संरक्षण देने की बात कही। उन्होंने इस दिवस की महता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ संदीप नाथ शाहदेव, डॉ विनोद कुमार शर्मा, डॉ अमृता सरकार, डॉ मानसी गुप्ता, सुभाशीष रॉय, मनोज कुमार, अनामिका कुमारी, सरिता तिग्गा, मिनी दुबे, ऐलिस टोप्पो, सोनी कुमारी, अजय कुमार, बासुदेव सिंह, डॉ महुआ बनर्जी, राणा प्रताप मिश्रा और बिनोद कुमार उपस्थित थे।

### एसआर डीएवी पुंदाग में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया

**रांची।** एस. आर. डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, पुंदाग के प्रशस्त प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने ' पर्यावरण संरक्षण ' विषय पर आकर्षक पोस्टर बनाए तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्राचार्य एस.के.मिश्र ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यालय परिसर में उपस्थित विद्यार्थियों तथा शिक्षिकाओं के संग मिलकर प्रदूषण नियंत्रण हेतु विद्यालय की वाटिका में वृक्षारोपण किया ,साथ ही संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निर्धारित विश्व पर्यावरण दिवस 2024 के विषय ' भूमि बहाली,मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता ' के संबंध में जानकारी साझा किया।उन्होंने बताया कि पूरा विश्व जिस 'ग्लोबल वार्मिंग' की समस्या से जूझ रहा है,उसका एक मात्र समाधान वृक्षारोपण है। इसलिए हम सबको अपने आस - पास अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। सभा में बड़ी संख्या में शिक्षक,शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के विज्ञान विभाग का विशेष योगदान रहा।

### पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पति दोषी करार

**रांची।** अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की कोर्ट ने बुधवार को पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपित पति मोहम्मद सद्दाम को दोषी ठहराया है। दोषी की सजा के बिंदु पर कोर्ट 12 जून को सुनवाई करेगी। मामले के एक आरोपित मोहम्मद असलम को अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। उल्लेखनीय है कि यह मामला अनगड़ा थाना क्षेत्र से जुड़ा है। बताया जाता है कि मो. सद्दाम की पत्नी ने वर्ष 2018 में आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद मोहम्मद सद्दाम पर पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया था। इसे लेकर अनगड़ा थाना में कांड संख्या 22/2018 थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### जमीन घोटाला मामले में आरोपित अफसर अली की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 22 को

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले के आरोपित मोहमद अफसर अली की जमानत याचिका पर बुधवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत सुनवाई हुई। अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है। अब पीएमएलए कोर्ट में अगली सुनवाई 22 जून को होगी। अफसर अली की ओर से 14 मई को जमानत की गुहार अदालत से लगाई गई थी। उल्लेखनीय है कि 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में ईडी ने उसे 17 अप्रैल को कोर्ट की अनुमति पर गिरफ्तार किया था। अफसर बरियातू में सेना की 4.5 एकड़ जमीन घोटाले में भी आरोपित है। इस मामले में उसकी जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। अफसर अली जमीन की फर्जी दस्तावेज बनाने का मास्टरमाइंड था। सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन फजीर्वाड़ा मामले में 14 अप्रैल, 2023 को ईडी ने उसे गिरफ्तार किया था। उसी समय से वह जेल में है। बड़गाई की 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित 11 आरोपितों को ईडी ने गिरफ्तार किया है।

### पर्यावरण संरक्षण जैव विविधता के लिए महत्वपूर्ण : प्रिया बागची

**रांची ।** उषा मार्टिन फॉउंडेशन के माध्यम से गांवों में वनों की कटाई से निपटने, जैव विविधता विकास, भूमि पुनर्स्थापन और समुदाय के भीतर पर्यावरण जागरूकता का अभियान शुरू किया गया है। अनगड़ा प्रखंड के मासू और उलातू गांवों में जन सहभागिता के माध्यम से पौधरोपण कार्यक्रम शुरू किया गया। इस अवसर पर उषा मार्टिन की प्रबंधक प्रिया बागची ने कहा, फॉउंडेशन का लक्ष्य केवल पौधा रोपना नहीं है, बल्कि ग्रामीणों को उनकी देखभाल, बचाव और विकास करने के तरीके के बारे में ज्ञान साझा करना है। ग्रामीणों की प्रतिबद्धता की भावना को बढ़ना ही इस पर्यावरण दिवस का उद्देश्य है। इस अवसर पर सामुदायिक स्तर पर करीब 50 पौधों का रोपण किया गया औरे 100 से अधिक पौधें ग्रामीणों के बीच वितरित किए गए। मासू गांव के सरपंच मदरा मुंडा ने कहा कि जल जीवन बचाने के लिए हर इंसान को पेड़ लगाना जरूरी है। ग्राम प्रधान देवराज पहान ने कहा कि हमारी जिम्मेदारी केवल पेड़ लगाना ही नही है, बल्कि जिस तरह पालन बच्चों को लालन-पालन करते है ठीक उसी तरह पौधों का लालन-पालन करना है, ताकि पेड़ को बचाया जा सके। उषा मार्टिन फॉउंडेशन की ओर से गांवों में वृक्षारोपण का अभियान चलाया जाएगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com




नई दिल्ली में विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री ने बुद्ध जयंती पार्क में पौधरोपण करते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरूआत की। मौके पर पीएम के साथ केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव और दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना भी मौजूद रहे।

# बंगाल में चुनाव के बाद हिंसा शुरू

## कई इलाकों में भाजपा समर्थकों के घरों पर 'हमला'

एजेंसी

**कोलकाता ।** लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं। बीती रात सूबे के कई इलाकों में भाजपा कार्यकताओं और उनके घरों पर हमले हुए हैं। कुछ मामले तो पुलिस में रिपोर्ट भी हुए हैं।

उत्तर 24 परगना के बैरकपुर में बीती देर रात तृणमूल कांग्रेस की विजय रैली के दौरान भाजपा कार्यकर्ता के घर पर हमला हुआ। तृणमूल उम्मीदवार पार्थ भौमिक की जीत के बाद बैरकपुर नगरपालिका के वार्ड नंबर 24 के तृणमूल कार्यकताओं ने विजय जुलूस निकाला था। आरोप है कि विजय जुलूस के दौरान भाजपा कार्यकर्ता बाबू नाग के घर में तोड़फोड़ की गई। उस समय बाबू घर पर नहीं थे। वहां उनकी मां, पत्नी और बच्चे थे। जब बाबू नहीं मिला तो उसके घर पर कांच की



बोतलें और ईंटें फेंकी गईं। भाजपा कार्यकर्ता के परिजनों ने कहा कि पार्थ भौमिक की जीत की घोषणा के बाद विजय जुलूस की ओर से हमारे घर पर हमला किया गया। महिलाओं के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। उत्तर 24 परगना के मध्यमग्राम में भी बीती देर रात भाजपा समर्थकों के कई घरों में तोड़फोड़ की गई। आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस अपराधियों को पनाह दे रही है। बारासात लोकसभा सीट पर इस बार भी तृणमूल की काकली घोष दस्तीदार ने जीत हासिल की है। कथित तौर पर काकली की जीत पक्की होने के बाद मध्यमग्राम के नेताजीपल्ली में कई भाजपा समर्थकों के घरों पर हमला किया गया। बीती रात नेताजी पल्ली में भाजपा समर्थकों के घर पर हमला हुआ। हमलावरों ने लोहे की रॉड, बांस और बंदूक से निवासियों को आतंकित किया। इलाके में भाजपा पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़ की कोशिश की गई।

### न्यूटाउन में भाजपा कार्यकर्ता के घर पर हमला और बाइक में तोड़फोड़ की घटना हुई

कथित तौर पर कई लोगों की पिटाई की गई। जादवपुर लोकसभा क्षेत्र में अनिर्बान गांगुली के पोलिंग एजेंट समीर मिस्त्री के घर में तोड़फोड़ को लेकर दक्षिण 24 परगना के नरेंद्रपुर में तनाव फैल गया। नरेंद्रपुर के खेयादह के खुदीराबाद में समीर मिस्त्री डर के कारण बेघर हैं। हालांकि नरेंद्रपुर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की गई है लेकिन फिलहाल आरोपित लापता हैं। कहा जा रहा है कि नतीजे घोषित होने के बाद समीर के घर पर हमला किया गया। समीर की पत्नी और मां से गाली-गलौज की गई। उस वक्त समीर घर पर नहीं थे। हालांकि हमले से इनकार करते हुए तृणमूल ने इसे भाजपा खेमे के गुटीय संघर्ष को जिम्मेदार ठहराया है। बीती रात हावड़ा के डोमजूर थाना अंतर्गत के तहत जोधगिरी इलाके में भाजपा कार्यकर्ता स्वरूप धारा ने आरोप लगाया कि बीती रात करीब 12:30 बजे तृणमूल से जुड़े बदमाशों ने उनके घर पर धावा बोल दिया। आरोप है कि घरों में तोड़फोड़ की गई और बम फेंके गए। घटना से पूरा परिवार डरा हुआ है। सोनारपुर के ख्याड़ा में भाजपा के पोलिंग एजेंट के घर में तोड़फोड़ और मारपीट का आरोप तृणमूल पर लगा है। न्यूटाउन में भाजपा कार्यकर्ता के घर पर हमला और बाइक में तोड़फोड़ की घटना हुई है। कथित तौर पर बीती रात 12-14 लोगों ने भाजपा कार्यकर्ता के घर पर हमला कर दिया। खिड़की का शीशा टूटा हुआ था। दो बाइकें भी तोड़ दी गईं।

## पीएम मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए की जीत पर चीन ने बधाई दी

एजेंसी

**बीजिंग।** चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने बुधवार को नियमित प्रेस वार्ता में कहा कि भारत के आम चुनाव के परिणाम निकले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन ने आम चुनाव में जीत हासिल की है। चीनी पक्ष इस पर बधाई देता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व स्थिर चीन भारत संबंध दोनों पक्षों के समान हित में है और इस क्षेत्र, यहां तक कि पूरे विश्व की शांति व विकास के लिए लाभदायक भी है। चीन भारत के साथ समान कोशिश कर दोनों देशों व दोनों देशों की जनता के मूल हितों से आम स्थिति पर ध्यान देते हुए भविष्य के उन्मुख द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाएगा।

## नवीन पटनायक ने ओडिशा के मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद बुधवार को राज्यपाल रघुबर दास से मुलाकात की और अपना इस्तीफा सौंप दिया। सीएम पटनायक अपने दो दशक से अधिक लंबे राजनीतिक करियर में पहली बार विधानसभा में विपक्ष की बेंच पर बैठेंगे। पटनायक बुधवार सुबह राज्यपाल के घर गए और अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की पटनायक के आवास पर एक बैठक हुई जिसमें भविष्य की रणनीति पर चर्चा की गई। पटनायक ने पहली बार 5 मार्च, 2000 को ओडिशा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। तब उनकी पार्टी अपने पिता और पूर्व सीएम बीजू पटनायक की लोकप्रियता पर सवार होकर सत्ता में आई थी।

## अयोध्या से भाजपा हारी नहीं, बुजुर्ग और दलित को दिया सम्मान : जगतगुरु परमहंस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे सामने आने के बाद जीत-हार को लेकर हर जगह मंथन का दौर जारी है। हर कोई चकित है कि आखिर अयोध्या जैसी सीट पर भारतीय जनता पार्टी को क्यों शिकस्त मिली। इसी बीच अयोध्या से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के हारने को लेकर तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगतगुरु परमहंस आचार्य ने बड़ा बयान दिया है। जगतगुरु परमहंस आचार्य ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अयोध्या में भारतीय जनता पार्टी हारी नहीं है, इसके पीछे एक रहस्य है। भाजपा ने जानबूझकर अयोध्या की सीट छोड़ी है। इसका कारण यह था कि गठबंधन ने यहां से एक



*अयोध्या की हार में देखें भगवान राम की शिक्षा पार्टी में दलितों का सम्मान सर्वोपरि*

दलित व्यक्ति को टिकट दिया था। जो अत्यंत बुजुर्ग हैं, इतने बुजुर्ग हैं कि ये समझिए कि उनका साल और 6 महीने चलना मुश्किल है। भारतीय जनता पार्टी में बुजुर्गों और दलितों का सम्मान सर्वोपरि है। उन्होंने रामायण का जिक्र करते हुए कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के समय रामराज था। उस वक्त भगवान राम प्रत्येक व्यक्ति की खबर रखते थे, चारों तरफ देखते थे, किसी को कोई कष्ट तो नहीं है। उस समय पता चला है कि एक दलित ने कहा था, मैं चाहता हूं भगवान राम सीता का परित्याग कर दें। तो, प्रभु श्रीराम ने सीता का परित्याग कर दिया था।

उस वक्त मंथरा ने कहा था कि भगवान राम को 14 साल के लिए वनवास पर जाना चाहिए। उन्हें जब यह पता चला था कि मंथरा ने कहा है जो कि एक दलित महिला थी तो प्रभु श्रीराम खुशी-खुशी 14 साल के लिए वन चले गए। माता शबरी के जूठे बेर भी खाए।

लगा बधाईयों का तांता

## जूनियर एनटीआर ने चंद्रबाबू नायडू व बालकृष्ण को दी बधाई

एजेंसी

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश विधानसभा और लोकसभा चुनाव में चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस मौके पर टॉलीवुड के जाने-माने एक्टर जूनियर एनटीआर ने पार्टी के अध्यक्ष एन. चंद्रबाबू नायडू को बधाई दी।

एक्टर ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने चाचा चंद्रबाबू नायडू को 'हार्दिक बधाई' दी। उन्होंने कहा कि यह जीत आंध्र प्रदेश को विकास की राह पर आगे ले जाएगी। जूनियर एनटीआर ने चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश को भी जीत के



*नायडू के बेटे नारा लोकेश को भी जीत के लिए बधाई दी।*

लिए बधाई दी। बता दें कि टीडीपी नेता लोकेश ने मंगलगिरी विधानसभा क्षेत्र से 90,000 से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत हासिल की।

## भारत-नेपाल हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट पूरा होने के करीब, पीएम प्रचंड ने किया साइट का दौरा

एजेंसी

**काठमांडू ।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने संखुवासभा जिले में 900 मेगावाट अरुण-3 जलविद्युत परियोजना (हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट) की 11.8 किलोमीटर लंबी हेड रेस टनल के लिए उत्खनन का काम पूरा होने के बाद साइट का दौरा किया। अरुण-3 जलविद्युत परियोजना का निर्माण एसजेवीएन अरुण-3 पावर डेवलपमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (एसएपीडीसी) कर रही है। यह एसजेवीएन की मालिकाना हक वाली सहायक कंपनी है।



एसएपीडीसी एसजेवीएन और नेपाल सरकार के बीच एक महत्वपूर्ण सहयोग है। इसका मकसद अरुण नदी बेसिन में सतत जलविद्युत उत्पादन से क्षेत्रीय ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाना है। सुरंग निर्माण कार्य के शुभारंभ समारोह में नेपाल के ऊर्जा, जल संसाधन एवं सिंचाई मंत्री शक्ति बहादुर बस्नेत, नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव, एसजेवीएन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुशील शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। सीएमडी ने प्रधानमंत्री को परियोजना की प्रगति और इससे संबंधित 217 किलोमीटर लंबी ट्रांसमिशन लाइन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने आगे कहा कि परियोजना का 74 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। शेष काम तेजी से जारी है। अरुण-3 जल विद्युत परियोजना अगले साल तक बिजली उत्पादन शुरू कर देगी और इसमें हर वर्ष 3,924 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन की क्षमता है।

जश्न का माहौल

## तृणमूल ने राज्य की 42 लोकसभा सीटों में से 29 पर जीत हासिल की

# ममता ने अपने दम पर जीता बंगाल, विपक्ष ढेर

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर अपने मंझे हुए राजनीतिक अनुभव को लोकसभा चुनाव में साबित किया है। उन्होंने केवल भाजपा के सपने को चकनाचूर किया, बल्कि अपने बलबूते बिना किसी सहयोगी दल के बंगाल के किले पर फतह बरकरार रखी है। तृणमूल ने राज्य की 42 लोकसभा सीटों में से 29 पर जीत हासिल की है। पार्टी ने भाजपा को पिछली बार की 18 सीटों से पीछे धकेल कर उसे 12 तक ही सीमित कर दिया।

भाजपा को 39 प्रतिशत से भी कम वोट मिले। हालांकि, दीदी ने जीत का श्रेय राज्य की जनता को दिया और चुनावी नतीजों को बंगाल के विरोधियों को जनता का ठेंगा करार दिया, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि ममता का राजनीतिक करिश्मा उनके समर्थकों के विश्वास को बनाए रखने में कहीं अधिक काम आया। बनर्जी अपनी व्यक्तिगत लोकप्रियता के अलावा जिस कारण से जीत को बरकरार रखने में कामयाब रहीं, वह है लाभार्थी राजनीति। इसे उन्होंने राज्य में अपने कार्यकाल के दौरान सक्रिय रूप से अपनाया। इसने विपक्ष के बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोपों और सत्ता-विरोधी ज्वार को कम कर दिया। लक्ष्मी भंडार और कन्याश्री जैसी योजनाओं के लाभार्थियों ने भी बनर्जी को बड़े पैमाने पर समर्थन दिया।

उन्होंने इस तथ्य को नजरअंदाज कर दिया कि तृणमूल प्रमुख के कई नेता जेल में हैं। केंद्रीय जांच एजेंसियां उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी सहित कई अन्य लोगों पर शिकंजा कस रही हैं। केंद्रीय कोष पर प्रतिबंध लगा हुआ है, जिससे राज्य की कल्याणकारी योजनाएं कथित तौर पर पटरी से उतर गई हैं। इस प्रक्रिया में उन्होंने खुले तौर पर पीड़ित कार्ड खेला और बाहरी लोगों से राज्य के लोगों की रक्षक के रूप में अपनी छवि को बढ़ावा दिया।उन्हें शायद 2021 के राज्य विधानसभा चुनावों में भाजपा के जबरदस्त प्रभाव का सफलतापूर्वक प्रतिरोध करने के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाएगा।



### भाजपा की आकांक्षाओं को लगा करारा झटका

इस चुनाव में भाजपा ने अभूतपूर्व प्रचार अभियान चलाकर अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। चुनावी रणनीतियों के कारण तृणमूल 215 सीटों पर पहुंच गई और भाजपा को उसने 77 सीटों तक सीमित कर दिया। हालांकि, भाजपा अपनी पिछली तीन सीटों की संख्या से कई गुना अधिक सीटें हासिल करने में सफल रही और उसने विधानसभा में एकमात्र विपक्ष के रूप में खुद को स्थापित किया, लेकिन राज्य में भाजपा की राजनीतिक आकांक्षाओं को करारा झटका देने का श्रेय बनर्जी और अभिषेक को दिया गया। मौजूदा लोकसभा चुनाव में ममता ने अपने बलबूते पर पश्चिम बंगाल में अपने सबसे मजबूत किले पर पकड़ बरकरार रखी है।

## वाम मोर्चे के खराब प्रदर्शन पर सीएम विजयन ने कहा

### आत्म निरीक्षण करेंगे

एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम।** लोकसभा चुनाव में वाम मोर्चे के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने बुधवार को कहा कि इसका मंथन किया जाएगा। सीएम विजयन ने एक बयान में कहा, 2019 में भी हमें इसी तरह का जनादेश मिला था। हम इस जनादेश को स्वीकार करते हैं और हम आत्म मंथन करेंगे और जरूरी सुधार करेंगे, शासन में गुणवत्ता सुनिश्चित करेंगे। हम लोगों के बीच जाकर उन्हें यह बताएंगे कि सरकार को कैसे बदनाम किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में वाम मोर्चे का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। उसे सिर्फ एक सीट मिली जबकि कांग्रेस नीत यूडीएफ 18 सीटों पर विजयी रहा। भाजपा ने एक सीट पर जीत के साथ पहली बार राज्य में अपना खाता खोला। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के. सुधाकरन ने कन्नूर लोकसभा सीट पर बड़ी जीत के साथ अपनी सांसदी बरकरार रखी। उनकी जीत का अंतर बढ़कर एक लाख के पार हो गया। उन्होंने सवाल किया, आत्म चिंतन के लिए बचा ही क्या है?

सीएम विजयन और सुधाकरन दोनों कन्नूर से ताल्लुक रखते हैं। कॉलेज के दिनों से ही दोनों की प्रतिद्वंद्विता चली आ रही है। सीएम विजयन के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी.डी. सतीशन ने कहा कि त्रिशूर में भाजपा की जीत मुख्यमंत्री और भाजपा के बीच गुप्त समझौते का नतीजा है।